
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

जोहार भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

राज्य स्थापना दिवस



### सीसीटीवी से निगरानी, ऊंची इमारतों पर स्नाइपर्स भी तैनात

# सात लेयर में रहेगी प्रधानमंत्री की सुरक्षा, एसपीजी ने संभाला है मोर्चा

## सड़क किनारे वाहन की पार्किंग पर रोक



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय झारखंड दौरे पर 14 नवंबर को रांची पहुंचे। पीएम रांची और खूंटी में आयोजित कार्यक्रमों में आज हिस्सा लेंगे। कल रात 9 बजे सेना के विशेष विमान से प्रधानमंत्री बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे। रांची एयरपोर्ट से लेकर राजभवन और राजभवन से लेकर खूंटी तक प्रधानमंत्री की 7 लेयर की सुरक्षा लगाई गयी है। तीन लेयर की सुरक्षा एसपीजी के हाथों में है। झारखंड पुलिस और स्पेशल ब्रांच की मौजूदगी में मोदी का काफिला एयरपोर्ट से राजभवन सड़क मार्ग से पहुंचा। प्रधानमंत्री की सुरक्षा में लगे तीन हजार से ज्यादा जवानों, रैफ की कंपनियों के अतिरिक्त तीसरी आंख से भी उनकी सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था दिखी। कंट्रोल रूम में तैनात टीम और ड्रोन से निगाह एयरपोर्ट से राजभवन तक रखी गयी। प्रधानमंत्री की सुरक्षा में आइपीएस के अलावा डीएसपी स्तर के अधिकारी भी लगे रहे।

### ऊंची बिल्डिंग से भी हो रही निगहबानी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुजरने वाले हर रास्ते में पड़ने वाली सभी ऊंची इमारतों पर स्नाइपर्स तैनात किये गये हैं। ऐसे डेढ़ सौ ऊंची भवनों को चिहिन्त कर वहां से निगहबानी की जा रही है।

### दिल्ली के भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में झारखंड पवेलियन का हुआ उद्घाटन

# सूक्ष्म और लघु उद्योग को बढ़ावा देना सरकार का मुख्य लक्ष्य : चंपई सोरेन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**नई दिल्ली/रांची।** दुनिया के सबसे बड़े मेले में एक भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला प्रगति मैदान का मंगलवार से शुभारंभ हुआ। जी-20 समिट के बाद प्रगति मैदान में दूसरा बड़ा आयोजन किया जा रहा है। मेले में इस वर्ष की थीम वसुधैव कुटुंबकम्ब है। इसमें झारखंड प्रदेश फोकस स्टेट के रूप में भाग ले रहा है। झारखंड अपने प्रदेश की गरिमामई उपस्थिति दर्ज करा रहा है। मेले में आज झारखंड के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण सह परिवहन मंत्री चंपई सोरेन ने झारखंड मंडप का उद्घाटन किया। उन्होंने भगवान बिरसा की पूजा अर्चना कर मंडप का शुभारंभ किया। मंत्री ने मंडप की सभी स्टॉल का अवलोकन किया और प्रदर्शित की गई सभी स्टालों को सराहा। इस अवसर पर मंत्री ने कहा की झारखंड प्रदेश अपने खनिज भंडार और संस्कृत के लिए जाना जाता है। हम अपने प्रदेश के सूक्ष्म और लघु उद्योग को बढ़ावा देने का पूर्ण प्रयास कर रहे है।

उन्होंने कहा कि भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला अपनी परंपरा, संस्कृति और क्षेत्रीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने का सुगम पटल है। इस अवसर पर झारखंड सरकार के उद्योग विभाग के सचिव जितेन्द्र कुमार सिंह और उद्योग निदेशक भोर सिंह यादव उपस्थित थे।

बताते चलें कि भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में उद्योग निदेशालय झारखंड सरकार द्वारा बनाए गए इस मंडप में क्षेत्रीय उत्पादों के 20 स्टॉल लगाए गए है। यहां लोग झारखंड से बनी वस्तुओं की प्रदर्शनी और क्रय कर सकेंगे। साथ ही झारखंड सरकार के लगभग 14 विभागों के स्टॉल लगाए गए है। इसमें लोग विभाग के बारे में और योजनाओं की जानकारी ले सकेंगे।



## खबर एक नजर में

### राज्यपाल ने सीएम को दी शुभकामनाएं

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर झारखंड राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी है।

### राज्यपाल ने नेहरू जी को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर राज भवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### झाप्रसे के अधिकारी प्रणव पाल को प्रमोशन

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी प्रणव कुमार पाल को बैक डेट से अपर समाहर्ता के पद पर प्रमोशन दिया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक विभाग की ओर से मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी गयी है। झारखंड हाइकोर्ट की ओर से पारित आदेश और उनके व अन्य छह अधिकारियों के द्वारा प्रमोशन देने के लिए दिए गये आवेदन पर विचार करने के बाद यह निर्णय लिया गया है।

### जेबीसीसीआई की मानकीकरण समिति में होंगे अल्टरनेट मेंबर

**रांची/ कोलकाता।** जेबीसीसीआई मानकीकरण समिति में सभी श्रमिक संगठनों के अल्टरनेट मेंबर (वैकल्पिक सदस्य) होंगे। यह निर्णय मंगलवार को कोलकाता स्थित कोल इंडिया के मुख्यालय में हुई समिति की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कोल इंडिया के निदेशक (कार्मिक) विनय रंजन ने की। समिति की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। रिवाईज्ड एचआरए, ट्रांसपोर्ट सब्सिडी एआउंस संबंधी आदेश निर्गत करने पर सहमति बनी। कई मामलों में ज्वाइंट कमेटी बनाने का निर्णय हुआ। बैठक में विभिन्न यूनियन के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

### जैक सचिव को बनाया प्रतिवादी

# सहायक आचार्य के नियुक्ति विज्ञापन पर रोक लगाने से हाइकोर्ट का इनकार

### जेएसएससी ने सहायक आचार्य के 26001 पदों के लिए निकाला है विज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सहायक आचार्य नियुक्ति के विज्ञापन को चुनौती देने वाली मनी लांग एवं अन्य की याचिका पर सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट ने प्रार्थी की हस्तक्षेप याचिका पर सुनवाई करते हुए सहायक आचार्य के विज्ञापन 13/2023 पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

दरअसल झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन ने प्राथमिक स्कूलों में सहायक आचार्य के 26001 पदों के लिए विज्ञापन निकाला है। मामले में कोर्ट ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के सचिव को प्रतिवादी बनाते हुए चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई जनवरी 2024 के दूसरे सप्ताह में होगी।

सहायक आचार्य के विज्ञापन संख्या 13/ 2023 को चुनौती देते हुए प्रार्थी ने सहायक आचार्य के पे स्केल एवं अन्य बातों को उठाया है। दाखिल याचिका में प्रार्थी का कहना है कि राज्य सरकार ने जो टेट परीक्षा ली थी वह सहायक शिक्षक पद के लिए ली थी। सहायक शिक्षक के पद की बजाय सहायक आचार्य पद के लिए कैसे विज्ञापन निकाला गया?

वर्ष 2016 में सरकार ने टेट परीक्षा आयोजित की थी लेकिन यह परीक्षा सहायक शिक्षक पद के लिए थी। बाद में पद का नाम सहायक आचार्य कर दिया गया और इसका पे स्केल भी सहायक शिक्षक के पे स्केल से कम कर दिया गया। अब सहायक आचार्य का नया पद बनाकर नियुक्ति प्रक्रिया की जा रही है। इसलिए सहायक आचार्य के नियुक्ति विज्ञापन पर रोक लगाई जाए। मामले में झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल एवं राकेश रंजन एवं प्रार्थी की ओर से ललित कुमार सिंह ने पैरवी की।

### 12 जिला जज रैंक के न्यायिक पदाधिकारियों का हुआ स्थानांतरण

**रांची।** हाईकोर्ट ने जिला जज रैंक के 12 न्यायिक पदाधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग की है। साथ ही 28 जूनियर डिवीजन के न्यायिक पदाधिकारियों को सीनियर डिवीजन रैंक में प्रमोशन दिया गया है।

#### किस पदाधिकारी का कहां हुआ ट्रांसफर

- नमिता चंद्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, जमशेदपुर
- श्वेता ढींगरा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, डाल्टनगंज
- पारस कुमार सिन्हा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, धनबाद
- कुमार साकेत, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, धनबाद
- शिवनाथ त्रिपाठी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, गढ़वा
- भूपेश कुमार, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, गुमला
- आयशा खान, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, डाल्टनगंज
- नीती कुमार, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, राजमहल (साहेबगंज)
- प्राची मिश्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, खूंटी
- पवन कुमार, अपर न्यायिक आयुक्त, रांची
- राजेश कुमार बग्गा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, गिरिडीह
- नरंजन सिंह, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, सिमडेगा

# उत्तराखंड पहुंची झारखंड आपदा प्रबंधन विभाग से भेजी गयी तीन सदस्यीय टीम

### राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष की टीम ने उत्तराखंड आपदा प्रबंधन से मामले की जानकारी ली

### उत्तराखंड आपदा प्रबंधन ने 40 श्रमिकों की सूची कंट्रोल रूम को साझा की, झारखंड के कुल 15 श्रमिक सूची में शामिल



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** उतराखंड के उत्तरकाशी में हुई दुर्घटना में फंसे मजदूरों की सकुशल वापसी के लिए झारखंड आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से एक तीन सदस्यीय टीम पहुंच गई है। जैप आईटी के सीईओ भुवनेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में गई टीम ने उत्तराखंड के अधिकारियों से संपर्क कर जानकारी ली। वहीं, मंगलवार को श्रमिकों के परिजनों से संपर्क किया गया तथा परिवार से श्रमिकों का सत्यापन किया गया। अब तक 9 श्रमिकों में 2 गिरिडीह, 3 खूंटी, 3 रांची, एक प. सिंहभूम के परिवारों से बातचीत कर पुष्टि हुई है।

मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष का 5 व्हाट्सएप फोन नंबर एवं 1 टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। श्रम विभाग के प्रतिनिधियों की एक टीम निमार्णाधीन सुरंग में फंसे झारखंड श्रमिकों की स्थिति का जायजा लेने के लिये उत्तरकाशी पहुंच चुकी है। भुवनेश प्रताप सिंह ने बताया कि सभी श्रमिक सुरक्षित हैं। अधिकारियों एवं परिजनों ने श्रमिकों से पाइप के जरिये बात भी की है और श्रमिकों ने अपने सुरक्षित होने की बात बताई है। प्रतिनिधियों ने गिरिडीह जिला के बिरनी प्रखंड गिरीडीह के विश्वजीत कुमार वर्मा व सुबोध कुमार वर्मा से बातचीत किया व सभी झारखण्ड के 15 श्रमिक सुरक्षित पाये गये हैं। सभी श्रमिकों को एयरलिफ्ट कर झारखंड वापस लाया जायेगा।

आपदा प्रबंधन उत्तरकाशी, उत्तराखंड ने बताया कि सभी श्रमिक सुरक्षित हैं और रेस्क्यू का कार्य अभी भी चल रहा है। सुरंग में फंसे श्रमिकों को पाईप के माध्यम से खाना और ऑक्सीजन पहुंचाया जा रहा है और श्रमिकों को कल तक पाइप के माध्यम से निकाल लिया जायेगा। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष सभी श्रमिकों के परिवार से संपर्क करने का प्रयास कर रही है। उत्तरकाशी में फंसे मजदूरों की जानकारी के लिए जेएलसी राजेश प्रसाद और प्रदीप रॉबर्ट लकड़ा से क्रमशः 9431344109 एवं 9431160414 पर संपर्क किया जा सकता है।


## कार्यालय जिला परिषद,कोडरमा

**Expression of Interest (EoI)**

**(Second Call)**

15वें वित्त आयोग (अनाबद्ध मद) से कोडरमा जिलान्तर्गत लखीबागी स्थित कर्दम ऋषि पार्क में BEAUTIFICATION AND UP-GRADATION IN SERVICES OF KARDAM RISHI PARK IN KODERMA का कार्य किया जाना है। उक्त के आलोक में विभिन्न शर्तों के साथ मुहरबंद इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक कम्पनी/फर्म **दिनांक 28.11.2023 के अपराह्न 12:00 बजे तक** संलग्न शर्तो के अनुरुप मुहरबंद इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) जिला परिषद कार्यालय, कोडरमा में जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जायेगा। प्राप्त EoI को दिनांक **28.11.2023 के अपराह्न 03:00** बजे इस हेतु गठित समिति के समक्ष खोला जायेगा।

EoI की शर्तें, कार्य की विवरणी/उपकरणों एवं उसका Specification इत्यादि की विवरणी कोडरमा जिला के वेबसाईट http://koderma.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा जिला परिषद कार्यालय, कोडरमा से प्राप्त किया जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद् कोडरमा

PR 311347 Panchayati Raj(23-24).D

## कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,सिमडेगा

**मनरेगा अन्तर्गत संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु दावा एवं आपत्ति संबंधी सूचना**

मनरेगा अन्तर्गत प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक एवं ग्राम रोजगार सेवक के पद पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदनों की सूची का प्रकाशन जिले के वेबसाईट www.simdega.nic.in में कर दिया गया है। यदि किसी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति लिखित रूप में दिनांक 11.11.2023 से दिनांक 18.11.2023 के अपराहन् 5.00 बजे तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सिमडेगा में आवेदन (आवेदक का नाम, Application no., क्रम संख्या, मोबाईल नं0 एवं त्रुटि की विवरणी) दस्तावेज/कागजात के साथ हाथों–हाथ अथवा ई–मेल पता drda_simdega@rediffmail.com के माध्यम से दे सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

निदेशक,
लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन,
जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,सिमडेगा

PR 311342 Simdega(23-24).D

## Government of Jharkhand
## Institute of Public Health
## Department of Health, Medical Education & Family Welfare, Jharkhand

Registration No.-47/2021-2022 E-mail- iphjharkhand20@gmail.com, Phone No.-0651-2261142

**Admission Advertisement**

**Certificate program in Geriatric-Care Assistance course**

**Advt. No. –03/2023/IPH-Geriatric Care Assistance**

Institute of Public Health, Namkum invites applications for admission in Geriatric Care Assistance course certified by IGNOU from eligible candidates who have completed Intermediate (10+2) in Science (preferably Biology) from a recognized Institute with 45% marks in aggregate.

The selected Candidates will undergo six month training including theory and clinical practice.

Details of the seats, desired qualification, age etc. are mentioned herein below:-

| Sl. No. | Name of the Course | No. of Seats | Essential Qualification | Age Limit |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Geriatric Care Assistance | 30 (UR-13, EWS 2, ST 8, SC 3, BC-I -2, BC-II -2 ) | Intermediate/10+2 with Science Preferably Biology from a recognized Institute. | Minimum 17 Years Maximum 35 Years |

| | |
|---|---|
| Submission of Application. | Online Mode- http//recruitment.jharkhand.gov.in |
| Starting date for Application Submission | 15th November, 2023 |
| Last date of Application Submission | 25th November, 2023 05:00 PM |

Interested candidates can see detailed instructions and apply online in the above mentioned website - http//recruitment.jharkhand.gov.in

Director, IPH
RCH Campus, Namkum, Ranchi

PR.NO.310820 Health Med Edu and Family Welfare(23-24):D


### खेलों के आयोजन को लेकर दो विभागों में जंग

**रांची।** एसजीएफआई प्रतियोगिता, सुब्रतो कप फुटबॉल, नेहरू कप हॉकी और खेलो झारखंड के आयोजन को लेकर खेल विभाग और शिक्षा विभाग में जंग छिड़ गयी है। खेल के आयोजन को लेकर दोनों विभाग आमने सामने हैं। इन खेलों के आयोजन को लेकर खेल सचिव मनोज कुमार ने शिक्षा सचिव के रवि कुमार को पत्र लिख कर मुख्यमंत्री के आदेशों से अवगत कराया है। इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री ने अनुमोदन कर झारखंड कार्यपालिका नियमावली के तहत खेल के प्रोत्साहन का जिम्मेदार खेल विभाग को बताया है।

# प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस में तनवीर खान उपाध्यक्ष और अख्तर अली बने प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की विस्तारित कमिटी की सूची जारी कर दी गयी है। नई प्रदेश कमिटी में 13 उपाध्यक्ष 33 महासचिव 45 सचिव एवं 3 प्रदेश प्रवक्ता बनाए गए हैं। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन मंजूर अंसारी ने बताया कि जारी नई प्रदेश कमिटी में उपाध्यक्ष-जोहान दिलीप डिग्गा, अब्दुल करीम अंसारी, तनवीर खान, गुरेज अख्तर अंसारी, मो इसराफिल, मो सगीर अंसारी, सैयद सिराज अब्बास रिजवी, वाहिद खान, खालिद खान, सरदार संतोष सिंह, महमूद अली, सतपाल सिंह ब्रोका, तस्लीमा मल्लिक शामिल है। वहीं प्रदेश प्रवक्ता- अख्तर अली, गुलाम सरवर रिजवी एवं खुर्शीद हसन रूमी को बनाया गया है।

**महासचिव-** अख्तर अली सोहराब अंसारी, मोहम्मद सलीम , कैसर खान, फजल खान, गुलाम रब्बानी मो. जिन्ना अंसारी, अमरजीत सिंह, गुलाम मुस्तफा, तौकीर अख्तर, गुरदीप सिंह, डॉ.अजमेर अली, अरसादुल कादरी, परवेज अहमद., बारिक अंसारी, क्लेमेंट टेटे, कमरुल हसन, मोहसिन आलम, साकिर खान, कलामुद्दीन प्रभावती, साजिद खान, गुलाम जावेद, सिम्मी कौर,मंजूर आलम, हाजी सिकंदर अंसारी, सनाउल्लाह खान, उमर खान, सराफत अंसारी मुसर्रत जबी, नूर मोहम्मद, रुस्तम अली, मोहम्मद जावेद इकबाल, हसनैन जैदी को बनाया गया है।

**सचिव-** एजाज अहमद, तैमुर अंसारी, जमीर खान, सोहराब अली, विकास जैन, अब्दुल रऊफ अंसारी, सैफ उद्दीन खान, शहनाज खान, महताब आलम सिद्दीकी, मोहम्मद असलम, अख्तर हुसैन, शाने रहमत, सलाम अंसारी,शहजाद कुरैशी, एस अफाक आलम, शहीद अंसारी, जावेद अंसारी, सद्दाम हुसैन, अकबर अली, मो तजुद्दीन खान, सदाब हुसैन रिज्वी, तस्लीम अंसारी, रोनक इकबाल, काशीफ राजा खान, मो फैयाज,गुलाम सरवर पिंकू, मो अफरिन रिज्वी, साबिर अहमद खान, मोहम्मद एकराम,मो. वसीम अकरम, अयूब अंसारी, गुलजार अंसारी, नेसाब अहमद, आमंड नसीम रूफी, मो तबारक, खालिद हया रश्मि, गुलाम मुस्तफा, मो जुबैर अंसारी, मरगुब आलम, फुलकेरिया डांग, संजय फेड्रिक, रिजवान खान, स्वाहरात हुसैन, दिनेश, तस्लीम अंसारी को बनाया गया है।

### झारखंड बनने के बाद पहली बार कोई मुख्यमंत्री माओवादियों की मांद में पहुंचा बूढ़ा पहाड़

# सीएम हेमंत का नक्सलवाद पर चोट, विकास पर जोर

### बूढ़ा पहाड़ की सफलता ने ध्वस्त की रेडकॉरिडोर की कहानी...

**उदय चौहान**



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने नक्सलवाद पर चोट व विकास पर जोर दिया है। इसी के तहत घोर नक्सल प्रभावित बूढ़ा पहाड़ के रेड कॉरिडोर से ध्वस्त किया गया है। बूढ़ा पहाड़ को नक्सल मुक्त कर विकास की नयी कहानी लिखी गयी। झारखंड बनने के बाद पहली बार हेमंत सोरेन जैसे किसी मुख्यमंत्री ने नक्सलियों की मांद में पहुंचकर जनता से रूबरू हुये। झारखंड के 23 साल के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ जब किसी अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र को नक्सल मुक्त घोषित किया गया। गणतंत्र दिवस के ठीक अगले दिन 27 जनवरी 2023 को एक ऐसे इलाके में भारतीय संविधान का पाठ पढ़ाया गया, जहां कई दशकों तक सिर्फ माओवाद का पाठ पढ़ाया जाता था। झारखंड देश का अति नक्सल प्रभावित राज्य माना जाता है। बूढ़ा पहाड़ से ही माओवादी झारखंड और बिहार के नक्सलियों को गुरिल्ला वार की ट्रेनिंग देते थे। सुरक्षाबलों ने माओवादियों के ट्रेनिंग सेंटर को पूरी तरह तबाह कर दिया और वहां अपना कब्जा जमा लिया। हेमंत सोरेन राज्य के पहले ऐसे सीएम बने जो बूढ़ा पहाड़ गये थे। सुरक्षाबलों का मिशन बूढ़ा पहाड़ नक्सल विरोधी अभियान के लिए रोल मॉडल बन गया।

### नक्सल इलाके के लिए डेवलपमेंट प्रोजेक्ट की घोषणा

झारखंड बनने के बाद पहली बार किसी खास इलाके को नक्सल मुक्त करवाया गया। नक्सल मुक्त इलाके के लिए सीएम हेमंत सोरेन ने 200 करोड़ की लागत से बूढ़ा पहाड़ डेवलपमेंट प्रोजेक्ट की घोषणा की। बूढ़ा पहाड़ और उसके आस-पास के 12 गांव के लिए विकास योजना का खाका तैयार किया गया। दरसअल, बूढ़ा पहाड़ के इलाके में 30 वर्षों से भी अधिक नक्सलियों का कब्जा रहा। सितंबर 2023 में माओवादियों के खिलाफ अभियान ऑक्टोपस शुरू किया गया था। दिसंबर 2023 में सुरक्षाबलों ने बूढ़ा पहाड़ पर कब्जा जमा लिया। एक माह बाद सीएम हेमंत पूरी टीम के साथ बूढ़ा पहाड़ पहुंचे और अभियान में शामिल जवानों का हौसला बढ़ाया।

### माओवादियों ने बूढ़ा पहाड़ को बनाया था यूनिफाइड कमांड और ट्रेनिंग सेंटर

उल्लेखनीय है कि 2012-13 में माओवादियों ने बूढ़ा पहाड़ को यूनिफाइड कमांड और ट्रेनिंग सेंटर बनाया था। इससे पहले लातेहार का सरयू माओवादियों का यूनिफाइड कमांडर और ट्रेनिंग सेंटर था। 2011-12 में सुरक्षाबलों के बढ़ते दबाव के बाद माओवादियों ने सरयू के इलाके से यूनिफाइड कमांड और ट्रेनिंग सेंटर को हटा कर बूढ़ ापहाड़ में शिफ्ट कर दिया था लेकिन सरयू का इलाका नक्सल मुक्त नहीं हुआ था। बूढ़ापहाड़ को पहली बार नक्सल मुक्त कहा गया है। तीन दशक में बूढ़ा पहाड़ अभियान के दौरान 56 से अधिक जवान शहीद हुए थे। जबकि 133 से अधिक ग्रामीणों की जान गई है। बूढ़ा पहाड़ माओवादियों के झारखंड, बिहार, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ कॉरिडोर का हिस्सा है। माओवादियों के रेड कॉरिडोर में बूढ़ा पहाड़ सबसे बड़ा जंक्शन था। बिहार के छकरबंधा और सारंडा के बीच बूढ़ ापहाड़ एक मजबूत किला था। सुरक्षाबलों ने माओवादियों के रेड कॉरिडोर को बंद कर दिया और बूढ़ा पहाड़ पर कब्जा जमा लिया। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नक्सल विरोधी अभियान के तहत एक बड़ा संदेश देने के लिए बूढ़ा पहाड़ पहुंचे थे। इससे पहले झारखंड में हिंसक घटना होने के बाद सीएम जिला मुख्यालय या राज्य मुख्यालय में जाया करते थे। इलाके में हो रहा बदलाव, मिशन बूढ़ा पहाड़ की बड़ी सफलता है।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



जोहार
भगवान बिरसा मुंडा की जयंती



राज्य स्थापना दिवस



# धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर राज्य स्थापना दिवस समारोह


झारखण्ड के अमर वीर शहीदों एवं आंदोलनकारियों के संघर्ष और शहादत को शत-शत नमन

दिनांक - 15 नवम्बर, 2023 | समय - अपराह्न 02:00 बजे से
स्थान - मोरहाबादी मैदान, राँची

## जोहार

**समारोह के मुख्य बिंदु**

- **₹1,714 करोड़** के कुल 229 योजनाओं का **उद्घाटन**
- **₹5,328 करोड़** के कुल 677 योजनाओं का **शिलान्यास**
- **आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार** कार्यक्रम का शुभारंभ
- **अबुआ आवास योजना** और **मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना** का शुभारंभ
- **रोजगार मेला** के तहत **18,034 युवाओं** को ऑफर लेटर वितरण
- **सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना** के तहत वर्ष 2023-24 में **5.5 लाख** से अधिक किशोरियों को **₹261 करोड़** की सहायता राशि वितरण
- खेल प्रोत्साहन नीति के तहत 70 खिलाड़ियों को लगभग ₹2 करोड़ का **नकद पुरस्कार** वितरण
- **ये पॉलिसी होंगे लॉन्च**
  - झारखण्ड स्टार्टअप पॉलिसी 2023
  - झारखण्ड एम.एस.एम.ई प्रमोशन पॉलिसी 2023
  - झारखण्ड निर्यात पॉलिसी 2023
  - झारखण्ड आई.टी., डाटा सेंटर एवं बी.पी.ओ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी 2023



श्री सी. पी. राधाकृष्णन
माननीय राज्यपाल, झारखण्ड



श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PRNO 311363 (IPRD) 23-24

## आज का राशिफल
### 15-11-2023

**विक्रम संवत** 2080, **शक संवत** 1945, **मास** : कार्तिक, **पक्ष** : शुक्ल, **तिथि** : द्वितीया 13 :48 बजे समाप्त। **नक्षत्र** : ज्येष्ठा 03 :01 बजे रात्रि में समाप्त। **योग** : अतिगंड 12 :07 बजे समाप्त। **करण** : कौलव 13 :48 बजे तक, तदनंतर तैतिल 01 :14 बजे रात्रि में समाप्त। चंद्रायु 01.6 घंटे।

**मेष** : रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ समाचार मिलेंगे। शुभांक-5-8-9

**वृष** : कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-4-6-7

**मिथुन** : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। काम में बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। शुभांक-3-6-9

**कर्क** : परिवारजन का सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान करेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-5-7-8

**सिंह** : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-2-6-9

**कन्या** : शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**तुला** : कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। शुभांक-3-6-9

**वृश्चिक** : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। शुभांक-5-7-9

**धनु** : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। शुभांक-3-5-7

**मकर** : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़। शुभांक-3-4-6

**कुंभ** : शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। शुभांक-4-7-9

**मीन** : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-3-5-7

# बच्चे ही देश के भविष्य हैं : आलोक दूबे

## पासवा ने बच्चों का मनोबल बढ़ाने को पूरे प्रदेश में मनाया बाल दिवस



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) की ओर से मंगलवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस के अवसर पर झारखंड के प्रत्येक जिले में बाल दिवस का आयोजन किया गया। स्कूलों में छुट्टियां होने के बावजूद पासवा की ओर से रांची, कोडरमा, चतरा, हजारीबाग गुमला, लोहरदगा, बोकारो, धनबाद, गिरीडीह, जमशेदपुर सहित प्रत्येक जिले में बाल दिवस आयोजित कर झारखंड के हजारों विद्यालयों में लाखों बच्चों को विभिन्न आयोजनों में पुरस्कृत कर मनोबल बढ़ाया गया।

पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा कि पंडित नेहरू को बच्चे बहुत प्रिय थे और बच्चे उन्हें चाचा नेहरू के नाम से जानते थे। पंडित नेहरू का यह मानना था कि बच्चे ही राष्ट्र के भविष्य हैं और कल की उम्मीद भी। वे हमेशा कहा करते थे कि हम जितने बेहतर ढंग से बच्चों की देखभाल करेंगे, राष्ट्र का निर्माण भी उतने बेहतर ढंग से होगा। इन्हीं कारणों से नेहरू जी के जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर झारखंड के विभिन्न विद्यालयों में गतिविधियों का आयोजन किया गया। पेंटिंग कंपटीशन, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता, खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होने वाले और सफल प्रतिभागियों को पासवा द्वारा पुरस्कृत किया गया।

श्री दूबे ने न्यू ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल बूढ़ीबागी कांके सहित रांची के विभिन्न विद्यालयों में बाल दिवस के अवसर पर स्वयं भी उपस्थित रहकर बच्चों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने बच्चों द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का लुत्फ उठाया तथा सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। राष्ट्रपति अवार्डी सुश्री फलक फातिमा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, बच्चों की मासूमियत और पवित्रता हमेशा सादगी से भरी होती है। बच्चे हमारे भविष्य हैं। वहीं, नीरज सहाय ने कहा कि पूरे राज्य में प्रथम प्रधानमंत्री की जयंती को निजी विद्यालयों ने बाल दिवस के रूप में आयोजित कर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं उन्हें नमन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य राशीद अंसारी और संचालन अल्ताफ अंसारी ने किया। शिक्षिका फरहा नाज ने पंडित नेहरू के जीवनी पर रोशनी डाली। छात्रा साजिया इशरत एवं आप्सरा परवीन ने भी अपनी बातें रखीं।

## आरएस फाउंडेशन ने मनाया बाल दिवस




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आरएस फाउंडेशन ने बाल दिवस के मौके पर मंगलवार को बच्चों को मिठाइयां बांटी। उनको शिक्षण सामग्री जैसे किताब, कॉपी, पेंसिल, रबड़ आदि भी दिये। फाउंडेशन के सदस्यों ने उन्हें अच्छे नागरिक बनने की सलाह दी एवं उनको बताया कि पूरे देश का भविष्य उनके कंधों पर ही निर्भर है। उन्होंने बच्चों को बताया कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन पर पूरे देश में बाल दिवस मनाया जाता है। नेहरू जी बच्चों से विशेष स्नेह रखते थे। उनका मानना था कि बच्चे देश के भविष्य हैं, इसलिए यह जरूरी है कि उन्हें प्यार दिया जाये और उनकी देखभाल की जाये, जिससे वे अपने पैरों पर खड़े हो सकें। बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू बुलाते थे। इस मौके पर संस्था के पंकज बंका, संतोष कुमार, बजरंग गुप्ता, प्रशांत कुमार आदि मौजूद थे।

## सीसीएल में सतर्कता जागरूकता अभियान के समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सतर्कता जागरूकता अभियान 2023 समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन मंगलवार को सीसीएल मुख्यालय के कन्वेंशन सेंटर सहित सभी क्षेत्रों व इकाइयों में कार्यक्रम आयेजित किया गया। इस दौरान सीसीएल कर्मियों के साथ-साथ आमजन को भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें हेतु जागरूक, प्रेरित और प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी सहित निदेशक पवन कुमार मिश्रा, बी.साईराम, सीवीओ पंकज कुमार विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष, क्षेत्रीय नोडल अधिकारी एवं सीसीएल कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. बी. वीरा रेड्डी सहित सभी निदेशकगण एवं सीवीओ ने दीप प्रज्जवलित कर किया।सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने अपने संबोधन में सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने वाले टीम को बधाई दिया और कहा कि आप सभी ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यमों से कर्मियों सहित आमजन को जागरूक किया है, यह प्रशंसनीय है। मौके पर गणमान्यों द्वारा सिविल एसओपी, ईएमबी पोर्टल तथा रोडसेल गाईडलाईन 2023 का उद्घाटन किया गया। साथ ही साथ सीसीएल के लाल एवं लाडली के छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। कवि सम्मेलन का आयोजन : समापन समारोह के अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के कंवेशन सेंटर में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर सुप्रसिद्ध कवियों ने अपनी कविताओं से उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया।

## खबर एक नजर में

### स्थापना दिवस पर विजय प्रभाकर लिखित तीन गाने रिलीज

**रांची।** झारखंड स्थापना दिवस और बिरसा मुंडा जंयती की पूर्व संध्या पर झारखंड के प्रसिद्ध गीतकार विजय प्रभाकर द्वारा लिखित बहुत ही प्यारा और मनमोहक गाने को रिलीज किया गया है। इनमें झारखंड हय भारत कर शान राज्य हमर सोना झारखंड और सबसे मशहूर हमर झारखंड वीडियो गाने शामिल है। बंटी स्टूडियो ने लाजवाब संगीत से सजाया है। इस मनोरम गीत को गॉड्स क्रिएशन चैनल पर रिलीज किया गया है, जिसके निमार्ता शशि कान्त टूटी हैं। एक अन्य गाने राज्य हमर सोना झारखण्ड गीत को भी पवन रॉय ने बहुत ही मधुरता से गाया है। अमित तिर्की ने संगीत निर्देशन किया है साथ ही एक्टर उज्वल कुमार ने इस वीडियो में बेहतरीन अभिनय किया है। पूरे टीम ने बहुत मेहनत किया है। इस गीत को जोया सीरीज यूट्यूब चैनल ने रिलीज किया है, जिसके निर्देशक संजय बोस और उज्जवल कुमार हैं।

### मूलवासी सदान अध्यक्ष से मिलने पहुंचे रामटहल चौधरी

**रांची।** रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद के आवास पहुंचे। उनसे मिलकर झारखंड की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर दोनों नेताओं के बीच चर्चा हुई। श्री प्रसाद ने श्री चौधरी को छठ के बाद नियोजन नीति, पिछड़ी जातियों का आरक्षण व जातीय जनगणना, सर्वेक्षण कराने और मूलवासी सदानों के विभिन्न मांगों को लेकर मूलवासी सदान मोर्चा की ओर से रांची में राजभवन तक विशाल मार्च निकालने की जानकारी दी। लोस व विस चुनाव के संदर्भ में स्थानीय उम्मीदवारों पर भी चर्चा हुई। श्री चौधरी और प्रसाद ने झारखंड राज्य की 23 वां स्थापना दिवस पर झारखंड की जनता को शुभकामनाएं भी दी है।

### गुरुद्वारा साहिब ने निकाली प्रभातफेरी



**रांची।** श्री गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में मंगलवार को प्रभात फेरी निकाली गयी। सब ते वड़ा सतगुरु नानक जिन कल राखी मेरी गुरुद्वारा साहिब मेन रोड़ में निकली प्रभात फेरी में डॉ हरजीत सिंह चर्च रोड़ रांची टेंट हाउस दविंदर सिंह, सतपाल सिंह, हरजीत सिंह, मंजीत सिंह छाबड़ा,, प्रबजोत सिंह राजेश , रंजीत राजपाल, स्वरागवासी, करतार सिंह, जट गरेज के घर से वापिस गुरुद्वारा साहिब में समाप्ति कि गई। स्टेशन रोड़ वाली प्रभात फेरी होटल गुरु अरविन्दर सिंह ,इंदरजीत सिंह खुराना से होते हुए पी पी कंपाउंड कि प्रभात फेरी के साथ मिलकर अनन्तपुर निवारण पुर कि संगत के घरों से होते हुए गुरुद्वारा साहिब कड़रु कि प्रभात फेरी के साथ मिलकर हरिन्दर सिंह, हरजीन्दर सिंह भवरा के घर से होते हुए गुरुद्वारा साहिब कड़रु में समाप्ति कि गई। प्रभात फेरी में गगनदीप सिंह त्रिलोचन सिंह, ध्यान सिंह,रनप्रीत सिंह, किरपाल सिंह, इकबाल सिंह,हरजीत सिंह,बलजीत सिंह तविन्दर सिंह, प्रीतजोत सिंह, गुरचरण सिंह,राजिंदर सिंह, हरपाल सिंह, प्रो हरमीन्दर, बीर सिंह महिंदर, हरमीत सिंह आदि शामिल थे।

### श्री डोरंडा बाजार काली पूजा पंडाल में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**रांची।** श्री डोरंडा बाजार काली पूजा समिति, डोरंडा में तीसरे दिन मंगलवार को भी मां काली की दर्शन और पूजा पंडाल का अवलोकन करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देर रात तक लगी रही। पूजा प्रांगण में लगे आनंद मेला, मीना बाजार और फूड कोर्ट में लोग अपने परिवार के साथ देर रात तक जमे रहे। समिति के अध्यक्ष राजू चौरसिया सचिव जयदेव घोष के साथ प्रदीप कुमार मुन्ना, प्रदीप पांडेय, नवीन मलहोत्रा, सुनील सिन्हा, प्रकाश मामा, चंदन सिंह, मुकेश ठाकुर विवेक सहाय, उमेश बर्मन, राकेश पाल, श्यामल घोष, संजय घोष, अभिषेक ठाकुर, कुंदन कुमार, विजय सिन्हा सहित सभी सदस्यों का सक्रिय सहयोग रहा।



**कोकर काली पूजा पंडाल :** श्री श्री काली पूजा समिति बजरंग क्लब का उद्घाटन समाजसेवी अशोक कुमार प्रसाद ने किया। श्री काली पूजा समिति बजरंग क्लब पिछले 11 वर्ष से काली पूजा का आयोजन होता आ रहे हैं। इस वर्ष बजरंग क्लब ने केदारनाथ मंदिर का प्रारूप बनाया है। पंडाल की चौड़ाई 30 फीट ऊंचाई 40 फीट है साथ ही परिसर में विद्युत सज्जा रंगीन फव्वारे और आकर्षक तोरण द्वार बनाया गया है।


## सिमडेगा समाहरणालय, सिमडेगा
### (भू-अर्जन शाखा)
### प्रपत्र VI
### झारखण्ड सरकार
### राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
### (भू-अर्जन निदेशालय) या उपायुक्त या समुचित सरकार

**प्रारम्भिक अधिसूचना का प्रारूप**
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1)के अधीन)

अधिसूचना सं0– ........................ दिनांक– ........................

चूँकि झारखण्ड सरकार/उपायुक्त सिमडेगा को यह प्रतीत होता है कि मौजा –सिहरजोर, थाना न0 –26, थाना/ अंचल–बांसजोर, जिला – सिमडेगा में भूमि, सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना – कोलेबिरा (SH-04) गांगुटोली जामटोली (SH-04) पर भाग–1 कि0मी0 0.00 से कि0मी0 10.36 एंव भाग –2 22.00 से 38.95 कुल लम्बाई 28.31 कि0मी0 पथ चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण हेतु अपेक्षित है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा –सिहरजोर, थाना न0 –26, थाना/ अंचल–बांसजोर, जिला – सिमडेगा में उपर्युक्त कथित योजना के लिए कमोवेश 0.595 एकड़ यानि 0.2408 हेक्टेयर मानक माप का रैयती भूखण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है–

| क्रम संख्या | खाता सं0 | सर्वे भूखण्ड सं0 | स्वमित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा भूखण्ड संख्या उ0 | द0 | पू0 | प.0 | वृक्ष किस्म | वृक्ष संख्या | संरचनाएँ प्रकार | संरचनाएँ प्लिंथ एरिया sft. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | 26 | 1778 | रैयती | टांड़–तीन | 0.03 | रैजन मेंगरा पिता पतरस मुण्डा, मनसिद्ध मुंडा वो कुलन मेंगरा पेसरान गबरियल मुंडा, प्रभुसहाय वो सावन मुंडा पेसरान समुएल मुंडा | 1781 | 1714 | 1849 / सड़क | 1777 | – | – | – | – |
| 2 | 8 | 1909 | जीरात मालिक | दोन–एक | 0.02 | लहरू सिंह पिता मकुंद सिंह, मंगरू सिंह पिता चरकु सिंह, भुखराम सिंह वो शनिचर सिंह वो सावन सिंह वो दुर्योधन सिंह पेसरान विसम्बर सिंह | 1908 | 1910 | 1905 | 1849 | – | – | – | – |
| 3 | 102 | 2008 | रैयती | दोन–एक | 0.01 | शादे सिंह पिता सिरदयाल सिंह, चैतु सिंह पिता बंधनु सिंह, बिहानु सिंह पिता भुखन सिंह, जतरू सिंह वो बिरसा सिंह वो कमल सिंह पेसरान माधो सिंह | 2006 | 2010 | 2005 | 1849 / सड़क | – | – | – | – |
| 4 | 102 | 1833 | रैयती | दोन–एक | 0.03 | शादे सिंह पिता सिरदयाल सिंह, चैतु सिंह पिता बंधनु सिंह, बिहानु सिंह पिता भुखन सिंह, जतरू सिंह वो बिरसा सिंह वो कमल सिंह पेसरान माधो सिंह | 1834 | 1832 | 1849 | 1832 | – | – | – | – |
| 5 | 103 | 2006 | रैयती | दोन–एक | 0.08 | शादे सिंह पिता सिरदयाल सिंह, चैतु सिंह पिता बंधनु सिंह, बिहानु सिंह पिता भुखन सिंह, जतरू सिंह वो बिरसा सिंह वो कमल सिंह पेसरान माधो सिंह | 1849 | 2008 | 2007 | 1849 | – | – | – | – |
| 6 | 10 | 1835 | जीरात मालिक सिकमी | दोन–दो | 0.02 | बिरसा सिंह पिता सुकरू सिंह, मोदन सिंह वो गोवर्धन सिंह पेसरान कस्टु सिंह, राजकुमार सिंह पिता भेदी सिंह | 1843 | 1849 / सड़क | 1849 | 1834 | – | – | – | – |
| 7 | 10 | 1843 | जीरात मालिक सिकमी | दोन–दो | 0.04 | बिरसा सिंह पिता सुकरू सिंह, मोदन सिंह वो गोवर्धन सिंह पेसरान कस्टु सिंह, राजकुमार सिंह पिता भेदी सिंह | 1844 | 1835 | 1849 | 1837 | – | – | – | – |
| 8 | 11 | 1852 | गैरमजरूआ जीरात मालिक | परती कदीम | 0.02 | बिरसा सिंह पिता सुकरू सिंह, मोदन सिंह वो गोवर्धन सिंह पेसरान कस्टु सिंह, राजकुमार सिंह पिता भेदी सिंह | 1851 | 1907 | अंश | 1849 | – | – | – | – |
| 9 | 39 | 1917 | रैयती | दोन–एक | 0.07 | सुशील पिता मार्षल, प्रभुसहाय सुरिन पिता नुवास, रोबिनसन पिता जुनाथन | 1910 | 1904 | 1918 | 1849 / सड़क | – | – | – | – |
| 10 | 14 | 1851 | जीरात मालिक | टांड़ तीन | 0.09 | एतवा सिंह पिता करन सिंह, सुरेन्द्र सिंह वो कृष्णा सिंह वो राम सिंह वो लक्ष्मण सिंह पेसरान जेठु सिंह | | | | | – | – | – | – |
| 11 | 25 | 2012 | रैयती | टांड़–तीन | 0.03 | शिशिर मेंगरा वो सुनिल मेंगरा वो रोशन मेंगरा पेसरान निस्तार मुण्डा | 2011 | 2013 | 2015 | 1849 / सड़क | – | – | – | – |
| 12 | 13 | 2010 | रैयती | टांड़–तीन | 0.03 | शिशिर मेंगरा वो सुनिल मेंगरा वो रोशन मेंगरा पेसरान निस्तार मुण्डा | 2008 | 2011 | 2012 | 1849 | – | – | कच्चा मकान | – |
| 13 | 121 | 1908 | गैरमजरूआ खास | परती कदीम | 0.04 | गैरमजरूआ मालिक | 1852 | 1909 | 1905 | 1849 | – | – | – | – |
| 14 | 121 | 1850 | गैरमजरूआ खास | परती कदीम | 0.03 | गैरमजरूआ मालिक | कुलामारा सिमाना | 1851 | 1853 | 1849 | – | – | – | – |
| 15 | 13 | 2011 | रैयती | टांड़ तीन | 0.03 | तुरन मुण्डा | 2010 | 2012 | 2014, 2015 | 1839 | – | – | – | – |
| 16 | 57 | 1788 | रैयती | टांड़ तीन | 0.02 | लोहरा चीक | 1789 | 1778 | 1849 | 1787, 1783 | – | – | कच्चा मकान | – |
| 17 | 11 | 1845 | रैयती | परती कदीम | 0.005 | बिरसा सिंह पिता सुकरू सिंह, वगै0 | 1844 | 1846 | नीज | सड़क | – | – | – | – |
| कुल | | | | | 0.595 | | | | | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 अधिनियम संख्या–30/2013 की धारा –11 (1) उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण **जिला भू–अर्जन पदाधिकारी सिमडेगा** के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/उपायुक्त सिमडेगा –सह– समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टी करने किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी सिमडेगा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4)के अधीन कोई व्यक्ति उपायुक्त सिमडेगा के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारम्भिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा– 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से **साठ (60)** दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार का आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा **जिला भू–अर्जन पदाधिकारी सिमडेगा** के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

उपायुक्त,
सिमडेगा

PR 311338 (Simdega)23-24*D


## अधिवक्ता ज्योति व युवा कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष निशा भगत के साथ मारपीट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट की अधिवक्ता सह जिला बार एसोसिएशन की निर्वाचित सदस्य ज्योति आनंद और युवा कांग्रेस नेत्री निशा भगत पर जानलेवा हमला हुआ है। इस हमले में उन्हें और उनकी साथियों को गंभीर चोटें लगी हैं। जानकारी के अनुसार, अधिवक्ता ज्योति आनंद उनकी मित्र और युवा कांग्रेस की नेत्री निशा भगत खूंटी जिले के सिलदा इलाके में अपने फार्म हाउस पर एक निजी कार्यक्रम में पहुंची थीं। उनके फार्म हाउस पहुंचते ही सिलदा के कैसर अली और उसके बेटे फिरदौस अली समेत 10-12 लोग हथियार के साथ वहां पहुंचे और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस घटना में ज्योति को अंदरूनी चोटें लगी हैं,और निशा भगत का हाथ फ्रेक्चर हो गया है। निशा भगत युवा कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष हैं।

## इंस्पेक्टर नूतन मोदी के घर काम करने वाली नाबालिग ने लगायी फांसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बोकारो जिले में पदस्थापित इंस्पेक्टर नूतन मोदी के घर काम करने वाली नाबालिग लड़की ने फांसी लगा ली। नूतन मोदी ने पुलिस प्रशासन को बिना किसी भी प्रकार की सूचना दिये नाबालिग को मेदांता अस्पताल, इरबा रांची में भर्ती कराया। इसे लेकर चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन के सचिव बैजनाथ कुमार ने डीजीपी को पत्र लिखकर पूरे मामले की सीआइडी जांच कराने का अनुरोध किया है।

दरअसल, बैजनाथ कुमार ने डीजीपी को शिकायत पत्र लिखा है, जिसमें कहा है कि कोडरमा जिले के सतगांवा थाना में बीते आठ अक्टूबर 2020 को नाबालिग लड़की के भाई गौरव कुमार, सौरव कुमार और नूतन मोदी के पिता सुरेश प्रसाद मोदी के बीच इस बात पर समझौता हुआ कि गौरव और सौरव की नाबालिग बहन स्वेच्छा से अपनी चाची नूतन मोदी के पास पढ़ाई करने के लिए रहेगी। इस समझौते के तहत ही दोनों भाई सहमत हुए कि इनकी सगी चाची नूतन मोदी के पास रहने के दौरान किसी भी प्रकार से नाबालिग को परेशान नहीं किया जाएगा। इसके बाद नाबालिग लड़की चाची नूतन मोदी के पास रहने लगी। मगर नाबालिग को पढ़ाने की बजाए उससे घर का काम कराया जाने लगा। इस बात का जिक्र पत्र में किया गया है। जिससे बीते दस नवंबर 2023 की सुबह के करीब 8.30 बजे यातायात थाना प्रभारी बोकारो नूतन मोदी ने नाबालिग के भाई को फोन पर सूचना दी कि उनकी बहन ने फांसी लगा ली है।

इस संबंध में लड़की के भाई ने थाना प्रभारी सतगांवा, कोडरमा को लिखित में दी है।

## सीसीएल ने किया निःशुल्क रक्तचाप एवं मधुमेह जांच शिविर का आयोजन

**रांची।** सीसीएल के जन आरोग्य केंद्र की ओर से मंगलवार को रांची के पिस्का नगड़ी स्थित आदर्श वृद्धाश्रम में रक्तचाप एवं मधुमेह सहित अन्य बिमारियों से ग्रसित मरीजों के लिए एक निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों ने आश्रम के वृद्धों की स्वास्थ्य विशेषकर हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, ईसीजी, हाइपरटेंशन इत्यादि की निःशुल्क ज्ांच की और उन्हें बहुमूल्य चिकित्स्कीय सलाह दिया। शिविर में डॉ. रत्नेश जैन, सीएमएस, सीसीएल, डॉ. मयूरी भट्टाचार्या आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## निर्मला कॉन्वेंट में बाल दिवस और ग्रैंड पैरेंट्स डे पर बच्चों ने की मस्ती

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** निर्मला कान्वेंट हाई स्कूल में मंगलवार को संयुक्त रूप से बाल दिवस एवं ग्रैंड पारेंट्स डे उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ चाचा नेहरू के चित्र पर स्कूल की सचिव सीमा शर्मा, प्राचार्य विजय कुमार शर्मा,उप प्राचार्य शिल्पी रानी तथा अभिभावककों ने माल्यार्पण कर किया। वहीं, छात्र-छात्राओं के दादा-दादी को बुके देकर स्वागत व शॉल ओढा कर विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा प्री नर्सरी से कक्षा दशम तक के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस उत्सव में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये, जो उपस्थित अभिभावक एवं ग्रैंड पैरेंट्स को समर्पित था। हर्षोल्लास के मौके पर संस्कार एवं संस्कृति पर आधारित प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी।

मौके पर विद्यार्थियों ने नृत्य एवं के संगीत के माध्यम से उपस्थित अतिथियों व श्रोताओं को सम्मोहित कर लिया। प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने बाल दिवस के अवसर पर सभी छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्पित होने को कहा। श्री शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में आत्मबल का विकास होता है तथा इससे सभी छात्र-छात्राओं में चाचा नेहरू की तरह नेतृत्व करने की प्रेरणा मिलती है। वहीं, विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में उपस्थित दादा दादी और अभिभावकों ने बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया। साथ ही सुंदर प्रस्तुति के लिए विद्यालय प्रशासन को सहृदय धन्यवाद भी दिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका किरण कुमारी, शिवानी कुमारी, निधि कुमारी, मोनी बाला शर्मा, आशुतोष कुमार, सुधीर कुमार और पंकज कुमार समेत अन्य विद्यार्थी उपस्थित थे।

जोहार भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

राज्य स्थापना दिवस

# जोहार : पुष्पवर्षा से पीएम का भव्य स्वागत

## रोड शो के दौरान सड़कों पर गूंजता रहा मोदी... मोदी... का जयघोष

- कड़ी सुरक्षा में पीएम मोदी का काफिला राजभवन पहुंचा

**खबर मन्त्र टोली**

**रांची।** धरती आबा बिरसा मुंडा को उनकी जयंती पर नमन करने पीएम मोदी झारखंड की दो विसीय यात्रा पर मंगलवार की रात करीब साढ़े नौ बजे विशेष विमान से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची पहुंचे। एयरपोर्ट पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और सीएम हेमंत सोरेन ने पुष्पगुच्छ दे कर उनका स्वागत किया। रांची में पुष्पवर्षा और परंपरागत तरीकों से पीएम का जोरदार स्वागत किया गया। जगह-दगह महिलाएं आरती की थाल लिए पीएम के स्वागत में खड़ी थीं। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में उमंग था। एयरपोर्ट से पीएम मोदी का काफिला राजभवन पहुंचा। एयर पोर्ट से राजभवन तक सड़क की दोनों ओर खड़े लोगों का पीएम ने अभिवान स्वाकार किया।

### मोदी के स्वागत में उमड़ी राजधानी रांची

#### मोदी की झलक पाने को बेताब दिख रहे थे लोग

एयरपोर्ट से निकले मोदी की एक झलक पाने के लिए रांची की जनता बेताब थी। एयरपोर्ट रोड, हिनू रोड, अरगोड़ा चौक, हरमू रोड, भाजपा ऑफिस, रातू रोड से लेकर वैसे जगहों पर पीएम का स्वागत में लोगों का हुजूम इमड़ पड़ा। गुलाबी सर्द के बीच दीपों से लिखित मोदी के नाम भी जगह-जगह पर चमकते-दमकते नजर आये। अरगोड़ा चौक पर लोगों ने टॉर्च जलाकर उनका स्वागत किया। कार से उतरकर उन्होंने लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। 15 नवंबर की सुबह पीएम रांची में भगवान बिरसा मुंडा स्मृति पार्क व संग्रहालय का दौरा करेंगे। इसके बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू (खूंटी) रवाना होंगे।

- खूंटी में पीवीटीजी मिशन और विकसित भारत संकल्प यात्रा आज करेंगे लॉन्च
- मंच पर बायीं ओर बैठेंगे हेमंत सोरेन, कड़िया मुंडा, बाबूलाल, नीलकंठ



## बिरसा मुंडा की धरती पर 45 मिनट रहेंगे पीएम मोदी, देंगे कई सौगात

**पीएम** मोदी के खूंटी दौरे को यादगार बनाने को लेकर खूंटी को दुल्हन की तरह सजाया गया है। अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। खूंटी से 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती यानी 'जनजातीय गौरव दिवस' के मौके पर पीएम मोदी राज्य और राष्ट्र को कई योजनाओं की सौगात देंगे। समारोह में मंच पर पीएम की बायीं ओर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पद्मभूषण कड़िया मुंडा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा के बैठने की व्यवस्था है। वहीं दायीं ओर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भाजपा विधायक कोचे मुंडा और झामुमो



विधायक विकास मुंडा बैठेंगे। हैलीपैड से कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर पीएम मोदी का पारंपरिक तरीके से स्वागत होगा। पीएम के मंच पर आने के बाद केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा 11.34 बजे स्वागत भाषण देंगे। (शेष पेज 11 पर)

### राज्य स्थापना दिवस आज, झारखंड सज-धज कर तैयार

## नियुक्ति पत्र व कई योजनाओं की सौगात देंगे सीएम हेमंत



अधिकारियों संग समारोह स्थल का जायजा लेने पहुंचे सीएम हेमंत।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड राज्य स्थापना दिवस को लेकर पूरा झारखंड सज-धज कर तैयार है। मुख्य कार्यक्रम राजधानी के मोरहाबादी मैदान में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मौजूदगी में अपराह्न दो बजे से शुरू होगा, जो करीब डेढ़ घंटे तक चलेगा। समारोह की तैयारी को ले कर सीएम ने मंगलवार को वहां का जायजा लिया।

राज्य सरकार द्वारा स्थापना दिवस के मौके पर 1714.44 करोड़ रुपये की कुल 229 योजनाओं का उद्घाटन एवं 5328.30 करोड़ रुपये की कुल 677 योजनाओं का शिलान्यास होगा। आपकी योजनाएं, आपकी सरकार, आपके द्वार के तीसरे चरण का शुभारंभ होगा। किशोरियों और युवाओं को सम्मान के साथ-साथ हुनरमंदों को आफर लेटर भी दिया जायेगा। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को पुरस्कार की राशि दी जायेगी। कई योजनाओं का शिलान्यास होगा।

### 18 हजार से अधिक युवाओं को ऑफर लेटर

राज्य स्थापना दिवस पर सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत वर्ष 2023-24 के लिए 5,55,652 किशोरियों को 261 करोड़ रुपये की सहायता राशि का वितरण किया जायेगा। अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले करीब 70 खिलाड़ियों के बीच करीब 02 करोड़ पुरस्कार राशि बंटेगी। कार्यक्रम स्थल में श्रम विभाग द्वारा आयोजित रोजगार मेला में 18,034 हजार से अधिक युवाओं को ऑफर लेटर राज्यपाल, मुख्यमंत्री और मंत्रीगण सौंपेंगे।

**ये योजनाएं व पालिसी लांच होंगी :** समारोह में राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री द्वारा लांच की जानेवाली योजनाओं और पॉलिसी में झारखंड स्टार्ट अप पॉलिसी 2023, झारखंड प्रमोशन पॉलिसी 2023, झारखंड निर्यात पॉलिसी 2023 और झारखंड आईटी, डाटा सेंटर तथा बीपीओ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी 2023 शामिल हैं। वहीं, अबुआ आवास योजना और मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना प्रमुख है।

### सहारा प्रमुख सुब्रत रॉय का निधन

**मुंबई।** सहारा प्रमुख सुब्रत रॉय (75) का मंगलवार को मुंबई में निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर बुधवार को लखनऊ लाया जायेगा। कंपनी ने बयान जारी कर कहा कि कार्डियोरेस्पिरेटरी अरेस्ट से जान चली गयी। 12 नवंबर वह कोकीलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती थे। मंगलवार को रात के साढ़े 10 बजे आखिरी सांस ली। उनके निधन पर राष्ट्रपति, पीएम झारखंड के सीएम समेत अनेक नेताओं और उद्योगपतियों ने दुख जताया है। सुब्रत रॉय का जन्म 10 जून 1948 को बिहार के अररिया में हुआ था। 1978 में सुब्रत रॉय ने सहारा इंडिया परिवार की स्थापना की थी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |


### तीसरी आंख




### पहला सेमीफाइनल

## आज न्यूजीलैंड से भिड़ेगी टीम इंडिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 में अबतक अजेय रही टीम इंडिया पहले सेमीफाइनल में आज न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले को लेकर भारतीय खिलाड़ी पूरे जोश में हैं। टूर्नामेंट में भारत का प्रदर्शन रोमांचक रहा है। जहां भारतीय बल्लेबाजी उत्कृष्ट रही है, वहीं गेंदबाजों ने भी अपना काम बखूबी निभाया है। अपने ग्रुप-स्टेज के सभी नौ मैच जीतने वाली टीम इंडिया का लक्ष्य न्यूजीलैंड से 2019 में मिली हार का बदला लेना होगा। मेन इन ब्लू 1983 और 2011 में मिली पिछली जीत के बाद अपने संग्रह में इस साल तीसरी ट्रॉफी जोड़ने की स्थिति में मजबूती से खड़ी दिख रहे हैं।



# उम्मीद शेष ...

आज झारखंड का स्थापना दिवस है। एक बड़ी राजनैतिक सफलता जिससे सामाजिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक रुप से राज्य को फलने फूलने का अवसर प्रदान किया। राज्य एक युवा, कर्मठ और यशस्वी मुख्यमंत्री के जिम्मे है। इनके पास राजनीति की समृद्ध विरासत है और राजनीतिक स्थिरता भी। राज्य का चेहरा जब शांत, उदार और कर्तव्यनिष्ठ हो तो निश्चित तौर पर एक बड़ी उम्मीद बढ़ती है। राज्य धीरे-धीरे समृद्ध भी हो रहा है और प्रगति भी कर रहा है। लेकिन वर्तमान समय जिस प्रकार की मांग कर रहा है उस पर कड़ी मेहनत की आवश्यकता है। युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पास अब एक परिपक्व प्रशासनिक अधिकारियों की टीम है, सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों की बेहतरीन समझ साथ ही उनके पास कुछ कर गुजरने की अदम्य इच्छाशक्ति भी है। राज्य निमार्ण के दो दशक बाद अब राज्य के आधारभूत संरचना को तेजी से विकास हुआ है लेकिन समय की मांग है कि यह गति और तेज हो। राज्य के संसाधनों का उचित उपयोग के साथ राज्य के राजस्व में किसी प्रकार का लीकेज न हो यह आवश्यक है। आज का समय राज्यों के आत्मनिर्भर होने के लिये राज्य की अपनी आय और केन्द्र पर निर्भरता कम होना आवश्यक है। देश के विकसित राज्यों की बात करें तो वे लगातार अपने संसाधनों से आधारभूत संरचना का विकास कर रहें जिससे निवेश और रोजगार की बड़ी संभावना बन रही है। आज बिहार जैसे पिछड़ें राज्य का बजट दो लाख रुपये से अधिक हो गया है। निवेश के लिये पर्याप्त सक्रियता और कार्यपद्धति में विकास के साथ शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता शेष है जिसकी उम्मीद पूरी आबादी को आने वाले समय में है। राज्य का भविष्य कोयले के सहारे न चले हम ऊर्जा के श्रोत का विकास करें,शिक्षा और स्वास्थ्य के दिशा में तेज चलें।

# ग्रामीण व्यापार

भारत को प्राचीन समय में सोने की चिड़िया कहा जाता था। वैश्विक व्यापार एवं निर्यात में भारत का वर्चस्व था। पिछले लगभग 5000 सालों के बीच में ज्यादातर समय भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था रहा है। उस समय भारत में कृषि क्षेत्र में उत्पादकता अपने चरम पर थी एवं कृषि उत्पाद विशेष रूप से मसाले आदि भारत से लगभग पूरे विश्व में पहुंचाए जाते थे। भारत में ब्रिटिश एंपायर के आने के बाद (ईस्ट इंडिया कम्पनी- 1764 से 1857 तक एवं उसके बाद ब्रिटिश राज- 1858 से 1947 तक) विदेशी व्यापार में भारत का पराभव का दौर शुरू हुआ एवं स्वतंत्रता प्राप्ति तक एवं कुछ हद तक इसके बाद भी यह दौर जारी रहा है। आज भी देश में 60 प्रतिशत से अधिक आबादी ग्रामों में निवास करती है और अपने रोजगार के लिए मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र पर ही निर्भर है। भारत अभी भी कृषि प्रधान देश ही कहा जाता है परंतु फिर भी भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का हिस्सा लगभग मात्र 16-18 प्रतिशत ही है। कृषि जनगणना 2015-16 के अनुसार, भारत में लघु एवं सीमांत किसानों की संख्या 12.563 करोड़ है। देश में 35 प्रतिशत किसानों के पास 0.4 हेक्टेयर से कम जमीन है। जबकि, 69 प्रतिशत किसानों के पास 1 हेक्टेयर से कम जमीन है और 87 प्रतिशत किसानों के पास 2 हेक्टेयर से कम जमीन है। आमदनी के लिहाज से 0.4 हेक्टेयर से कम जमीन वाले किसान औसतन सालाना रुपए 8,000 कमाते हैं और 1 से 2 हेक्टेयर के बीच जमीन वाले किसान औसतन सालाना रुपए 50,000 कमाते हैं। देश मे लघु और सीमांत किसानों की न केवल आय कम है, बल्कि इनके लिए कृषि एक जोखिम भरा कार्य भी है। इसके चलते ग्रामों में प्रति व्यक्ति आय बहुत ही कम है इस कारण गरीबी की मात्रा भी शहरों की तुलना में ग्रामों में अधिक दिखाई देती है।

# श्रेष्ठ योद्धा, गौरव हैं झारखंड के जनजातीय लड़ाका

**अत्यंत** हर्ष और उल्लास के साथ हम आदरणीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी का धरती आबा बिरसा मुंडा की धरती पर स्वागत करते हैं। भाजपा की केन्द्र सरकार के कैबिनेट ने दिनांक 10 नवंबर, 2021 ई. को धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की जन्म जयन्ती दिवस 15 नवंबर को राष्ट्रीय स्तर पर ''राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस'' के रूप में संकल्प पारित करके अधिकृत रूप से मान्यता दे दी है। देश की आजादी के 70 सालों में जनजाति समाज को ऐसी गौरवमयी सौगात पहली बार मिली है और यह सौगात हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के द्वारा दी गयी है।

देश के इतिहासकारों का मानना है कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में देश को मिशी सफलता के पीछे झारखंड के जनजातीय, पहाड़ी इलाकों में जनजातियों द्वारा अंग्रेजों के खिलाफ लड़े गये युद्धों में मिली सफलता का अविस्मरणीय योगदान रहा है। झारखंड के वनप्रांत में निवास कर रहे हरेक जनजाति समुदायों यथा; मुण्डा, हो, कोल, उराँव (कुड़ुख़), संथाल, भूमिज, चेरो, खरवार, खड़िया आदि की सबसे बड़ी भूमिका रही है। ये जनजातियां अपने स्वतंत्र जीवन और स्वाभिमानी प्रवृति के कारण अपनी अस्मिता- जंगल, जल, जमीन के प्रति अगाध प्रेम और आस्था के साथ पूर्वजों की धरोहर अपनी परम्परा, धर्म-संस्कृति, संस्कार, सामाजिक रीति-रिवाज, रूढ़ी, प्रथा की रक्षा के लिए किसी से भी, किसी भी स्तर पर युद्ध लड़ने के लिए सदैव तत्पर रहा। चाहे वह षोषक जमींदार, साहूकार या शक्तिशाली ब्रिटिश हुकुमत ही क्यों न हो। जनजाति समाज ने वीरता पूर्वक युद्ध लड़ा और उसके वीर योद्धाओं, विरंगनाओं ने अपने प्राणों आहूति दे दी। झारखंड के जनजाति समुदायों द्वारा किए गए युद्धों की नामी दास्तानें इतिहास के पन्नों में दर्ज हैं। सन् 1764 ई में ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया की कम्पनी सेना के साथ हुए पलासी के युद्ध में कम्पनी सेना की जीत और सन् 1765 ई.में नवा मीर कासिम से बिहार, ंगाल, उड़ीसा की दीवानी (कर प्राप्ति का अधिकार) मिलने के वाद से लेकर अगले दो सौ सालों तक जनजातियों के साथ युद्ध लड़ते ही रहना पड़ा। जनजातियों ने ब्रितानियों को कभी चैन से नहीं रहने दिया और जनजातियों ने फिरंगियों की दासता कभी स्वीकार नहीं की।





**- शिवशंकर उरांव**

> अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ लागातार युद्ध लड़ते हुए अपने प्राणों की बली दी उनमें से एक महज 25 वर्षीय एक युवा वीर योद्धा ने अपनी अदम्य ईच्छा शक्ति, साहस और चमात्कारिक नेतृत्व प्रतिभा की बदौलत झारखंड की इस पावन भूमि में अपने जनजाति समुदाय का नेतृत्व किया और अंग्रेजों के साथ युद्ध की दुनिया के समक्ष एक ऐसी मिसाल कायम की कि उसकी युद्ध दास्तान आज भी दुनिया को विस्मय कर देती है।

छोटानागपुर-संथाल परगना, पलामू और कोल्हान अर्थात् वर्त्तमान झारखंड़ के जनजाति इलाकों में अनेक जनजाति वीर योद्धाओं ने अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ लागातार युद्ध लड़ते हुए अपने प्राणों की बली दी उनमें से एक महज 25 वर्षीय एक युवा वीर योद्धा ने अपनी अदम्य ईच्छा शक्ति, साहस और चमात्कारिक नेतृत्व प्रतिभा की बदौलत झारखंड की इस पावन भूमि में अपने जनजाति समुदाय का नेतृत्व किया और अंग्रेजों के साथ युद्ध की दुनिया के समक्ष एक ऐसी मिसाल कायम की कि उसकी युद्ध दास्तान आज भी दुनिया को विस्मय कर देती है। उसने एक ऐसे क्रांति और युद्ध की शुरूआत की जिसे आज हम उलगुलान (क्रांति) के नाम से जानते हैं। उस योद्धा की वीर गाथा आज इतिहास के पन्नों पर स्वर्णाक्षरों में अंकित है। स्वतंत्रा संग्राम के इतिहास में उस सासे कम उम्र के वीर क्रांतिकारी योद्धा ने अपनी विलक्षण नेतृत्व क्षमता की बदौलत ब्रिटिश हुकुमत के खिलाफ जनजातियों का एक ऐसे अप्रतिम क्रांति और युद्ध का सूत्रपात किया जो अपने पूर्वजों की परम्परा, संस्कृति, सभ्यता, धर्म-संस्कार के साथ-साथ जमीन, जल, जंगल को अक्षुण्ण रखने और अपनी मातृभूमि- अबुआ दिशुम की सुरक्षा और संरक्षण के लिए था। इसलिए जनजाति समाज उन्हें भगवान का दर्जा देता है और पूरी दुनिया उसे भगवान बिरसा के रूप याद करती है। उनके अकल्पनीय बलिदान ने, न केवल जनजाति समाज को बल्कि पूरे देश को असीम गौरव और सम्मान का अनुभव कराया है। यही कारण है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी ने उनके जन्म दिवस- 15 नवंबर को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस के रूप में मान्यता प्रदान की। यह देष के समस्त ज्ञात-अज्ञात जनजाति वीर योद्धाओं और शहीदों के प्रति भर असीम सम्मान नहीं है। बल्कि देश के समूचे जनजाति समाज के लिए गर्व के साथ स्वाभिमान और सम्मान की भी बात है। झारखण्ड निवास करने वाले साढ़े तीन करोड़ झारखण्डियों और खास कर जनजाति समाज के लोगों के लिये तो सासे सुखद और गौरान्वित करने वाला क्षण है।

भगवान बिरसा मुन्डा का जन्म एक अत्यंत गरीब खेती किसानी करने वाले जनजाति परिवार में तिथि 15 नवंबर, दिन बृहस्पतिवार को सन् 1875 ई.में हुआ था। इसलिए उसका नाम बिरसा रखा गया था। उसकी माता का नाम कदमी मुण्डा और पिता का नाम सुगना मुण्डा था। वह कदमी एवं सुगना मुण्डा की चौथी संतान था। सुगना मुन्डा का खुंटकट्टी गांव उलिहातु था। लेकिन उसका परिवार जीवनयापन के लिए गांव कुटुम्बदा जाकर रहने लगा था, जहां बिरसा मुन्डा के बड़ें भाई कोमता और बड़ी बहन दसगीर का जन्म हुआ। उसके बाद यह परिवार ग्राम बम्बा चला गया, जहां बिरसा मुन्डा और बड़ी बहन चम्पा मुन्डा का जन्म हुआ था। बिरसा मुन्डा के जन्म के कुछ समय बाद सुगना मुन्डा को बम्बा को भी छोड़ना पड़ा और गांव चलकद जाकर रहना पड़ा जहां बिरसा मुन्डा का जन्म संस्कार पूरा किया गया था। बिरसा का अपनी बड़ी बहन चंपा खूब स्नेह और प्रेम था। सुगना मुन्डा की पत्नी कदमी मुन्डा अयुबहातू निवासी डीबर मुंडा उनका बचपन ननिहाल गांव अयुाहातु में बीता। उसकी प्रारंभिक शिक्षा ग्राम सलमा में जयपाल नाग द्वारा चलाये जा रहे विद्यालय में हुई। बिरसा मुंडा को जयपाल नाग ने ही प्रारंभिक शिक्षा दी थी।

हम सभी जनजाति समाज के लोग अपने भगवान बिरसा मुन्डा, धरती आबा को ऐसा सम्मान प्रदान करने वाले हमारे देश के प्रिय पीएम मोदी जी के प्रति आभार अभिव्यक्त करें। इस खुशी के क्षण को गांव-गांव तक पहुंचाएं और आजादी के 75 वें साल में देश भर में मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के साथ-साथ हम जनजाति समाज के लोग जनजाति गौरवोत्सव मनाएं।

(लेखक भाजपा एसटी मोर्चा भाजपा के अध्यक्ष हैं।)

## खास बात

### चुनौती बरकरार

**सुधांशु कुमार**

वर्ष 2000 में बड़े प्रदेश बिहार से अलग होकर बने झारखंड की आबादी 3.29 करोड़ (2011 की जनगणना) है, जो 33,000 गांवों में फैले लगभग 120,000 आवासों में रहते हैं। प्रदेश में लगभग 38 प्रतिशत लोग अनुसूचित जनजातियों और अनुसूचित जातियों के वंचित समुदायों के हैं। भारत का लगभग 40 प्रतिशत खनिज संसाधन झारखंड में है और इसका 28 प्रतिशत वन क्षेत्र है। प्रदेश ने वर्ष 2000 से पिछले 20 वर्षों में 11 सरकारें/मुख्यमंत्री और तीन बार राष्ट्रपति शासन देखा है। प्रदेश में शिशु और पाँच साल से कम आयु की मृत्यु में पिछले कुछ वर्षों में लगातार गिरावट देखी गयी है। हालांकि, नवजात मृत्यु दर में गिरावट की दर आदिवासी समुदायों वाले जिलों में अधिक है। नवजात शिशुओं की देखभाल में जेंडर भेद दिखता है और विशेष नवजात देखभाल इकाइयों में लड़कों की तुलना में चुनिंदा लड़कियाँ ही भर्ती होती हैं। यद्यपि मातृ मृत्यु दर में गिरावट देखी गयी है, लेकिन यह अभी भी राष्ट्रीय औसत से अधिक है और पलामू और संथाल परगना क्षेत्रों में बहुत अधिक है।

झारखंड में लगभग हर दूसरा बच्चा नाटेपन का शिकार है (उम्र के अनुपात में कम लंबाई) से ग्रस्त है, और दस में से तीन बच्चे कमजोर होते हैं (लम्बाई के अनुपात में कम वजन)। संख्या के लिहाज से, प्रदेश में पाँच वर्ष से कम आयु के लगभग 20 लाख बच्चे विकास अवरुद्धता से ग्रस्त हैं, जो बिहार के बाद भारत में विकास अवरुद्धता का उच्चतम अनुपात है। कई दुर्गम क्षेत्र और प्रशिक्षित कार्यबल का आभावकार्यबल , विशेष रूप से विशेषज्ञ डॉक्टरों की अनुपलब्धता, प्रदेश के लिए एक बड़ी चुनौती है। राज्य में लगभग हर तीसरी महिला कुपोषित है, और प्रजनन योग्य आयु की हर दस में से लगभग सात महिलाएँ खून की कमी से ग्रस्त हैं। 6-59 माह की आयु के लगभग 70 प्रतिशत बच्चे खून की कमी से पीड़ित हैं। स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम)-एमआईएस के अनुसार प्रदेश व्यापी ग्रामीण स्वच्छता का कवरेज अब 100 प्रतिशत है।

**बार**-बार बात होती है कि 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीयता का निर्धारण हो। इसे लागू करना संभव भी है।


पर हम ये न भूलें कि झारखण्ड के हर क्षेत्र में खातियानी रिकॉर्ड के साथ काफी हेरफेर हुआ है और कई जगहों से पन्ने भी गायब हैं।उनका क्या होगा जिनके नाम नहीं, गायब हो गए या कर दिए गए?

**– महेश पोद्दार, सांसद**

## आपके ट्वीट

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना गरीबों को 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की संजीवनी दे रही है। कोडरमा जिले में 17, हजारीबाग जिले में 42 और गिरिडीह जिले में 31 अस्पताल आयुष्मान भारत के तहत सूचीबद्ध हैं। **–अन्नपूर्णा देवी**





**यह** धरा सत्य से ही प्रतिष्ठित है।सत्याचरण की फलश्रुति स्वयं सत्य नारायण हैं ! वस्तुतःजीवन रूपी वृक्ष का मूल भी सत्याचरण और सदाचार ही है।आचरण जितना शुद्ध-परिष्कृत होगा सद्प्रवृत्तियां उतनी ही फलीभूत होंगी। **–स्वामी अवधेशानंद गिरी**

# श्रेष्ठ आचरण

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**चित्रकूट** में भरत के आगमन पर लक्ष्मण क्रोध में थे। राम ने कहा उसमें युद्ध की कौन सी बात है? लक्ष्मण बोले भरत जी सेना सहित आ रहें हैं और उनका मन दूषित हो गया है। शायद सेना सहित इसलिये आ रहें हैं कि राम को जंगल में खत्म कर दूं ताकि चौदह वर्ष के वनबास के बाद ये पुनः न लौट सके। श्री राम ने लक्ष्मण को डांटा- तुम मेरे भरत को नहीं जानते हो। संसार में असंभव भी संभव हो जाए, कुछ भी हो जाए लेकिन भरत के अदंर कभी भी अहंकार और द्बेष की भावना नहीं घुस सकती। अयोध्या का राज तो बहुत छोटा हैअगर ब्रह्मा विष्णु और महेश तीनों भरत को मिल जाए फिर भी उन्हें राममद नहीं हो सकता है। मैं अपने भरत को इतना जानता हूं। उनको आने दीजिए।

जब भरत जी आए हैं तो राम के सम्मुख जैसे लाठी गिरायी जाती है वैसे दंड की तरह वे धरती पर गिर गये। हाथ जोड़कर खड़ें हो गये बोले प्रभु मैं अपराधी हूं। मेरे कारण ही सारा कांड हो गया। पिता की मृत्यु हो गयी। आपको जंगल आना पड़ा। सबका कारण मैं ही हूं। श्री राम ने कहा भरत जी आप निर्दोष हैं। जो कुछ होना था वह हुआ।

जब श्रीराम भरत से बात कर रहे थे तब लक्ष्मण की स्थिति देखने लायक थी। न वे आकर मिल ही पा रहे थे और न ही वे वहां से हट ही पा रहे थे। भरत मुनि के साथ वशिष्ठ मुनि भी थे और अनेक लोग थे। जंगल में रहने वाले वनवासी भी वहां थे।

**(ब्रह्म विद्यायल सह आश्रम)**

## कार्टून वर्ल्ड




साभार : कार्टून मूवमेंट डॉटकॉम

# भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने को तैयार हो युवा झारखंड



**बाबूलाल मंराडी**

झारखंड आज 23वर्ष का युवा प्रदेश हो गया। ऐसा युवा जिसमे असीम ताकत हो,असीम संभावनाएं हों,जिसे अकूत संपत्ति का खजाना मिला हो,जिसे प्रकृति ने अपने हाथों से सौंदर्य दिए हों। जी हां ऐसा ही झारखंड जहां के लोग बोलते हैं तो गीत बन जाता है,चलते हैं तो संगीत बन जाता है।

अमर शहीद धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ,सिदो कान्हु,चांद भैरव,फूलो झानो,तिलका मांझी,नीलांबर पीतांबर, जतरा टाना भगत,बुधु भगत जैसे हुतात्माओं की प्रेरणा से ओत प्रोत यह धरती आज भी कोख में अमीरी और गोद में गरीबी की कहावत को चरितार्थ कर रही है।अलग झारखंड के पहले अर्थात 15नवंबर 2000के पूर्व झारखंड की जनता ने क्षेत्रीय विसमताओं का दंश झेला जिसके कारण अलग राज्य की मांग उठी थी लेकिन झारखंड बनने के बाद यदि 23वर्षों में भी झारखंड विकास के निर्धारित लक्ष्य को नहीं पा सका,गरीबी नही मिटी,आज भी लोग भोजन वस्त्र आवास के बिना जीने को मजबूर हैं तो शासक वर्ग के नीति और नीयत पर प्रश्न खड़ा करना राज्य की जनता का बुनियादी हक है। कहा जाता है कि जिस ओर जवानी जाती है उस और जमाना चलता है। इसलिए राज्य की युवा शक्ति जिसकी आबादी एक करोड़ के करीब होगी को राज्य की दशा और दिशा पर अवश्य सोचना चाहिए।

## स्थापना दिवस

आज प्रदेश में वैसी युवा शक्ति है जिनका जन्म संयुक्त बिहार में हुआ है और वैसे युवा भी है जिनका जन्म झारखंड में हुआ। दोनो के पास अनुभव है।राजनीतिक ,सामाजिक सोच है। बेरोजगारी से लड़ने की संघर्ष शक्ति है,उन्हे पता है कि 23वर्षों में किसकी सरकार ने राज्य को विकास के पायदान पर ऊपर पहुंचाया और किसने अपने परिवार , पैसे केलिए काम किए।आज की दिन दलीय कमियों को गिनाने का नही है लेकिन एक बार मन में सही गंभीर समीक्षा करने की जरूरत है। चाहे अलग राज्य के गठन की बात हो या फिर सड़क,बिजली,स्वास्थ्य,शिक्षा,पानी सिंचाई ,कृषि क्षेत्र में राज्य को आगे बढ़ाया और किसने राज्य को जमीन लूट,खान खनिज की लूट,पत्थर,कोयले की लूट में झोंक दिया।जल ,जंगल,जमीन ,आदिवासी समाज के उत्थान,युवाओं के रोजगार पर जनता से वोट मांगना आसान होता है परंतु नीति और नीयत के अभाव में उसे जमीन पर उतारना बहुत कठिन होता है। 23वर्षों के युवा झारखंड का आधा समय इसी झूठ फरेब ने बर्बाद कर दिया। काम करने वाली सरकारें जिनकी नियत नीति दोनो साफ रही उनके खिलाफ झूठ का तूफान खड़ा किया गया।

लेकिन अब जिम्मेवार उम्र में झारखंड पहुंच गया।यह उम्र परिवार की जिम्मेवारी संभालने का उम्र है।और इस काल में हुई चूक या भटकाव जीवन को कष्टों में झोंकने जैसा है।आज का दिन स्वर्णाक्षरों में अंकित दिन है। भगवान बिरसा मुंडा जैसे महान विभूति को ईश्वर ने झारखंड की धरती पर जन्म दिया।श्रद्धेय अटल जी की सरकार ने जन भावनाओं के अनुरूप राज्य का गठन भी आज के दिन ही किया।और अब तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 15नवंबर को जनजाति गौरव दिवस घोषित कर न सिर्फ जनजाति समाज का सम्मान बढ़ाया बल्कि पूरे विश्व में झारखंड को नई पहचान दी,महिमा मंडित किया।

मैं समस्त झारखंड वासियों को ऐसे महान दिन पर नमन करते हुए शुभकामनाएं देता हूं। साथ ही युवा शक्ति से राज्य को भ्रष्टाचार के दलदल से निकाल कर विकसित झारखंड बनाने केलिए संकल्पित होने का आह्वान करता हूं। (भाजपा अध्यक्ष झारखंड प्रांत)

# झारखंड का आईटी हब बनने की दिशा में पिछड़ गया



**सुधांशु कुमार**

**ईश्वर** ने झारखंड को खूबसूरत बेशुमार नेमतों से नवाजा है। सौभाग्य से राज्य के सीएम हेमंत सोरेन युवा और ऊर्जावान है। परंतु झारखंढ में विथापन और पलायन एक बड़ी समस्या है। इस दिशा में सूचना एवं प्रौद्योगिकी का क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। वर्तमान समय में आईटी क्षेत्ररोजगार देने में सबसे अधिक सक्षम है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 5.19 प्रतिशत आईटीका योगदान है। देश में 46 लाख से अधिक लोग आईटी सेक्टर में कार्य करते हैं। भारत में वर्तमान समय में बंगलुरूविश्व में तेजी से बढ़ता सबसे बड़ा आईटी हब के रूप उभरा है। लंदन के अंतराष्ट्रीय व्यापर और निवेश एजेंसी डील रूम डॉट कॉम द्वारा जारी रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। आर्थिक राजधानी मुम्बई आईटी हब के मामले में 6 स्थान पर है। बंगलुरू को आईटी हब बनाने के लिए 540 फीसदी निवेश बढ़ा है। 2020 में 1.3 अरब डॉलर से बढ़कर 7.2 अरबडॉलर का निवेश हुआ। 2016 से ही बंगलुरू लगातार आईटी के क्षेत्र में विकास कर रहा है। आज यह पूरे देश के लिए आइकॉन है। यहाँ लगभग 37 प्रतिशत युवाओं को आईटी के क्षेत्र में रोजगार मिला है। हैदराबाद भी आईटी हब है।

## विशेष

झारखंड, बिहार और उत्तरप्रदेश के बाद देश में सबसे अधिक युवा आबादी वाला तीसरा राज्य है। झारखंड में 25 वर्ष की युवाओं की जनसंख्या 46.9 प्रतिषत है। राज्य में बेरोजगार युवाओं की जनसंख्या साढ़े आठ लाख से अधिक है।बहुत सारे योग्य युवा दूसरे राज्य में जाकर नौकरी करते हैं। रोजगार के लिए राज्य से एक बड़ी आबादी पलायन करती है। यदि राज्य सरकारआईटी के क्षेत्र में ध्यान दे तो एक बड़ी समस्या का समाधान हो सकता है। एक आईटी कम्पनी स्थापित होती है तो उसमें 3 से 5 हजार लोगों रोजागर मिलते हैं। ऐसे में यदि झारखंड में देशी-विदेशी आईटी कम्पनियों की स्थापना कर दी जाये तो राज्य की एक बड़ी युवा आबादी को रोजगार मिल जायेगी। राज्य सरकार यदि ध्यान दे तो राज्य सेबेरोजगारी को दूर करने में आईटी क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। राज्य के बहुत सारे ऐसे शहर हैं, जहाँआईटी कम्पनियों को स्थापित किया जा सकता है। राँची, दुमका, धनबाद, साहेबगंज, हजारीबाग, डालटेनगंज, चतराआदि शहरों का उपयोग आईटी के लिए सार्थक साबित हो सकता है। राज्य एक रिपोर्ट के अनुसार पहले स्थान पर है। यदि राज्य मेंआईटी कंपनियों की स्थापना होगी तो साइबर अपराध के मामलें भी कम होंगे। बहुत सारे साइबर अपराध में संलग्नयुवा आईटी से जुड़कर सही काम कर राज्य को विकास के पथ पर अग्रसर कर सकते हैं। नौजवानों को आईटी की ट्रेनिंग देकर उनका उपयोग किया जा सकता है। इस क्षेत्र में विशेष डिग्री प्राप्त कर दूसरे राज्य एवं विदेश में कार्य कररहे युवाओं को यहाँ रोका जा सकता है। इंजीनियरिंग कॉलेजों की स्थापना करनी होगी। भारत मेंआईटी सेक्टर युवाओं को रोजगार देने में सबसे आगे है। अर्थव्यवस्था की मजबूती के कारण यह क्षेत्र तेजी सेऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। आईटी कंपनियों को स्थापित करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है क्योंकि यहाँ जमीन अधिग्रहण एक बड़ी समस्या है। बड़ी कंपनियों को आमंत्रित करना ही होगा।

## लेटर टू एडिटर

### विसंगतियों की शिक्षा

**आर्थिक** मंदी के चलते मध्य वर्गीय परिवार के लिए मोबाइल-कंप्यूटर खरीद पाना बस की बात नहीं है। शिक्षा नीति योजना के संभावित परिणामों पर विचार किये बिना ही लागू कर दी गयी। घर बैठे ऑनलाइन शिक्षा ने लाभ की अपेक्षा अधिकतर विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक रूप से कमजोर अवश्य कर दिया है। यह बड़ी चिंता का विषय है।

**–अनिल कौशिक, रांची**

### शासन की जवाबदेही

**पुलिस** और आबकारी विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और मिलीभगत के बिना अवैध शराब का उत्पादन और बिक्री सम्भव नहीं। अनेक मामलों में उच्च स्तर पर सरकारी संरक्षण उजागर हुआ है। बिहार में नशाबंदी लागू कर नीतीश सरकार ने कमाल किया है। आबकारी कर से धन अर्जित करने वाली सरकार का दायित्व है कि उपभोक्ता को गुणवत्तापूर्ण शराब उपलब्ध कराये।

**–सुखबीर, जमशेदपुर**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से निकले मोदी की एक झलक पाने के लिए बेताब दिखी रांची की जनता, किया अभिनंदन

# स्वागत में जय श्रीराम और मोदी-मोदी के लगे नारे

**पीएम मोदी के स्वागत में छऊ नृत्य, मांदर की थाप और नगाड़े की धमक से गूंजी रांची**

**खबर मन्त्र टीम**

**रांची।** राजधानी रांची मंगलवार की रात छऊ की खनक, मांदर की थाप, नगाड़े की गूंज के बीच झूम रही थी। मौका था देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोद के रांची आगमन का। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से निकले मोदी की एक झलक पाने के लिए रांची की जनता बेताब थी। उनके स्वागत में पूरे रास्ते में जय श्रीराम और मोदी-मोदी के नारे लगे। पूरा माहौल ऐसा था कि मानों वे नरेंद्र मोदी को आंखों में बसा लेना चाहते हों। एयरपोर्ट रोड, हिनू रोड, अरगोड़ा चौक, हरमू रोड, भाजपा ऑफिस, रातू रोड से लेकर वैसे जगहों पर प्रधानमंत्री का स्वागत करते नजर आये। गुलाबी सर्दी के बीच दीपों से लिखित मोदी के नाम भी जगह-जगह पर चमकते-दमकते नजर आये। जैसे-जैसे मोदी का काफिला धीरे-धीरे राजभवन की ओर बढ़ रहा था, दूसरी ओर सड़क पर उनके दीदार में जुटे आमजन उनका स्वागत कहीं दीप दिखाकर तो कहीं मोबाइल की लाइट से कर रहे थे। देर रात तक जगह-जगह पर मोदी के काफिले के बीच जयकारे की घोष, जय श्री राम के नारे से सराबोर नजर आ रहा था। उधर, बीजेपी महिला नेत्रियों के द्वारा फूलों की बारिश भी यशस्वी मोदी पर करते दिखे। रांची के यूथ मोदी की झलक पाने के लिए न सिर्फ कई घंटों तक कतार में खड़े रहे, बल्कि मोबाइल का फ्लश ऑन कर प्रधानमंत्री का स्वागत करते देखे गये।



**रातू रोड में उतरे प्रधानमंत्री अभिवादन किया स्वीकार**

राजभवन जाने के क्रम में रास्ते में मौजूद लोग मोदी-मोदी और जय श्री राम के नारे लगाने लगे। उन पर फूलों की बारिश होने लगी। नगाड़े बजाकर लोग पीएम मोदी का जयकारा करने लगे। जयकारा के क्रम में ही मोदी गाड़ी से उतर गये और अभिभावदन स्वीकार किया।







**क्यू में खड़े रहने के लिए धक्का-मुक्की**

पुलिस प्रशासन द्वारा बनाये गये क्यू में खड़े रहने के लिए आपस में महिलाओं के बीच धक्का-मुक्की हुई। महिलाओं का कहना था कि धक्का क्यों मार रही हैं, उन्हें भी धक्का मारना आता है। कहीं कुछ लोग क्यू में खड़े होकर शोर मचा रहे थे।



# पीएम मोदी का ध्यान आकृष्ट करने के लिए हेमंत सरकार की योजनाओं से पटा बिरसा मुंडा जेल रोड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य सरकार की याजनाओं की ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ध्यान खींचने के लिए राजधानी रांची के पुराना जेल रोड को अपनी योजनाओं की होर्डिंग से पाट दिया है। विगत चार सालों में हेमंत सरकार द्वारा जितनी भी योजनाएं शुरू की गई हैं, उन सभी के बड़े-बड़े होर्डिंग सड़क के दोनों ओर लगा दिया गया हैं। जेल चौक से लेकर पुराना टेकर स्टैंड तक करीब 200 से अधिक होर्डिंग लगाए गए हैं। कुछ होर्डिंग में प्रधानमंत्री के स्वागत के रूप में लगाया गया है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की तस्वीर है। मगर अधिकांश होर्डिंग राज्य सरकार की योजनाओं से जुड़ी है। जिसमें सभी योजनाओं के बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ध्यान आकृष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है।

होर्डिंग में सरकार ने फूलो-झानो योजना, यूनिवर्सल पेंशन स्कीम, किसानों की लोन माफी योजना, अबुआ आवास योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, झारखंड एकलव्य प्रशिक्षण योजना, मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना, मुख्यमंत्री सारथी योजना, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना, ऑनलाइन म्यूटेशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, राज्य कर्मचारियों को 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता, पेट्रोल सब्सिडी योजना, 100 यूनिट फ्री बिजली योजना, 400 यूनिट तक सब्सिडी योजना, मरांग गोमके पारदेशीय छात्रवृति योजना, सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना, आपकी योजना, सकार आपके द्वार अभियान सहित विगत चार वर्षों में सरकार द्वारा चलायी गयी सभी योजनाओं की बड़े-बड़े होर्डिंग लगाए गए हैं.होर्डिंग में सरकार ने फुलो-झानो योजना, यूनिवर्सल पेंशन स्कीम, किसानों की लोन माफी योजना, अबुआ आवास योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, झारखंड एकलव्य प्रशिक्षण योजना, मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना, मुख्यमंत्री सारथी योजना, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना, ऑनलाइन म्यूटेशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, राज्य कर्मचारियों को 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता, पेट्रोल सब्सिडी योजना, 100 यूनिट फ्री बिजली योजना, 400 यूनिट तक सब्सिडी योजना, मरांग गोमके प्रदेशीय छात्रवृत्ति योजना, सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना, आपकी योजना, सकार आपके द्वार अभियान सहित विगत चार वर्षों में सरकार द्वारा चलायी गयी सभी योजनाओं की बड़े-बड़े होर्डिंग लगाए गए हैं।



**आइसीयू-बी की गहन जांच कर तैयार किया गया बेड**

# रिम्स के आइसीयू-बी में पीएम नरेंद्र मोदी के लिए बेड रिजर्व

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जनजातीय गौरव दिवस पर प्रधानमंत्री मंगलवार की रात रांची पहुंच चुके हैं। इसे लेकर राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) और सदर हॉसिप्टल को अलर्ट मोड पर रखा गया है। रिम्स के ट्रॉमा सेंटर एंड सेंट्रल इमरजेंसी के तीसरे तल्ले में स्थित आईसीयू-बी में मेडिकल इमरजेंसी को लेकर बेड तैयार किया गया है। वहीं दूसरी ओर पीएम के आगमन व मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के दृष्टिकोण से आईसीयू की गहन जांच की गयी। मेटल डिटेक्टर से लैस प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने बेड व पूरे कमरे की गहनता से जांच की। रिम्स से मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ब्लड ग्रुप ए-पॉजिटिव है।

**ट्रॉमा सेंटर एंड सेंट्रल इमरजेंसी में इनकी ड्यूटी :** पीएम मोदी के रांची आगमन से लेकर रवाना होने तक ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टरों की विशेष रूप से प्रतिनियुक्ति की गयी है। इनमें मंगलवार को डॉ सुदीप्तो को फर्स्ट ऑन कॉल, जबकि सेकंड ऑन कॉल में क्रिटिकल केयर विभाग के एचओडी डॉ प्रदीप कुमार भट्टाचार्य की तैनाती की गयी है। वहीं 15 नवंबर को फर्स्ट ऑन कॉल में डॉ टुडू और सेकेंड ऑन कॉल में डॉ भट्टाचार्य रहेंगे, जबकि डीएम और सीनियर रेसिडेंट में 14 नवंबर को डॉ डुमिनी सोरेन और डॉ अमित कुमार दिन में ड्यूटी पर रहेंगे। वहीं रात की ड्यूटी में डॉ जगमोहन कुमार रहेंगे, जबकि 15 नवंबर को दिन में डॉ डुमिनी सोरेन और डॉ कुणाल राज और रात में डॉ अमित कुमार रहेंगे। इसी के साथ तीन शिफ्टों में 10 नर्सों को भी तैनात किया गया है। दो टेक्नीशियन भी दिन-रात मौजूद रहेंगे।

**रिम्स में विशेष रूप से की गयी सफाई :** प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए मंगलवार को रिम्स परिसर की विशेष रूप से सफाई की गयी। वहीं अस्पताल परिसर में लगने वाले दर्जनों ठेले-खोमचे हटा दिये गये हैं। साथ ही आइसीईयू-बी की साफ-सफाई की गयी है।

## पीएम के झारखंड दौरे का इफेक्ट : माथे पर मोटरी और गोद में बच्चा ले पैदल चली जनता





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** माथे पर मोटरी और गोद में बच्चा को लेकर जनता मंगलवार को पैदल चली। रातू रोड से कचहरी और लालपुर से कचहरी तक हरकोई पैदल था। वजह पीएम नरेन्द्र मोदी की रांची यात्रा बनी। जिन-जिन सड़कों से मोदी गुजरेंगे उस रूट की मॉक ड्रिल हुई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रांची पहुंचने से 12 घंटे पहले एयरपोर्ट से राजभवन और राजभवन से जेल रोड स्थित बिरसा मुंडा संग्रहालय तक के रूट में मॉक ड्रिल शुरू हुई। मॉक ड्रिल और अन्य तैयारियों की वजह से रातू रोड से कचहरी और कचहरी से लालपुर की सड़क में सवारी वाहन, ऑटो, स्कूल बसों समेत अन्य वाहनों का भी परिचालन रोक दिया गया। कनेक्टिंग सड़क पर बैरियर लगाकर वाहनों को रोका गया, ताकि सड़क पूरी तरह निर्बाध रहे। इन कारणों से जो लोग ऑटो या दूसरे सवारी वाहनों से आ जा रहे थे, उन्हें उतरकर पैदल आना जाना पड़ा। स्कूल के छात्र, कोचिंग छात्र भी सात-आठ किमी पैदल चलने के लिए विवश रहे। जिन-जिन जगहों पर वाहनों को रोका गया, उन-उन जगहों पर जाम लगा रहा। रातू रोड़ से आनेवाली ऑटो व कार आदि को दुर्गा मंदिर के रूट डायवर्ट कर दिया जा रहा था। इन सबको रातू रोड़ चौक होकर आगे जाने नहीं दिया गया। इसी तरह लालपुर की ओर से कचहरी तरफ आनेवाली ऑटो व कार आदि को न्यूक्लियस मॉल के पास रोक कर वापस लौटा दिया जा रहा था। जिस कारण जाम की स्थिति बनी रही। यात्री पैदल होने के बाद मोटरी-गठरी माथे पर लेकर चलने के विवश थे। सुबह नौ बजे से लेकर देर रात तक यही स्थिति बनी रही।

## कांग्रेस ने 60 साल के शासनकाल में आदिवासी समाज को छला : सांसद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद समीर उराँव ने कांग्रेस नेताओं के बयान पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को आदिवासी समाज का विकास पसंद नहीं है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आदिवासी समाज को पूर्ण सम्मान मिला है। भगवान बिरसा मुंडा के जन्म जयंती को राष्ट्रीय गौरव दिवस घोषित कर आजादी के अमृत काल में प्रधानमंत्री ने देश के सभी शहीदों का सम्मान दिया है।

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर ही अलग राज्य झारखंड के सपने को पूरा किया गया। आदिवासी समाज के एक एक परिवार तक सरकार की योजना पहुँचे इसकी परिकल्पना को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी खूँटी से आदिवासी समाज के लिये बड़ी योजनाओं की घोषणा करेंगे। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के लिए विकास की बात से कांग्रेस को पेट में दर्द होने लगता है। आदिवासी समाज का गौरव बढ़ाने और उसे सामाजिक न्याय दिलाने, विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का काम भाजपा ने किया है।

श्री उरांव ने कहा कि 60 वर्षों तक देश की सत्ता संभालने वाली कांग्रेस ने आदिवासी समाज को ठगने का काम किया है। कांग्रेस ने आदिवासी समाज को वोट बैंक बनाकर उपयोग किया है। देश की आजादी के समय आदिवासी समाज का जो हाल था उसे उसी हाल पर कांग्रेस ने छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पैसे और परिवार की राजनीति करती है। गांधी परिवार की वंदना करते हुए कांग्रेस के नेता उलूल जुलूल बयान दे रहे हैं।

### प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में आत्मदाह की धमकी देने वाले चार लोग गिरफ्तार

**रांची।** आदिवासी सेंगेल अभियान ने प्रधानमंत्री से इस दौरे के क्रम में सरना धर्म कोड को मान्यता देने की मांग की है। आदिवासी सेंगेल अभियान के चार कार्यकर्ताओं ने धमकी दी थी कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड यात्रा के दौरान आदिवासियों के लिए सरना कोड को मान्यता देने की घोषणा नहीं करते हैं, तो वे भगवान बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू में आत्मदाह कर लेंगे। इन सभी चार लोगों को पुलिस ने पीएम मोदी के झारखंड आने से पहले ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों में चंद्र मोहन मार्डी, पृथ्वी मुर्मू, विक्रम हेंब्रम और कान्हूराम टुडू हैं। आदिवासी सेंगेल के प्रमुख सालखन मुर्मू ने कहा है कि विभिन्न जिला मुख्यालयों पर सरना धर्म कोड और आदिवासी राष्ट्र बनाने की अपनी मांग के समर्थन में अनशन का उनका कार्यक्रम जारी रहेगा। सालखन और सुमित्रा मुर्मू जमशेदपुर के साकची गोलचक्कर पर अनशन और धरना-प्रदर्शन करेंगे।

## रांची में फायरिंग : तीन आरोपी गिरफ्तार, पिस्टल भी बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र इलाके में मंगलवार देर शाम धार्मिक स्थल के पास शौच करने को लेकर हुए विवाद में फायरिंग की वारदात हुई। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार किया है।

**क्या है पूरा मामला :** शौच करने से मना करने वाले ग्रामीण पर स्कार्पियों सवार पांच बदमाशों ने फायरिंग कर दी। फायरिंग की घटना के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए और स्कार्पियों सवार युवकों पर पथराव करते हुए तीन बदमाशों को पकड़ लिया और उनकी जमकर धुनाई कर दी। इस मामले की जानकारी मिलने पर जगन्नाथपुर पुलिस मौके पर पहुंची तो ग्रामीणों के द्वारा आरोपी युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से पिस्टल भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में सुमित उरांव के अलावा दो अन्य शामिल हैं। सुमित हत्या के कई मामले का आरोपी भी है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। जगन्नाथपुर पुलिस के अनुसार पीने खाने के दौरान और धार्मिक स्थल मैदान में शौच करने को लेकर विवाद की बात सामने आ रही है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है।

**स्कार्पियों को किया क्षतिग्रस्त, बदमाशों को लाठी से पीटा :** मिली जानकारी के अनुसार हेसाग स्थित धार्मिक स्थल मैदान में मंगलवार की शाम एक स्कार्पियों में सवार पांच लोग रूके। अधिकतर युवक नशे में धुत थे। वे धार्मिक स्थल मैदान परिसर में शौच करने लगे। वहां पर मौजूद कुछ युवकों ने उन्हें शौच करने से मना किया। इससे दोनों के बीच गाली-गलौज और तू-तू-मैं-मैं होने लगी। इसके बाद बात हाथापाई तक आ गयी। इसी दौरान बदमाशों ने तीन राउंड हवाई फायरिंग कर दी। गोलीबारी के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

## ताप विद्युत संयंत्रों को घरेलू कोयले की पर्याप्त उपलब्धता करेगा सुनिश्चित

# कोयला मंत्रालय की 2027 तक 1404 एमटी उत्पादन की योजना, वर्तमान में कोयले का समग्र स्टॉक 73.56 एमटी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कोयला मंत्रालय ने वर्ष 2027 तक 1404 मिलियन टन (एमटी) और वर्ष 2030 तक 1577 एमटी कोयला उत्पादन की योजना बनाई है। वर्तमान में कोयले का उत्पादन स्तर लगभग एक बिलियन टन प्रति वर्ष है। चालू वर्ष के लिए घरेलू कोयला आधारित बिजली संयंत्र को लगभग 821 एमटी कोयला आपूर्ति किया गया।

मंत्रालय ने 2030 तक देश में जोड़ी जाने वाली अतिरिक्त 80 गीगावॉट थर्मल क्षमता की आपूर्ति के लिए अतिरिक्त कोयले की जरूरत महसूस की है। अतिरिक्त थर्मल क्षमता के लिए कोयले की आवश्यकता 85 प्रतिशत पीएलएफ पर लगभग 400 एमटी होगी। वास्तविक आवश्यकता नवीकरणीय स्त्रोतों के योगदान के कारण आने वाले समय में उत्पादन जरूरतों के आधार पर कम हो सकती है।

मंत्रालय की उत्पादन वृद्धि योजना में अतिरिक्त मात्रा में कोयले का उत्पादन करने की योजना है। यह ताप विद्युत संयंत्रों को घरेलू कोयले की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। उत्पादन योजना में नई खदानें खोलना, खदानों की क्षमता का विस्तार और कैप्टिव, वाणिज्यिक खदानों से उत्पादन शामिल है। ये सभी तीन प्रचालनगत घटक योगदान दे रहे हैं और आगे की वृद्धि के लिए स्पष्ट योजनाएं हैं। वर्ष 2027 और 2030 के लिए उत्पादन योजनाएं देश में थर्मल पावर प्लांटों की संभावित घरेलू आवश्यकता से कहीं अधिक होंगी, जिसमें संभावित अतिरिक्त क्षमता भी शामिल है। जहां तक चालू वर्ष के लिए कोयले की स्थिति का सवाल है, स्टॉक बनना आरंभ हो गया है। थर्मल पावर प्लांटों में कोयले का स्टॉक अब लगभग 20 एमटी हो चुका है। खदानों में यह 41.59 एमटी है। कुल स्टॉक (ट्रांजिट और कैप्टिव खदानों सहित) पिछले वर्ष के 65.56 एमटी की तुलना में 73.56 एमटी है, जो 12 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि दर्शाता है।



मंत्रालय की मानें तो कोयला, बिजली और रेल मंत्रालय पूरे समन्वय के साथ काम कर रहे हैं। इसी के अनुरूप कोयले की सुचारू आपूर्ति बनाए रखी गई है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष के लिए सबसे कम टीपीपी स्टॉक 16.10.23 को था, उसके बाद थर्मल पावर प्लांट और खदान में स्टॉक का निर्माण शुरू हो गया है।

वहीं घरेलू कोयला आधारित संयंत्र के लिए बिजली उत्पादन में वृद्धि 8.99 प्रतिशत है, जबकि कोयला उत्पादन में वृद्धि वार्षिक आधार पर (अभी तक) 13.02 प्रतिशत है। यह भी उल्लेखनीय है कि पिछले तीन महीनों के दौरान, थर्मल पावर की मांग पिछले वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत बढ़ गई है।

## कांग्रेस नेताओं ने जयंती पर भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को किया याद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में देश के प्रथम प्रधानमंत्री जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मंगलवार को मनाई गयी। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने नेहरू जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

जयंती समारोह में वक्ताओं ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू ने पूरे विश्व में भारत को अग्रिम पंक्ति में खड़ा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज हम उनके इस योगदान को कभी भुला नहीं सकते। पंडित जवाहर लाल नेहरू को देश के गरीबों से प्रेम था, बच्चों से प्रेम था और सबसे बड़ी बात यह थी कि वो हमेशा देश के विकास के प्रति चितिंत रहते थे। इसी मनोभाव ने उन्हें महानता की उपाधि दी। वक्ताओं ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू न सिर्फ भारत के प्रधानमंत्री थे बल्कि वे आधुनिक भारत के निर्माता थे। उनके पदचिन्हों पर चलकर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं।



श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, डॉ एम तौसीफ, राजेश सिन्हा सन्नी, नेली नाथन, सुरेन राम, केदार पासवान, बेलस तिर्की, प्रभात कुमार, अजय सिंह, रमेश पांडेय, संजय कुमार ओझा, रश्मि चन्द्र, राजीव नारायण सिंह, रमन सिंह बंटी, अजहर इमाम, बिनोद साहु, धमेन्द्र सिंह, जाकिर हुसैन, बिनोद खलखो, सरताज हुसैन, अभय शंकर सिंह, राहुल दुबे, अमन, धमेन्द्र कुमार रिंकू, राज रजक, रामानंद केशरी आदि शामिल थे।

# 150 जनजातियों के 2500 से अधिक लोगों का हुआ जुटान, संवाद आज से

संवाद का 10वां संस्करण 15 नवंबर को गोपाल मैदान में शुरू हो रहा

टाटा स्टील के एमडी एवं सीइओ टीवी नरेंद्रन और निदेशकगण भी रहेंगे मौजूद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा समर्थित जनजातीय संस्कृति पर सबसे बड़े पारिस्थितिकी तंत्रों में से एक संवाद ने अपने दसवें संस्करण की घोषणा की है, जो 15 नवंबर से गोपाल मैदान में शुरू होगा। 351 नगाड़ों, ढोल और संगीत वाद्ययंत्रों की पारंपरिक धुन के साथ मनाया जाने वाला यह दिन झारखंड के प्रतिष्ठित आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती भी मनाता है। उक्त जानकारी टाटा स्टील फाउंडेशन के सीइओ सौरव राय ने संवाददाता सम्मेलन में दी। इस अवसर पर जीरेन टोपनो भी मौजूद थे। राय ने बताया कि संवाद 2023 की थीम है-मेरे साथ चलो-भारत की जनजातियों के बीच विचारों, व्यक्तियों और सामूहिकता की यात्रा को पहचानता है। यह थीम पिछले दशक में संवाद सम्मेलन में होने वाली बातचीत और संवादों से जुड़ा हुआ है, कि वे साझा ज्ञान, विचारों के आदान-प्रदान और आत्म-शिक्षा के साथ आने वाली चुनौतियों को हल करने के लिए कैसे तैयार हैं।


# गोड्डा में अदाणी पावर प्लांट :

## संताल परगना में विकास का प्रतीक



गोड्डा में अदाणी पावर प्लांट अदाणी पावर लिमिटेड द्वारा स्थापित एक अत्याधुनिक कोयला आधारित बिजली संयंत्र है। 1600 मेगावाट की स्थापित क्षमता के साथ, यह इस क्षेत्र के सबसे बड़े बिजली संयंत्रों में से एक है। संयंत्र उन्नत प्रौद्योगिकी का उपयोग करता है और कड़े पर्यावरण मानकों का पालन करता है।











**बुनियादी ढांचे का विकास:**

अदाणी पावर प्लांट की स्थापना से इस क्षेत्र मे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे का विकास हुआ है। इसमें सड़कों, परिवहन नेटवर्क और बिजली पारेषण लाइनों का निर्माण शामिल है, जो न केवल बिजली संयंत्र के संचालन का समर्थन करते है बल्कि क्षेत्र मे समग्र कनेक्टिविटी और पहुंच की सुविधा भी प्रदान करते है।



**आर्थिक प्रभाव:**

अदाणी पावर प्लांट की स्थापना ने इस क्षेत्र मे पर्याप्त निवेश आकर्षित किया है, जो संताल परगना के आर्थिक विकास मे योगदान देता है। परियोजना ने स्थानीय व्यवसायों, ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं के लिए अवसर प्रदान किए है।

**नौजवानो के लिए रोजगार का अवसर:**

बिजली संयंत्र ने स्थानीय आबादी के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर पैदा किए है। इससे बेरोजगारी की दर कम हुई है, आय के स्तर मे वृद्धि हुई है, और कई परिवारों के जीवन स्तर मे सुधार हुआ है।

**सामाजिक विकास के लिए कृत संकल्प शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार:**

अदाणी पावर ने शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा पर केंद्रित कई कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम शुरू किए है। इन पहलों ने आसपास के समुदायों मे शैक्षिक सुविधाओं, छात्रवृत्ति और स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे मे सुधार करने मे योगदान दिया है।

**कौशल विकास पर सर्वाधिक जोर:**

बिजली संयंत्र ने स्थानीय युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों, व्यावसायिक प्रशिक्षण और रोजगारोन्मुख पहलों की सुविधा प्रदान की है। इसने समुदाय को एक स्थायी आजीविका के लिए आवश्यक कौशल के साथ सशक्त बनाया है।

**न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव:**

गोड्डा मे अदाणी पावर प्लांट अपने पर्यावरण पदचिह्न को कम करने के लिए उन्नत तकनीकों को शामिल करता है। संयंत्र आधुनिक प्रदूषण नियंत्रण प्रणाली, धूल दमन तंत्र और कुशल जल प्रबंधन प्रथाओं जैसे उपायों को नियोजित करता है। यह पर्यावरणीय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करता है, जिससे स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव कम होता है।

**सामुदायिक विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता:**

अदाणी पावर लिमिटेड सामुदायिक विकास कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय समुदाय के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। स्थानीय निवासियों के साथ नियमित बातचीत और समुदाय संचालित पहलों मे शामिल होने से बिजली संयंत्र और स्थानीय आबादी के बीच सकारात्मक संबंध को बढ़ावा मिलता है।

**संताल परगना क्षेत्र मे विकास के एक प्रमुख प्रतीक:**

अदाणी पावर प्लांट संताल परगना क्षेत्र मे विकास के एक प्रमुख प्रतीक के रूप मे उभरा है। इसकी स्थापना से क्षेत्र मे महत्वपूर्ण आर्थिक विकास, रोजगार के अवसर, बुनियादी ढांचे के विकास और सामाजिक कल्याण की पहल हुई है। पर्यावरणीय स्थिरता और सामुदायिक जुड़ाव के लिए बिजली संयंत्र की प्रतिबद्धता इस क्षेत्र पर इसके सकारात्मक प्रभाव को और बढ़ाती है।







adani Power

Growth with Goodness

/AdaniOnline | www.adani.com


# डीसी व एसएसपी ने किया छठ घाटों का निरीक्षण


**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** महापर्व छठ पूजा को लेकर प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री एवं एसएसपी किशोर कौशल द्वारा शहरी क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजीव रंजन, डीसीएलआर रविन्द्र गागराई, उप नगर आयुक्त जेएनएसी, जुस्को के प्रतिनिधि समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 19 नवंबर को सूर्यधाम में भक्ति की गंगा बहायेंगी निशा पांडेय और ममता राउत

**जमशेदपुर।** सूर्य मंदिर समिति द्वारा चार दिवसीय छठ महोत्सव की रूपरेखा तय करने के उद्देश्य से मंदिर समिति की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को सिदगोड़ा सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित छठ महोत्सव प्रभारियों की बैठक में सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह समेत तमाम पदाधिकारी मुख्यरूप से शामिल हुए। बैठक में छठ महोत्सव पर होने वाले सांस्कृतिक संध्या एवं छठ महोत्सव को धूमधाम एवं सुचारु रुप से संचालित करने का निर्णय लिया गया। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि छठ महोत्सव को लेकर सूर्य मंदिर समिति सभी पहलुओं पर व्यापक तैयारी कर ली है छठ पूजा में मंदिर परिसर के दोनों छठ घाटों की सुंदर साफ-सफाई, पूरे मंदिर परिसर की पुष्प सज्जा, मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन के लिए पूर्ण रुप से तैयार है। कार्यक्रम में लोकगायिका निशा पांडेय, सुर संग्राम की विजेता ममता राउत एवं स्थानीय कलाकार की प्रस्तुति 19 नवंबर संध्या 7 बजे से होगी। जिसके लिए आमंत्रण पत्र के माध्यम से लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। वहीं, प्रभारी कमलेश सिंह ने छठ महोत्सव के तहत छठ पूजा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सूर्य मंदिर समिति की ओर से दिनांक 18 को सुबह 11 बजे से मन्दिर परिसर में 1100 जरूरतमंद व्रतधारियों को निःशुल्क पूजन सामग्री भेंट की जाएगी।










स्पीड न्यूज

# प्रधानमंत्री के जोहार को बेकरार भगवान बिरसा मुंडा का द्वार

## सोहराय पेंटिंग देख चमक उठीं बिरसा मुंडा के परपोते की आंखें

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 नवंबर को खूंटी दौरे पर आ रहे हैं। भगवान बिरसा का द्वार पीएम के जोहर को बेकरार है। प्रशासनिक स्तर पर तैयारी पूरी कर ली गई है। वहीं बिरसा मुंडा के आंगन की तस्वीर भी बदल गई है। यह सब देख उनके परपोते की आंखें चमक उठीं है। अचानक भगवान बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू सुर्खियों में आ गया है। वजह बने हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी. वह देश के पहले पीएम हैं जो जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर बिरसा मुंडा की जन्मस्थली में पधार रहे हैं। शहीद के वंशज के घर की तस्वीर ही बदल गई है। रंग रोगन होने लगा। सोहराय पेंटिंग होने लगी। फर्श चमकने लगा। पीएम के आगमन के 48 घंटा पहले जल जीवन मिशन वाले नल से पानी आने लगा। पीला टी-शर्ट और धोती पहने जो बुजुर्ग दिख रहे हैं, वह हैं भगवान बिरसा के परपोते सुखराम मुंडा। उम्र 80 साल से ज्यादा हो चुकी है। उनके बगल में दीवार पर टिकी छड़ी से उनकी ताकत आंकी जा सकती है। पीएम के आगमन का प्रोग्राम बनने से पहले तक बेड पर थे। जैसे पता चला कि पीएम मोदी उनसे मिल सकते हैं, बातें कर सकते हैं तो प्रशासन जाग उठा. उनका इलाज कराया गया। उसी की बदौलत अब चल-फिर पा रहे हैं। एक सुबह जब एस्बेस्टस वाले अपने घर से बाहर निकले तो देखा कि दीवार पर कोई सोहराय पेंटिंग कर रहा है। दो किसान खेती करते नजर आ रहे हैं। मोर नाच रहे हैं। एक किसान खेत की जुताई कर रहा है। सोहराय पेंटिंग को निहारते सुखराम मुंडा की आंखों की चमक महसूस की जा सकती है।



सोहराई पेंटिंग देखते बिरसा मुंडा के परपोते।

## धरती आबा के गांव उलिहातू के नाम की खासियत

**खूंटी/ रांची।** बिरसा मुंडा की जयंती पर पीएम मोदी खूंटी के उलिहातू दौरे पर रहेंगे। यहां वे बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देंगे। पहली बार देश के कोई प्रधानमंत्री उलिहातू दौरे पर पहुंच रहे हैं, इसलिए इस गांव की चर्चा पूरे देश में हो रही है। लेकिन इस गांव का नाम भी बेहद खास है। भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली को झारखंडवासी उलिहातू के नाम से जानते हैं, लेकिन उलिहातू का क्या मतलब है शायद कम ही लोग जानते हैं। उलिहातू का नाम कैसे पड़ा। इस विषय पर बिरसा मुंडा के वंशज समेत उलिहातू के स्थानीय लोगों ने जानकारी दी जो काफी दिलचस्प है। बिरसा मुंडा के वंशज और स्थानीय निवासियों ने बताया कि मुंडारी में उली मतलब आम और हातू का मतलब गांव। इन दो मुंडारी शब्दों से मिलकर उलिहातू गांव का नाम रखा गया। स्थानीय लोगों का मानना है कि जब पहली बार यहां जंगल पहाड़ों के बीच पूर्ति गोत्र के लोग रहने आए तो यहां विशाल आम के पेड़ थे। यहीं उनके पूर्वजों ने रात गुजारा था। आम के पेड़ की छाया में पहली बार यहां उनके पूर्वजों ने शरण ली थी, इसलिए गांव का नाम उलिहातू पड़ा। कुछ लोग मानते हैं कि इस क्षेत्र में विशाल आम के पेड़ होते थे, लेकिन समय के साथ वे पेड़ कटते चले गए। आसपास आज भी कुछ आम के वृक्ष और सखुआ के पेड़ बचे हैं।




नल में पानी आने पर बर्तन धोतीं बिरसा की वंशज।

## बरौंदी मेला में सुरक्षा को लेकर मेला समिति की बैठक

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के ऐतिहासिक बरौदी मेला में सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहेगी। मेला में विधि व्यवस्था की तैयारी को लेकर मंगलवार को मेला समिति तथा प्रशासन की संयुक्त बैठक थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मेला के दिन 25 नवंबर को ठाकुरगांव- पिठोरिया मुख्य मार्ग से वाहनों का परिचालन बंद रखने का निर्णय हुआ। साथ ही निर्णय लिया गया कि मेला क्षेत्र में शराब तथा जुआ खेल कराने वालों पर प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगी। मौके पर समिति के अध्यक्ष रामजतन पाहन, बिहारीलाल महतो, जैनुल अंसारी, पनेनाथ महतो, जहरुद्दीन अंसारी, सीटू मुंडा, छुन्नूलाल महतो मौजूद थे।

## नावाडीह गांव में जुआ खेलते 13 गिरफ्तार

**राहे।** ओपी क्षेत्र के नावाडीह गांव में सोमवार रात एक घर में जुआ खेलते हुए राहे पुलिस ने 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। राहे पुलिस को गुप्त सूचना मिलने पर प्रभारी राम रेखा पासवान के नेतृत्व में पुलिस बल गांव पहुंच कर घर में छापामारी की। इस दौरान पुलिस ने 13 व्यक्ति को पकड़ा और 15 हजार रुपए जब्त किये।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में एक युवक गिरफ्तार

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के बांकू गांव में 14 वर्षीय एक किशोरी के साथ सोनाहातू पुलिस ने एक युवक नवल किशोर सिंह मुंडा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामल दीपावली रात की बताई जा रही है। पुलिस ने किशोरी और उनके परिजनों के बयान के आधार पर युवक की गिरफ्तार किया और जेल भेज कर मामले की छानबीन कर रही है।

## बेड़ो : अज्ञात वाहन के धक्के से दो घायल

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के पावर ग्रिड के समीप रांची गुमला मुख्य मार्ग पर मंगलवार की अपराह्न लगभग चार बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार जेल रोड रांची निवासी 50 वर्षीय विनोद लोहरा व थड़पकना रांची निवासी 32 विजय जयसवाल गिरकर गंभीर रूप घायल हो गए। दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घायल विजय ने बताया कि वे अपने बाइक से रांची आ रहे थे। इसी दौरान पावर ग्रिड के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

## सिकिदिरी : पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना की पुलिस ने मंगलवार को एसआई अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में सिकिदिरी.ओरमांझी में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सभी छोटे-बड़े सभी वाहनों की गहन जांच की गई।

## बेड़ो में मां काली की प्रतिमा का विसर्जन

**बेड़ो।** मंगलवार की शाम विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। जो साईं मंदिर पथ से शुरू होकर महादानी मंदिर की परिक्रमा करते हुए बेड़ो बाजार टांड़ पहुंचा। इसके पूर्व पूजास्थल पर मां काली की महाआरती के बाद भंडारा का आयोजन किया गया।

## 150 मीटर फर्राटा दौड़ में खुशबू ने जीता स्वर्ण

**सिकिदिरी।** जनकल्याण समर्पण संस्थान के तत्वाधान में सिकिदिरी मैदान में चल रहे खेल महोत्सव में मंगलवार को अलग.अलग स्पधाओं का आयोजन किया गया।इस में 150 मीटर फरार्टा दौड़ के सीनियर बालिका वर्ग में खुशबू कुमारी ने स्वर्ण, 100 मीटर के सब जूनियर बालक वर्ग में रितेश कुमार ने स्वर्ण, 150 मीटर के सब जूनियर बालिका वर्ग में प्रियंका कुमारी ने स्वर्ण, 150 मीटर के सब जूनियर बालिका वर्ग में शीतल जायसवाल ने स्वर्ण व150 मीटर के सब जूनियर बालक वर्ग में साहिल करमाली ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं बैडमिंटन अंडर-10 के बालक वर्ग में अंश करमाली ने स्वर्ण व बालिका में सेजल जायसवाल ने स्वर्ण जीता।

# बाल अपराध पर अंकुश बगैर बाल दिवस का उद्देश्य अधूरा

बाल दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** बाल दिवस के अवसर भाजपा नेता कमलेश राम द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के गरीब बच्चों के चेहरे पर मुस्कान बिखरने का प्रयास किया गया। मंगलवार को अंबाटोला के नायक बस्ती पहुंचे कमलेष राम ने बच्चों के बीच मिठाई वितण किया। बच्चों से मनमोहक सवाल पूछा और जबाब देने वालों के साथ सभी बच्चों के कॉपी, पेन, पेंसिल व अन्य शैक्षणिक सामग्री प्रदान किया। बच्चों से प्रत्येक दिन स्कूल जाने व पढ़ाई करने को कहा। साथ ही बच्चों के माता पिता से भी बच्चों की बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की, और बच्चों को हसंभव मदद करने का आश्वासन भी दिया। कहा षिक्षा से ही समाज का बदलाव संभव है। उसने कहा बच्चों को अधिकार मिले और बाल अपराध पर अंकुष लगाने के प्रति जबतक समाजिक जगरूकता नही आती, तबतक बाल दिवस का उदेष्य पूर्ण नही हो सकता। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की उचित देखभाल, स्वस्थ्य, पौष्टिकता व शिक्षा में सुधार की जरूत है। कार्यक्रम में समाजसेवी शंभु सिंह, भाजपा के श्रवण गोप, रामप्रसाद गोप, मुकेश केशरी, राजेश राम, कृष्णा नायक सहित सैकड़ों बच्चों के साथ ग्रामीण उपस्थित थें।



गरीब बच्चों को सामग्री देते कमलेश राम।

## गुरुगाईं सोहराई जतरा में ग्राम देवता की पूजा

**बुढ़मू।** दीपावली पर्व के अवसर पर लगने वाला सोहराई जतरा का आयोजन गुरुगाईं गांव के घोड़ाटांगड़ मैदान में मंगलवार को किया गया। जतरा का शुभारंभ गांव के पाहन राजा दशु पाहन के द्वारा ग्राम देवता के खूंटा में विशेष पूजा अर्चना कर किया व गांव के कल्याण की कामना की। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम मंच का उद्घाटन मुखिया जयंती देवी प्रमुख सत्यनारायण मुंडा रामजीत गंझू पार्वती देवी उत्पल शहदेव गोपाल तिवारी अध्यक्ष दीपेंद्र गोप बालिंदर गोप गिरधारी गोप आदि ने फीता काटकर किया गया। जतरा में मिठाईयां व ईख की खूब बिक्री हुई।

# रातू : सोहराई जतरा में दिखी पारंपरिक एकता की झलक



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड के हुरहुरी फेटा में मंगलवार को परंपरागत सोहराई जतरा लगा। महोत्सव में पारंपरिक एकता की झलक देखने को मिली। उद्घाटन हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में अलाशा म्यूजिकल ग्रुप के ख्याति प्राप्त पवन रॉय, मनोज नागपुरी व प्रेम सिंह आदि कलाकारों ने गीत-संगीत की छटा बिखेरी। वहीं नृत्यांगना सोनी और लक्ष्मी ने जतरार्थियों को खूब नचाया।

### इन्होंने निभायी भूमिका

जेम्स खलखो, कमल खलखो, इमरान खान, आलोक उरांव, रूपेश गोप, सुनिल लोहरा, बिरेंद्र उरांव, सतीश साहू, आशीष गोप, ईश्वर गोप, मोहित सिंह, पप्पू गोप, मंदीप मुंडा, रमेश साहू आदि।

# राजनीति के क्षेत्र में उपेक्षित है तेली समुदाय : महेश महतो

## आरक्षण के लाभ से वंचित है तेली समाज



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** झारखंड में तेली समुदाय की आबादी करीब 50 लाख है। समाज के लोग सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं। जीवनयापन का मुख्य स्रोत कृषि व छोटे मोटे व्यापार है। यह समुदाय सामाजिक एवं आर्थिक रूप से काफी पिछड़ा है। राजनीति में भी उपेक्षित है। अलग राज्य बने 23 साल हो गये। लेकिन खूंटी, गुमला, सिमडेगा, लातेहार, लोहरदगा, पश्चिमी सिंहभूम व दुमका में पिछड़ा वर्ग का आरक्षण 23 साल से शून्य कर दिया गया है। शेष 17 जिले में जनसंख्या के अनुपात में ओबीसी आरक्षण बहुत कम है। झारखंड के 11 जिले अनुसूचित क्षेत्र होने के कारण लोगों को प्रतिनिधि के तौर पर पंचायतों में भी जगह नहीं मिल पा रही है। उक्त बातें झारखंड तैलिक महासभा के अध्यक्ष महेश महतो ने कही। वह मंगलवार को मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। श्री महतो ने केंद्र और राज्य सरकार से छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व राजस्थान की तर्ज पर तेलघानी विकास बोर्ड का गठन व जाति आधारित जनगणना कराकर अत्यंत पिछड़ा वर्ग को उचित मान-सम्मान दिये जाने की मांग की है।

# जतरा छोटानागपुर की सांस्कृतिक विरासत

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा ।** प्रखंड के चमघाटी पांच खोड़हा टीम के साथ पारंपरिक भेष भूषा रीति-रिवाजों के साथ सोहराई जतरा का आयोजन हुआ। जतरा मे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आजसू पार्टी के पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा जतरा हमारी पूर्वजों की देन है और यह छोटा नागपुर की सांस्कृतिक विरासत है। नाचगान करके हम आदिवासी अपनी परम्पराओं बचाए रखना चाहते हैं। मौके पर राजाडेरा पंचायत मुखिया सीमा देवी संध्या बॉन्डो जतरा समिति के अध्यक्ष बिरसा उरांव सचिव निकेश उरांव राजेश महतो रमेश उरांव उमेश महतो रमेश महली प्रधान धर्मनाथ पाहन हरिचरण उरांव बैजनाथ उराव चारी उरांव मोतीराम मुंडा कीस्टो लोहरा बिजला उरांव पुशराम चौधरी मनोज सिंह चमरू कुम्हार मंटू उरांव मौजूद थे।



## बिसाहाखटंगा में 12 पड़हा सोहराई जतरा

**मांडर।** बिसाहाखटंगा जोलहा टोली में 12 पड़हा सोहराई जतरा का आयोजन किया गया। इस जतरा में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो शामिल हुए। मौके पर उन्होंने कहा कि जतरा आदिवासियों की संस्कृति की पहचान है। हमारे पूर्वजों द्वारा प्रारंभ किए गए जतरा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। जतरा के माध्यम से आदिवासियों के रीति-रिवाज परंपरा को ऊर्जा मिलती है। साथ ही समाज में सामुदायिकता को भी बल मिलता है। जतरा समाज को एक सूत्र में बांधने का भी कार्य करता है। आदिवासी समाज ही एक ऐसा समाज है, इसमें तीन पीढ़ी एक साथ सामूहिक नृत्य करती है।

# बच्चों की प्रतिभा निखारना चाचा नेहरू का था सपना

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांके।** कांके के मनातू गांव में बाल दिवस पर बच्चों को संबोधित करते हुए समाजसेवी अनूप कुमार महतो ने कहा कि बच्चों के अंदर की कला को निखारना ही भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का सपना था। मौके पर केजी से कक्षा 6 के बच्चों के लिए स्कूल से संबंधित प्रकरण पर चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। प्रतियोगिता में अपनी कक्षा में स्वाति कुमारी, वर्षा कुमारी, शशि शिवम महतो, उषा कुमारी, वृंदा कुमारी, युवराज कुमार महतो, भूमि कुमारी को प्रथम पुरस्कार मिला। वहीं अंकित महतो, श्रेया कश्यप, सौरभ कुमार महतो, अनुष्का कुमारी, आस्था कुमारी, दिवाकर महतो, जयंत कुमार मिश्रा को द्वितीय पुरस्कार एवं सुदेश कुमार महतो, निखिल कुमार, वैभव राज महतो, भवेश कुमार, प्रिया कुमारी, आदित्य मिश्रा, लक्ष्मी कुमारी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम कुर्मी/ कुड़मी विकास मोर्चा के बैनर तले किया गया।



## कार्यक्रम में ये लोग थे शामिल

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य सुषमा देवी, विशिष्ट अतिथि मनातू पंचायत की मुखिया पूनम देवी, उप मुखिया प्रतिमा देवी, भाजयुमो के जिला मंत्री दीपक महतो, समाजसेवी गुड्डू बड़ाइक, आशीष महतो, सुरेश महतो, प्रेम किशोर, संजय महतो, अजय महतो, झबूलाल महतो, नीलांबर सिंह, बबलू, रीझन देवी, सुजल महतो, नीतिश महतो एवं अन्य लोग मौजूद थे।

# चोरेया में विधायक ने किया जतरा खूंटा का उद्घाटन



**चान्हो।** प्रखंड क्षेत्र के चोरेया में सोमवार को सरना स्थल सुंदरीकरण, धुमकुड़िया भवन एवं जतरा खूंटा का उद्घाटन विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि जतरा हमारी सांस्कृतिक पहचान है। जतरा खूंटा पूजनीय है। हमें अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए पुरखों द्वारा बताई गई विधि को अपनाना है। साथ ही युवा गृह धुमकुड़िया के माध्यम से अपने अंदर छिपी प्रतिभा को निखारना है। वहीं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि हमारी संस्कृति को मिलजुल आगे ले जाना है। इससे पूर्व विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने सरना स्थल पर माथा टेक कर मांडर विधानसभा वासियों के सुख-समृद्धि एवं लम्बे जीवन के लिए प्रार्थना किये। मौके पर धर्म गुरु बंधन तिग्गा, ईश्तियाक अंसारी, मोजीबुल्लाह, चरवा उरांव, मन्ना उरांव, रेखा सांगा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### छठ महापर्व को लेकर जलाशयों की सफाई शुरू

**रातू।** भगवान भास्कर की उपासना का महापर्व छठ की तैयारी जोरशोर से की जा रही है। क्षेत्र के तालाब और जलाशयों की साफ-सफाई शुरू हो गयी है। 19 नवंबर की शाम अस्ताचलगामी और इसकी अगली सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ महोत्सव का समापन होगा। 17 को नहाय खाय और 18 की शाम खरना पूजा होगी। 16 से काठीटांड़, चट्टी, ब्लॉक चौक, झखराटांड़, कमड़े, दलादिली व मलमाड़ू आदि चौक-चौराहे पर पूजा सामग्री की दुकानें सजेंगी। पूजा को लेकर व्रती परिवार उत्साहित हैं।

**यहां बनेंगे छठ घाट :** महाराजा तालाब, हुरहुरी, फेटा, चिलदाग, टीपूटोली, तारूप, उषामातु, टिकराटोली, मलमाड़ू, पुरियो, जाड़ी, कन्नौज, मखमंदरो, काटू, मुरगू, लहना, पाली, पंडरा, बिजुलिया, तिगरा टिकराटोली, गुड़ू, बाजपुर, हिंसरी, अगड़ू, सिमलिया, गायत्री नगर, नयाटोली, गुटूटोली, तिलता, कमड़े, झिरी, चटकपुर, सोसो, नवांसोसो व दलादिली आदि।

### फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने मन मोहा



**इटकी।** बाल दिवस के मौके पर इटकी के दर्सगाह इस्लामी अलकौसर गर्ल्स हाई स्कूल में फैंसी ड्रेस व फूड एक्जीविशन का आयोजन किया गया। एलकेजी व यूकेजी के बच्चों के बीच आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में विभिन्न परिधानों में आये बच्चे कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र बने रहे। फूड एक्जीविशन में स्कूल के बच्चों द्वारा बनाये गये स्वादिष्ट व्यंजन को चख कर लोगों ने खूब सराहना किया। फूड एक्जीविशन को लेकर बच्चों और अभिभावकों में उत्साह देखा गया। जूनियर वर्ग में कक्षा चार के विद्यार्थियों ने फल, सब्जी, अंडा व फुचका का स्टॉल लगाया। कार्यक्रम में स्कूल के प्रिंसिपल हाशिम अंसारी, इरफान अहमद, राजिक इकबाल, इनामुल्लाह रहमत, हाफिज शमीम, फरहीन बेगम, राफिया शाहीन, शीरीन नरगिस, शहाना अफरोज, ताबिन्दा सदफ, हाफिज मतलूब सहित छात्र-छात्राएं व अभिभावक मौजूद थे।

### वंडरलैंड स्कूल में मना बाल दिवस

**मांडर।** प्रखंड क्षेत्र के कंदरी मोड़ स्थित वंडरलैंड स्कूल में मंगलवार को बाल दिवस के अवसर पर विविध प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा नृत्य, गायन, खेल, म्यूजिकल चेयर, जलेबी रेस, बिस्कुट रेस, फैन्सी ड्रेस कंपीटीशन, स्पून एंड मार्बल आदि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्टेट थीम पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कक्षा 7 व 8 के विद्यार्थियों के द्वारा अद्भुत प्रदर्शन किया गया।

### अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी ने सौंपा ज्ञापन

**मांडर।** प्रखंड अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी द्वारा मंगलवार को प्रभारी बीडीओ विजय हेमराज खलखो के हाथों विभिन्न मांगों का एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कंजिया में 14 करोड़ 75 लाख की लागत से अल्पसंख्यक आवासीय प्लस टू उच्च विद्यालय निर्माण योजना स्थगित कर रांची जिला के दूसरे प्रखंड में स्थानंतरण किये जाने को पुनः प्रखंड के बंझिला ग्राम में अवस्थित सरकारी भूमि में कराने की मांग की गई। साथ ही प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत अल्पसंख्यक बहुल पंचायत एवं ग्राम में अस्पताल, स्कूल, ट्रेनिंग सेंटर, खेल मैदान, मार्केट शेड, छात्रावास आदि का प्रस्ताव आईटीडी पदाधिकारी रांची को भेजने की मांग की।

### बासुदेव आचार्य के निधन पर शोक



**मुरी।** बांकुड़ा से माकपा के 9 बार से सांसद रहे कामरेड वासुदेव आचार्या के निधन पर आज मुरी पार्टी कार्यालय में एक शोक सभा हुई। शोक सभा की अध्यक्षता कामरेड अरुण महतो ने करते हुए शहीद भगत सिंह चौक में पार्टी के झंडे को झुकाते हुए 2 मिनट मौन रखा गया तथा उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कामरेड संतोष कुम्हार ने अपनी बातों को रखें। कामरेड जितेन्द्र महतो ने कहा कि बासु दा का जाना मजदूर वर्ग का बहुत बड़ा क्षति हुई है।

# टनल हादसे में फंसे ओरमांझी के मजदूरों के परिजन चिंतित

## उत्तराखंड टनल हादसा

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में निर्माणाधीन टनल धंसने से फंसे ओरमांझी थाना क्षेत्र के खिराबेड़ा गांव के तीन मजदूरों को लेकर स्वजनों के साथ गांव वाले काफी चिंतित हैं। टलन में फंसे ओरमांझी के खीराबेड़ा अनिल बेदिया, राजेंद्र बेदिया, सुखराम बेदिया के अलावा गांव के नरेश बेदिया, ब्रजकिशोर बेदिया, राजू बेदिया, कृष्णा मुंडा, रवि बेदिया, शंकर बेदिया सहित नौ मजदूर उत्तराखंड गए हैं। स्वजनों के अनुसार टलन में फंसे अपने मजदूर साथियों के साथ अन्य मजदूरों को निकालने में सभी युवक मजदूरों के साथ लगे हैं। इसकी जानकारी देते हुए स्वजन व ग्रामीण बताते हैं कि फंसे युवकों के अलावा जो मजदूर हैं उन सभी से फोन पर बात होती है। स्वजन के साथ गांव के अकला बेदिया, टिलू बेदिया, सरजू बेदिया, जयवीर बेदिया, भीखू बेदिया, मंतू बेदिया, सीतराम बेदिया, ढेना बेदिया, चमनी देवी, फोला देवी, रीता देवी, सुनिता देवी आदि ने सरकार से टलन में फंसे सभी युवकों को सुरक्षित निकालने व झारखंड लाने की मांग की है।



उत्तराखंड में हुए हादसे में फंसे मजदूरों को लेकर चिंतित ग्रामीण।

### काफी गरीब हैं सभी युवक

उत्तराखंड गए गांव के सभी युवा काफी गरीब हैं। इनमें से कई युवक मैट्रिक पास हैं। सभी अपने घर की हालात व गरीबी के कारण मजदूरी करने गए हैं। बताया गया कि कई युवक अपने स्वजन से राज्य से बाहर जाने की जानकारी भी नहीं दिये हैं। सभी एक-दूसरे से प्लांनिग कर मजदूरी करने उत्तराखंड चले गए।

### क्रशर में रोजगार का दावा फेल

खीराबेड़ा में दर्जनों की संख्या में अवैध क्रशर माइंस संचालित हैं। संचालक दावा करते हैं कि इससे गांव के लोगों को रोजगार उपलब्ध हुआ है। वहीं खीराबेड़ा के ग्रामीणों का कहना है कि रोजगार मिलता तो गांव के युवक मजदूरी करने प्रदेश क्यों जाते। रोजगार की कमी के कारण ही गांव के युवाओं को प्लायन करना पड़ रहा है।

### अधिकारी नहीं पहुंचे गांव

खीराबेड़ा गांव टोला मुहल्ला में जमा ग्रामीण टनल में फंसे युवकों की ही चर्चा कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है गांव के युवक हादसे में फंसे हैं और प्रखंड व जिला स्तर के एक भी अधिकारी स्वजनों से मिलने नही पहुंचे।








# विश्व कप सेमीफाइनल : न्यूजीलैंड से 2019 में मिले हार का आज बदला लेना चाहेगी भारतीय टीम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत विश्व कप में अजेय है, और उनका प्रदर्शन रोमांचक रहा है; बल्लेबाजी उत्कृष्ट रही है और तेज गेंदबाजो ने भी अपना काम बखूबी निभाया है।

भारत ने 2023 विश्व कप में अपना दबदबा बनाया है, अपने ग्रुप-स्टेज के सभी नौ मैच जीते हैं और टूनार्मेंट में एकमात्र अपराजित टीम है। विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में बुधवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मेन इन ब्लू का सामना न्यूजीलैंड से होगा। भारतीय टीम जब इस मैच के लिए मैदान पर उतरेगी तो उनका लक्ष्य न्यूजीलैंड से 2019 में मिले हार का बदला लेना होगा।

सेमीफाइनल में भारत की राह इस बार बहुत अधिक व्यवस्थित दिखाई दे रही है, जिससे उसके समर्थकों को अधिक उम्मीद होगी। सबसे महत्वपूर्ण संशोधन घरेलू टीम के लिए बल्लेबाजी टेम्पलेट में किया गया है।

इस विश्व कप में, प्रत्येक हिटर ने तत्परता की भावना दिखाई है, जिससे भारत की समग्र स्कोरिंग दर में वृद्धि हुई है। पूर्व कप्तान विराट कोहली टीम में एकमात्र नामित एंकर हैं और उन्हें बल्लेबाजी के लिए काफी समय दिया जाता है। रनों के लिए उनकी तीव्र इच्छा बताती है कि मौजूदा प्रतियोगिता में भारत नंबर 3 के पास किसी भी अन्य की तुलना में अधिक रन (594) क्यों हैं।

भारत की मजबूत शुरूआत के पीछे कप्तान रोहित शर्मा रहे हैं। रोहित इस प्रारूप में एक रन-मशीन हैं, उन्होंने इतना अच्छा प्रदर्शन किया है कि वह 503 रन बनाने में सफल रहे, जो टूनार्मेंट में चौथा सबसे अधिक रन है।

भारत के स्टार ओपनर शुभमन गिल ने सात मैचों में खुलकर बल्लेबाजी करते हुए 290 रन बनाए हैं। शॉर्ट गेंदों पर लगातार आउट होने के कारण श्रेयस अय्यर टूनार्मेंट में लड़खड़ा गए। हालाँकि, अय्यर ने मुंबई में श्रीलंका के खिलाफ शानदार अर्धशतक के साथ शानदार वापसी की। टूनार्मेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 82, 77 और नाबाद 128 है।

निचले-मध्यक्रम ने क्रीज पर उतना समय नहीं बिताया है। नंबर 6. बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने इंग्लैंड के खिलाफ 49 और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 22 रन बनाए, जबकि स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने 35 और नाबाद 29 रन बनाए, दोनों ने हार्दिक पांड्या की अनुपस्थिति की भरपाई के लिए बेहतरीन योगदान दिया।

इस बीच, भारत ने नीदरलैंड पर 160 रनों की शानदार जीत के साथ लीग दौर का समापन किया, जिससे मौजूदा टूनार्मेंट में अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा।

मेन इन ब्लू ने इस साल के विश्व कप में लगातार नौ मैच जीते हैं, जिससे वे 1983 और 2011 में पिछली जीत के बाद अपने संग्रह में तीसरी ट्रॉफी जोड़ने की स्थिति में आ गए हैं।

दूसरी तरफ न्यूजीलैंड की टीम का इस विश्व कप में मिला जुला प्रदर्शन रहा है। शुरूआती चार मैच जीतने के बाद टीम को अगले चार मैचों में हार का सामना करना पड़ा, हालांकि इनमें से कुछ मैच नजदीकी थे, विशेष कर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच, जिसमें 388 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए कीवी टीम ने 383 रन बनाए और केवल 5 रन से मैच हारी।

न्यूजीलैंड की सबसे बड़ी ताकत सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र और तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट हैं। रचिन रवींद्र ने वर्ल्ड कप 2023 में 9 मैच खेलकर सबसे ज्यादा 565 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से तीन शतक और दो अर्धशतक निकले. गेंदबाजी में भी रचिन ने उपयोगी योगदान देते हुए 5 विकेट लिए है।

वहीं ट्रेंट बोल्ट को शुरूआती ओवर में अपने स्विंग गेंदबाजी से विकेट लेने के लिए जाता है, जिससे भारत को सतर्क रहने की जरूरत है।

भारतीय टीम को 2019 का भी विश्व कप याद होगा, जब सेमीफाइनल में कीवी टीम ने भारत को शिकस्त देकर करोड़ों भारतीयों का दिल तोड़ा था, वह मैच पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी का भी आखिरी एकदिनी मैच साबित हुआ। भारत का लक्ष्य उस हार का बदला लेने का भी होगा।

## कुमामोटो मास्टर्स जापान 2023 : पहले दौर में हारी चिराग-सात्विक की जोड़ी

**कुमामोटो।** एशियाई खेलों के चैंपियन चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी को मंगलवार को कुमामोटो मास्टर्स जापान 2023 पुरुष युगल बैडमिंटन स्पर्धा के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा।

दुनिया की पांचवें नंबर की भारतीय जोड़ी को सुपर 500 बैडमिंटन टूनार्मेंट के 32वें राउंड में चीनी ताइपे की दुनिया की 21वें नंबर की जोड़ी लू चिंग याओ और यांग पो हान ने 63 मिनट तक चले मुकाबले में 21-16, 18-21, 16-21 से हराया।

भारतीय जोड़ी ने धीमी शुरूआत की और शुरूआत में 0-3 से पीछे चल रही थी। इसके बाद उन्होंने 3-3 से बराबरी की और एक समय चार अंकों की बढ़त हासिल कर ली। लू चिंग याओ और यांग पो हान ने इसके बाद वापसी करते हुए स्कोर 17-16 कर दिया लेकिन भारतीय जोड़ी ने लगातार चार अंक हासिल कर पहला गेम अपने नाम कर लिया।

दूसरा गेम कांटे का मुकाबला साबित हुआ। हालाँकि, भारतीय जोड़ी ने एक समय 9-6 की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन इसके बाद ताइपे की जोड़ी ने बेहतरीन वापसी करते हुए दूसरा गेम 21-18 से अपने नाम या और मैच तीसरे गेम में चला गया।

निर्णायक मुकाबले में दोनों जोड़ियों ने लंबी रैलियां खेलीं। एक समय स्कोर 10-10 से बराबर था लेकिन ताइपे की जोड़ी ने भारतीयों पर कुछ बॉडी स्मैश लगाए, जिन्होंने कुछ अप्रत्याशित गलतियां कीं जिससे ताइपे की जोड़ी ने आसानी से तीसरा सेट 21-16 से अपने नाम कर मैच भी जीत लिया।

# नीरज चोपड़ा पुरुष विश्व एथलीट ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा उन पांच एथलीटों में से एक हैं, जिन्हें पुरुष विश्व एथलीट ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामित किया गया है।

नीरज सहित जिन पांच एथलीटों को पुरस्कार के लिए नामित किया गया है, उन सभी ने 2023 में एथलेटिक्स में सनसनीखेज प्रदर्शन किया है और सभी ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप बुडापेस्ट 23 सहित दुनिया भर में हुए कई प्रतियोगिताओं में विश्व रिकॉर्ड के साथ खिताब जीता है।

### पुरुष विश्व एथलीट ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामित खिलाड़ी



1. नीरज चोपड़ा, (भारत, भाला फेंक एथलीट)- विश्व विजेता, एशियाई खेलों के चैंपियन।
2. रयान क्राउजर, (यूएसए, गोला फेंक)- विश्व रिकॉर्ड के साथ विश्व विजेता।
3. मोंडो डुप्लांटिस, (स्वीडन, पोल वॉल्ट)- विश्व विजेता, विश्व रिकॉर्ड के साथ डायमंड लीग चैंपियन।
4. केल्विन किप्टम, (केन्या, मैराथन)- लंदन और शिकागो मैराथन विजेता, मैराथन विश्व रिकॉर्ड धारक।
5. नूह लायल्स,( यूएसए, 100 मीटर/200 मीटर)- विश्व 100 मीटर और 200 मीटर चैंपियन, 200 मीटर में छह फाइनल में अपराजित।

**वर्ष 2023 विश्व एथलीटों के लिए मतदान प्रक्रिया**

तीन-तरफा मतदान प्रक्रिया के जरिये फाइनलिस्ट का निर्धारण किया गया।

विश्व एथलेटिक्स परिषद और विश्व एथलेटिक्स परिवार ने ईमेल के जरिए अपने वोट डाले, जबकि प्रशंसकों ने विश्व एथलेटिक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपने फैसले ऑनलाइन दर्ज किए, जहां रिकॉर्ड 2 मिलियन वोट दर्ज किए गए। मतदान 28 अक्टूबर को समाप्त हुआ।

## सीनियर महिला अंतर विभागीय राष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट आज से

**नयी दिल्ली।** तीसरी हॉकी इंडिया सीनियर महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2023 बुधवार से यहां शुरू होने वाली है। टूनामेंट में आठ टीमें भाग लेंगी, जिन्हें दो पूल में विभाजित किया गया है और यह 21 नवंबर तक चलेगी।

टूनामेंट के लीग चरण के दौरान, प्रत्येक टीम अपने पूल में अन्य सभी टीमों के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जो 20 नवंबर को निर्धारित है। फाइनल 21 नवंबर को तीसरे/चौथे स्थान के प्ले-ऑफ के साथ होगा।

पूल ए में रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, यूको बैंक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शामिल हैं। दूसरी ओर, पूल बी में सशस्त्र सीमा बल, अखिल भारतीय पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड, तमिलनाडु पुलिस और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन शामिल हैं।

इस टूनामेंट में नेशनल कोर ग्रुप के कुल 20 खिलाड़ी भाग लेंगे। बंसारी सोलंकी भारतीय खेल प्राधिकरण का प्रतिनिधित्व करेंगी, जबकि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन का प्रतिनिधित्व अक्षता अबासो ढेकाले, महिमा चौधरी, ज्योति, अजमीना कुजूर, बलजीत कौर, बिचू देवी खारीबाम, दीपिका, इशिका चौधरी, शर्मिला देवी, उदिता और वैष्णवी विट्ठल फाल्के करेंगी।

मौजूदा चैंपियन रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड, दीप ग्रेस एक्का, वंदना कटारिया, मारियाना कुजूर, रजनी एतिमारपू, गुरजीत कौर, मोनिका, नवनीत कौर और संगीता कुमारी के नेतृत्व में अपने खिताब की रक्षा करने उतरेगी।

# स्कूली शिक्षा विभाग ने जारी किया 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता का शेड्यूल

## एसजीएफआइ कर रहा है 29 खेलों का आयोजन

### झारखंड को मिली छह की मेजबानी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल 2023 के तहत स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) 29 खेलों का आयोजन कर रहा है। 29 में से छह खेलों (फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी, वूशु, स्केटिंग और साइक्लिंग) की मेजबानी झारखंड को मिली है। रांची में आयोजित इस प्रतियोगिता का शिड्यूल भी जारी कर दिया गया है। प्रतियोगिता का आयोजन 19 दिसंबर से 12 फरवरी तक किया जाना है। यह जानकारी जेईपीसी के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरेन ए सोरेंग ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मंगलवार को दी। बताते चलें कि झारखंड स्कूली शिक्षा विभाग और शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वाधान में झारंखड में प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। इसमें विभिन्न खेल संघों की मदद ली जायेगी।

**रांची में आयोजित छह खेलों की संभावित तिथि**

| | |
|---|---|
| 19 से 22 दिसंबर 2023 | फुटबॉल |
| 26 से 29 दिसंबर 2023 | खो- खो |
| 04 से 07 जनवरी 2024 | कबड्डी |
| 17 से 21 जनवरी 2024 | वूशु |
| 01 से 04 फरवरी 2024 | स्केटिंग |
| 08 से 12 फरवरी 2024 | साइक्लिंग |

## सीसीएल इंटर एरिया बैडमिंटन और टेबल टेनिस टूर्नामेंट शुरू



**रांची।** सीसीएल इंटर एरिया बैडमिंटन और टेबल टेनिस टूनामेंट का शुभारंभ रांची के खेलगांव स्थित ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में हुआ। इसका उद्घाटन विभागाध्यक्ष (कल्याण) रेखा पाण्डेय ने मंगलवार को किया।

यह प्रतियोगिता 16 नवंबर तक चलेगी। इसमें सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों के महिला एवं पुरूष वर्ग के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के दौरान वे ओपन सिंगल्स, ओपन डबल्स, टीम चैंपियनशिप, वेटरन सिंगल्स, वेटरन डबल्स प्रतिस्पर्धा में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

## शतरंज खिलाड़ियों को पोडियम योजना में शामिल किये जाने की उम्मीद

**नयी दिल्ली।** पिछले कुछ वर्षों में भारतीय शतरंज खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष छाप छोड़ी है और उन्हें उम्मीद है कि सरकार उनके इस प्रदर्शन को मान्यता प्रदान करके उन्हें लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना में शामिल करेगी। हाल में फिडे ग्रैंड स्विस पर प्रतियोगिता में महिला और ओपन वर्ग का खिताब जीतकर कैंडिडेट्स टूनामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाले आर वैशाली और विदित गुजराती को लगता है कि सरकार जल्द ही शतरंज को इस योजना का हिस्सा बनाएगी।

## विलियमसन को पता होगा, कुलदीप से कैसे निपटना है : गावस्कर

**मुंबई।** भारतीय गेंदबाजों ने अभी तक विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है अपने फुटवर्क और रणनीतिक रवैये के कारण न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन को बुधवार को यहां होने वाले सेमीफाइनल मैच में भारतीय स्पिनरों विशेषकर कुलदीप यादव से निपटने में दिक्कत नहीं होनी चाहिए। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, वह एक दिग्गज खिलाड़ी है और यह मायने नहीं रखता कि वह लंबे विश्राम के बाद वापसी कर रहा है और उसने रन बनाए हैं। इसलिए मुझे नहीं लगता कि इससे बहुत ज्यादा अंतर पड़ने वाला है।

## फुटबॉलर डेविड बैकहम भारत बनाम न्यूजीलैंड विश्व कप सेमीफाइनल देखने पहुंचेंगे

**मुंबई।** इंग्लैंड के दिग्गज फुटबॉलर डेविड बैकहम बुधवार को यहां भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले विश्व कप के पहले सेमीफाइनल के दौरान उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में शामिल होंगे। यूनिसेफ के सद्भावना दूत के रूप में पहले से देश में मौजूद बैकहम के मैच के दिन मुंबई आने और वानखेड़े स्टेडियम में मैच देखने की उम्मीद है।

# भारत दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम घोषित, लॉरेन चीटल की वापसी

एजेंसी



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को भारत के अपने बहु-प्रारूप दौरे के लिए 16-खिलाड़ियों की महिला टीम की घोषणा की है। टीम में बाएं हाथ की तेज गेंदबाज लॉरेन चीटल की चार साल बाद वापसी हुई है।

ऑस्ट्रेलिया क्रिसमस और नए साल की अवधि के दौरान मुंबई में दो स्थानों पर बहु-प्रारूप श्रृंखला में भारत के खिलाफ एक टेस्ट, तीन एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय और तीन टी20 मैच खेलेगी।

पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज से चूकने के बाद हीथर ग्राहम की भी टीम में वापसी हुई है।

पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों में नहीं चुने जाने के बावजूद ग्रेस हैरिस ने टी20 टीम में अपनी जगह बरकरार रखी है।

2016 में 17 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाली चीटल मार्च 2019 के बाद पहली बार ऑस्ट्रेलियाई टीम में लौटी हैं।

चोटों से जूझ रही चीटल, ने इस सीजन में दस महिला बिग बैश लीग मैचों में 19 विकेट लेकर सिडनी सिक्सर्स की गेंदबाजी इकाई का नेतृत्व किया है।

21-24 दिसंबर तक एकमात्र टेस्ट के बाद, दोनों टीमें 28 दिसंबर से 2 जनवरी तक वानखेड़े स्टेडियम में तीन वनडे और 5 से 9 जनवरी तक डीवाई पाटिल स्टेडियम, नवी मुंबई में तीन टी20 मैच खेलेंगी।

सीए के प्रदर्शन प्रमुख (महिला क्रिकेट) और राष्ट्रीय चयनकर्ता, शॉन फ्लेगलर ने कहा, भारत में भारत के खिलाफ एक बहु-प्रारूप श्रृंखला रोमांचक है और हमारे समूह के लिए एक बड़ी चुनौती पेश करती है। हमारे अधिकांश खिलाड़ियों ने, पिछले दिसंबर की द्विपक्षीय श्रृंखला या डब्ल्यूपीएल के माध्यम से, पिछले 12 महीनों में मुंबई में क्रिकेट खेला है और परिस्थितियों का अनुभव किया है। हमारे पास परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने का मौका होगा और मुंबई में हमारी तैयारी में स्थानीय प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अभ्यास मैच भी शामिल होगा।

**ऑस्ट्रेलियाई टीम इस प्रकार है:** डार्सी ब्राउन, लॉरेन चीटल (केवल टेस्ट), हीथर ग्राहम, एश्ले गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस (केवल टी20), एलिसा हीली, जेस जोनासेन, अलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्राथ, बेथ मूनी, एलिसे पेरी, मेगन शट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम।

## विश्व कप क्वालीफायर के लिए सुआरेज की उरुग्वे टीम में वापसी

**मोंटेवीडियो।** अर्जेंटीना और बोलीविया के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए लुइस सुआरेज को उरुग्वे की टीम में वापस बुलाया गया है। उरुग्वे फुटबॉल एसोसिएशन ने उक्त जानकारी दी। 36 वर्षीय सुआरेज को ब्राजीलियाई क्लब ग्रेमियो के लिए उनके उत्कृष्ट फॉर्म का इनाम मिला, जिसके साथ उन्होंने इस सीजन में 23 गोल किए हैं और 16 गोलों में सहायता प्रदान की है। रिपोर्ट के अनुसार, सुआरेज ने पिछले साल कतर में हुए विश्व कप के बाद से अपने देश का प्रतिनिधित्व नहीं किया है। टीम में लंबी चोट के बाद टोटेनहम हॉटस्पर के मिडफील्डर रोड्रिगो बेंटनकुर और डिफेंडर जोस मारिया जिमेनेज की भी वापसी हुई है। हालांकि सुआरेज के लंबे समय से राष्ट्रीय टीम के स्ट्राइक पार्टनर एडिंसन कैवानी को टीम में जगह नहीं मिली है। उरुग्वे गुरुवार को ब्यूनस आयर्स में अर्जेंटीना से और 21 नवंबर को मोंटेवीडियो में बोलीविया से भिड़ेगा। उरुग्वे की टीम वर्तमान में 10-टीम दक्षिण अमेरिकी जोन क्वालीफायर में चार मैचों में सात अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

## स्पेनिश फुटबॉल क्लब विलारियल के कोच बने मार्सेलिनो गार्सिया टोरल



**मैड्रिड।** स्पेनिश फुटबॉल क्लब विलारियल ने मार्सेलिनो गार्सिया टोरल को अपना मुख्य कोच नियुक्त किया है। क्लब के साथ मार्सेलिनो का यह दूसरा कार्यकाल होगा। 58 वर्षीय मार्सेलिनो जून 2026 के अंत तक क्लब के साथ रहेंगे।

2013-16 तक विलारियल का नेतृत्व करने के बाद टोरल की वापसी हुई। उन्होंने एक ऐसे क्लब की कमान संभाली है जो स्पेनिश लीग में 14वें स्थान पर है और उसने अपने 13 मैचों में से केवल तीन जीते हैं, तीन ड्रॉ रहे हैं और सात हारे हैं।

विलारियल रविवार को एटलेटिको मैड्रिड में 3-1 से हारकर बाहर आ रहा है, जब इसका नेतृत्व टीम के खेल निदेशक, अंतरिम कोच मिगुएल एंजेल टेना ने किया था।

मार्सेलिनो ने इससे पहले स्पोर्टिंग गिजोन, रेसिंग सैंटेंडर, रिक्रिएटिवो ह्यूएलवा, सेविला, वालेंसिया और एथलेटिक बिलबाओ को कोचिंग दी है।

मार्सेलिनो विलारियल के सीजन के तीसरे कोच बने और उन्होंने जोस लुइस रोजो 'पाचेटा' की जगह ली, जिन्हें शुक्रवार को केवल आठ ला लीगा मैचों के बाद बर्खास्त कर दिया गया था।

रोजो ने विलारियल को सभी प्रतियोगिताओं में 12 मैचों में केवल पांच में जीत दिलाई थी। सीजन शुरू करने के लिए क्लब के पहले चार मैचों में से तीन हारने के बाद सितंबर में उन्होंने क्विक सेटिएन की जगह ली थी। सेटीन के नेतृत्व में विलारियल पिछले सीजन में पांचवें स्थान पर रहा और 2022 में यूनाई एमरी के तहत चैंपियंस लीग सेमीफाइनल में पहुंचा।

पेज 5 का शेष

## बिरसा मुंडा की धरती...


इसके बाद 11.39 बजे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का स्पीच होगा। कार्यक्रम के समापन से पहले पीएम मोदी दोपहर 12 बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। उनका संबोधन करीब 45 मिनट का होगा। **पीएम देंगे राष्ट्र को सौगात :** अपने संबोधन के बाद पीएम पीवीटीजी मिशन लांच करेंगे। इस मिशन पर 24 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस मिशन के जरिये उनतक तमाम बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी योजनाएं पहुंचायी जायेंगी। इसके अलावा पीएम किसान सम्मान निधि के 15वें किस्त के तहत 18 हजार करोड़ रुपये जारी करेंगे। शिलान्यास कार्यक्रम के बाद वहीं से पीएम आईआईएम, रांची के परमानेंट कैंपस, आईआईटी, आईएसएम धनबाद के एक्वामेरिन स्टूडेंट हॉस्टल, हटिया-पकड़ा सेक्सन रेल लाइन के दोहरीकरण, जारंगडीह-पतरातू रेल लाइन के दोहरीकरण, तालगोरिया-बोकारो रेल लाइन के दोहरीकरण योजना का उद्घाटन करेंगे। राज्य में इलेक्ट्रिफिकेशन इस प्लान को भी पीएम राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके साथ ही मोदी विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी भी दिखायेंगे। इसका मकसद होगा सरकार की प्रमुख योजनाओं को लोगों तक पहुंचाना। इसके लिए आइइी वैन को हरी झंडी दिखायेंगे, जो 25 जनवरी तक देश के सभी जिलों को कवर करेगी। शिलान्यास और उद्घाटन कार्यक्रम के बाद 11.54 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का एक वीडियो मैसेज दिखाया जायेगा। **धरती आबा के परिजनों से मिलेंगे :** बिरसा मुंडा की प्रतिमा का रंग-रोगन का कार्य पूरा हो चुका है। परिसर के अंदर कॉटेज का निर्माण किया गया है। यहीं पीएम मोदी बिरसा मुंडा के परिजनों से मिलेंगे और उनसे बातचीत करेंगे। परिसर को फूलों से सजाने के लिए बंगाल से कारीगर पहुंच चुके हैं। **रांची में तीन रात गुजारनेवाले देश के पहले पीएम मोदी :** झारखंड में यह तीसरा मौका है जब पीएम मोदी रांची के राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। आज तक देश के किसी भी पीएम ने अपने कार्यकाल में इतनी बार किसी अन्य राजभवन में रात्रि विश्राम नहीं किया है। लोकसभा चुनाव के वक्त 23 अप्रैल 2019 को रांची आये थे। उस दिन उन्होंने हीनू से बिरसा चौक तक रोड शो किया था। तब वह पहली बार राजभवन में रात्रि विश्राम के लिए रुके थे। दूसरी बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर 21 जून 2019 को रांची के प्रभात तारा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए थे। इसके लिए वह एक दिन पहले ही रांची पहुंचे थे। यह दूसरा मौका था जब उन्होंने राजभवन में रात्रि विश्राम किया था। तीसरा रात्रि विश्राम बिरसा मुंडा के जन्म दिन 14 जनवरी 2023 को किया।


जय झारखंड
जय भारत
धरती आबा बिरसा मुंडा की
धरती पर पीएम नमो का
हार्दिक स्वागत एवं जोहार
निवेदक
भाजपा, अनुसूचित जाति मोर्चा झारखंड प्रदेश, रांची


श्री बाबूलाल मरांडी
प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा
डॉ. आशा लकड़ा
राष्ट्रीय मंत्री, भाजपा
धरती आबा बिरसा मुंडा की
धरती पर पीएम नमो का
हार्दिक स्वागत एवं जोहार
ललित नारायण ओझा
प्रदेश महामंत्री, भाजपा किसान मोर्चा
केंद्रीय अध्यक्ष, झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन


श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
श्री बाबूलाल मरांडी
प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा
श्री अमित शाह
गृह मंत्री
धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की
जयंती एवं झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस
के शुभ अवसर पर सभी झारखण्डवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएँ एवं जोहार !
प्रदीप वर्मा
प्रदेश महामंत्री
झारखण्ड प्रदेश, भाजपा


धरती आबा भगवान
बिरसा मुंडा जी की
पावन जन्म जयंती
जनजातीय गौरव दिवस
एवं झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस
के शुभ अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा
की जन्म भूमि पुण्य धरा उलीहातू पधार रहे
आदरणीय प्रधानमंत्री
श्री नरेंद्र मोदी जी का
हार्दिक स्वागत, अभिनंदन!
कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता
विधायक पांकी विधानसभा क्षेत्र


हेमंत सोरेन
मुख्यमंत्री
झा. मु. मो.
शिबु सोरेन
राज्यसभा सांसद
झारखंड राज्य स्थापना दिवस, धरती आबा भगवान
बिरसा मुंडा की जयंती एवं लोक आस्था के
महापर्व छठ के पावन अवसर पर समस्त
झारखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
आईये
हम सभी मिलकर हेमंत सरकार द्वारा चलायी
जा रही लोक कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर
उतारने का काम करें।
वैद्यनाथ राम
झामुमो विधायक लातेहार

# झारखंड के पर्यावरण पर गंभीर विमर्श हो



मनोज शर्मा

झारखंड राज्य का आज स्थापना दिवस है। खनिज संपदा के लिये हमारा राज्य चर्चा में रहता है लेकिन इन खनिज संपदा के दोहन के क्रम में लाखों वृक्ष कटते हैं, पर्यावरण का सत्यानाश होता है इससे होने वाले नुकसान की कभी चर्चा नहीं होती है।

धनबाद सबसे प्रदूषित शहरों में शुमार हो गया है। कोयला खदानों के उत्खनन के बाद की स्थिति क्या है? उन क्षेत्रों के ग्रामीणों की स्थिति खराब है। वे जल संकट से लेकर भीषण सांस की बीमारी और कठिनाई के बीच जीने को विवश है। जब बात होती भी है तो सिर्फ रॉयल्टी कोलेकर। सिडनी जैसे विकसित शहर में नल खुले रखने पर जुर्माना की बात करना एक और खतरनाक संकेत दे रहा है। अमेरिका के 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टिट्यूट' की रिपोर्ट के अनुसार भारत में वायु प्रदूषण के कारण 2017 में 12 लाख लोग मारे गए। वर्तमान में वायु प्रदूषण के उच्च स्तर के कारण दक्षिण एशिया में बच्चों की औसत जीवन प्रत्याशा में ढाई साल की कमी आएगी, जबकि नियंतण्र जीवन प्रत्याशा में 20 महीने की कमी आएगी। ये सारी बातें एक बार फिर इसलिए र्चचा के केंद्रबिंदु में हैं क्योंकि हाल ही में विविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देशभर के विविद्यालयों में अनिवार्य रूप से पर्यावरण विषय को पढाने को कहा है।यूजीसी का यह फैसला स्वागतयोग्य है, मगर अभी भी यह निर्णय कई बिंदुओं पर अधूरा है। प्रदूषण की मार का नियंतण्र तौर पर हर आम और खास किस तरह सामना कर रहे हैं, यह सबके सामने है। सो सिर्फ रूटीन पढाई करके आप पर्यावरण को बेहतर नहीं बना सकते हैं। इसके लिए पढाई के तौर-तरीकों को बदलना होगा। उसके आयामों को 360 डिग्री बदलने की जरूरत है। इसके लिए सालों पुराने



पाठ्यक्रम को नये कलेवर में लाना होगा। हमारे देश में यह कमी है कि हम अपने कोर्स में जल्दी-जल्दी बदलाव नहीं करते हैं, जबकि हमारी सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरणीय और प्रशासकीय समस्याएं गतिशील हैं। हमें इस जड़ता को खत्म करना होगा। विदेशों में सालों-साल तक चलने वाले कोर्स का कोई अस्तित्व ही नहीं है। वहां तो हर साल विषयों के कोर्स में बदलाव किए जाते हैं। वहां सेशन शुरू होने के पहले ही संक्षेप में बता दिया जाता है कि इस साल क्या-क्या पढाया जाएगा? इसके उलट हमारे यहां 15 साल 20 साल पुराने कोर्स अभी भी पढाए जाते हैं। कई कोर्स तो इतने पुराने हो गएहैं कि अब उनकी वर्तमान समय में कोई प्रासंगिकता नहीं रह गई है। इसे समझने की आवश्यकता है। आशय यह है कि गैर महत्त्वपूर्ण पाठ्यक्रम को खत्म करना होगा। कुल मिलाकर नये पाठ्यक्रम के लिए लचीला रुख अपनाना होगा। यह कहा जा सकता है कि प्रकृति की सुरक्षा के लिएयुवा और छात्रों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। नई पीढी को बोरियत से बाहर निकालना समय की मांग है। अगर इसमें व्यापक तौर पर तब्दीली नहीं लाई गई तो पठन-पाठन के जरिये बदलाव की उम्मीद करना बेमानी होगी।पिछले कई साल से यूजीसी विविद्यालयों-शिक्षण संस्थानों-कॉलेजों को पत्र लिखकर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन करने हुए अंडर ग्रेजुएट स्तर पर पर्यावरण विज्ञान विषय को अनिवार्य रूप से पढाने के आदेश दिए गए, लेकिन बताया जाता है कि देशभर के कुल 706 विविद्यालयों में से 306 विविद्यालयों ने इस विषय को अभी तक शुरू नहीं किया है। शैक्षणिक स्तर पर यह लापरवाही चिंता के साथ-साथ निराशा का माहौल भी पैदा करती है। ऐसा नहीं होना चाहिए। ऐसा भी देखा गया है कि कई विविद्यालयों-संस्थानों ने पर्यावरण विज्ञान विषय शुरू तो किया है, मगर वह मनमाने तरीके से इस विषय को पढ़ा रहे हैं। जबकि यूजीसी ने कहा है कि पर्यावरण अध्ययन पर मॉड्यूल को पढ़ाने का काम उन शिक्षकों को सौंपने की जरूरत है, जो यूजीसी द्वारा निर्धारित योग्यताएं पूरी करते हैं। पर्यावरण विज्ञान विषय को पढ़ाने के लिए उसी विषय में उच्च उपाधि प्राप्त शिक्षकों की नियुक्ति करना अपेक्षित है, लेकिन यह विषय दूसरे विषयों के स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त शिक्षकों से पढ़वाया जा रहा है, जिसके चलते पर्यावरण विज्ञान के उच्च उपाधि प्राप्त उम्मीदवार बेरोजगारी होकर भटक रहे हैं। कहने का तात्पर्य है कि शिक्षा से जुड़े नीतिकार और विशेषज्ञों को यह दायित्व समझना होगा और जिम्मेदारी के साथ देश की बेहतरी के लिए भविष्य के बेहतरीन छात्र तैयार करने होंगे। इसको हमारी दिन-प्रतिदिन की जो समस्या है, उससे जोड़ना होगा, कनेक्टिविटी बढ़ानी होगी।

एक और अहम सुझाव यह है कि पर्यावरण या प्रदूषण की समस्या को हमें स्वास्य से जोड़ना होगा। जब तक प्रदूषण के दुष्परिणामों की जानकारी जनता को नहीं होगी, तब तक उसमें बेहतरी की गुंजाइश नहीं के बराबर होगी। हम अक्सर देखते हैं कि किडनी/लीवर आदि गंभीर बीमारियां प्रदूषण और खराब पानी और खानपान की वजह से होती हैं। अगर प्रदूषण के बारे में लोग जागरूक होंगे तो तस्वीर निश्चित तौर पर बदल सकती है। पराली जलाने, जंगलों की अंधाधुंध कटाई के दुष्परिणामों को जनता को बताने की जरूरत है।

# सभी समझें और जाने श्री चित्रगुप्त भगवान को



डॉ.प्रणव कुमार बब्बू,

(अधिवक्ता, भाजपा नेता एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, एबीकेएम हैं।)

बहुत बड़ी गलतफहमी है कि भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज केवल कायस्थों के आराध्य हैं, जो भी सनातन धर्म और इसके मर्म को समझता है। वह अच्छी तरह से जानता है कि व्यावहारिकता की मजबूत जमीन पर श्री चित्रगुप्त जी महाराज सभी के भगवान हैं। वे किसी से कोई भेदभाव नहीं करते इसलिये लोग चाहे किसी भी जाति, समाज या समुदाय से सम्बन्ध रखते हों पर सभी की यह जिम्मेदारी है कि वह जाति के बंधन को तोड़कर इस बात को समझे और माने भी कि भगवान श्री चित्रगुप्त जी हर काल के प्रेरणा पुंज थे, हैं और रहेंगे। श्री धर्मराजस्य चित्रगुप्तः शुभंकरः


पायान्मां सर्वपापेभ्यः शरणागत वत्सलः।।

एक बार युधिष्ठिरजी, भीष्मजी से बोले कि हे पितामह! आपकी कृपा से मैंने धर्मशास्त्र सुना परंतु यम द्वितीया का क्या पुण्य है? क्या फल है? यह मैं सुनना चाहता हूं। अतः आप कृपा करके मुझे विस्तारपूर्वक कहिये। तब भीष्मजी बोले कि तूने सर्वश्रेष्ठ बात पूछी। मैं उसी उत्तम व्रत को विस्तारपूर्वक बताता हूं। कार्तिक मास के उजले और चैत्र के अंधेरे की पक्ष जो द्वितीया होती है वह यम द्वितीया कहलाती है। तब, युधिष्ठिर जी बोले कि उस कार्तिक के उजले पक्ष की द्वितीया में किसका पूजन करना चाहिए और चैत्र महीने में यह व्रत कैसे हो? इसमें किसका पूजन करें?

श्री ब्रम्हा जी ने मुख से ब्राहम्णों को, बाहुओं से क्षत्रियों को, जंघाओं से वैश्यों को और पैरों से शूद्रों को उत्पन्न किया। उनके पीछे देव, गंधर्व, दानव, राक्षस, सर्प, नाग, जल के जीव, स्थल के जीव, नदी, पर्वत और वृक्ष आदि को पैदा कर मनुजी को पैदा किया। इसके बाद दक्ष प्रजापतिजी को पैदा किया और तब उनसे आगे और सृष्टि उत्पन्न करने को कहा। दक्ष प्रजापतिजी से साठ कन्यायें उत्पन्न हुईं जिनमें से दस धर्मराज को, तेरह कश्यप को और सताईस चन्द्रमा को दी। कश्यपजी से देव, दानव, राक्षस इनके सिवाय और भी गंधर्व, पिशाच, गो और पक्षियों की जातियां पैदा हुईं।

ब्रम्हा जी की आज्ञा सुनने के पात्रता बुद्धिमान धर्मराज ने हाथ जोड़कर सबके परम-पूज्य ब्रम्हा जीको कहा कि हे प्रभु! मैं आपका सेवक निवेदन करता हूं कि इस सारे जगत के कर्मों का विभागपूर्वक फल देने की जो आपने मुझे आज्ञा दी है, वह एक महान कर्म है। आपकी आज्ञा शिरोधार्य कर मैं यह काम करूंगा जिससे कि कताओं को फल मिलेगा परंतु पूरी सृष्टि में जीव और उनके देह भी अनंत हैं। देशकाल ज्ञात-अज्ञात आदि भेदों से कर्म भी अनंत हैं। उनमें कर्ता ने कितने किये, कितने भोगे और कितने शेष हैं और कैसा उनका भोग है तथा इन कर्मों के भी मुख्य व गौण भेद से अनेक हो जाते हैं तो उसे कर्ता ने कैसे किया? स्वयं किया या दूसरे की प्रेरणा से किया आदि कर्म चक्र बहुत ही विस्तृत हैं। अतः मैं अकेला किस प्रकार इस भार को उठा सकूंगा? इसलिये मुझे कोई ऐसा सहायक प्रदान दीजिये, जो धार्मिक, न्यायी, बुद्धिमान, शीघ्र कर्मकारी, लेख कर्म में विशेषज्ञ, चमत्कारी, तपस्वी, ब्रम्हानिष्ठ और वेद शास्त्र का ज्ञाता हो। धर्मराज के इस प्रकार प्रार्थनापूर्वक किए हुए कथन को विधाता सत्य जान मन में प्रसन्न हुए और यमराज का मनोरथ पूर्ण करने की चिंता करने लगे कि उक्त सब गुणों वाला ज्ञानी लेखक पुरुष अवश्य होना चाहिये। उसके बिना धर्मराज का मनोरथ पूर्ण न होगा। तब ब्रम्हा जी ने कहा कि हे धर्मराज! तुम्हारे अधिकार में मैं सहायता करूंगा। उसी अवस्था में उन्होंने ग्यारह सौ वर्ष तक तपस्या की। जब समाधि खुली तब अपने सामने श्याम रंग, कमल नयन, शंख जैसी गर्दन, गूढ़ सिर, चन्द्रमा के समान मुख वाले, कलम-दवात और पानी हाथ में लिए हुए, महाबुद्धि, देवताओं का मान बढ़ानेवाले, धर्माधर्म के विचार में महाप्रवीण लेखक, कर्म में महाचतुर पुरुष को देख उससे पूछा कि तू कौन है? तब उस युवक ने कहा कि हे प्रभु! मैं माता-पिता को तो नहीं जानता किंतु आपके शरीर से प्रकट हुआ हूं इसलिए मेरा नामकरण कीजिए और कहिये कि मैं क्या करूं? तब श्री ब्रश-ाजी ने कहा- तू मेरी काया से प्रकट हुआ है इससे मेरी काया में तुम्हारी स्थिति है। इसलिये तुम्हारा नाम कायस्थ है।

# झारखंड के विकास के लिये शिक्षा के प्रसार पर अधिक से अधिक जोर हो



अनुष्का चौधरी

झारखंड का निमार्ण देश के विकास और राज्य के विकसित होने के उदेश्य से किया गया। राज्य के संसाधनों पर बिहार का अधिकार था और झारखंड क्षेत्र इस कारण उपेक्षा का शिकार था। आज आवश्यकता राज्य में अधिक से अधिक मेडिकल, इंजीनियरिंग प्रबंधन और माध्यमिक और प्राथमिक स्तर पर बेहतरीन स्कूलों की स्थापना की जाए। आईआईएम की स्थापना भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा भारत के योजना आयोग की सिफारिश के आधार पर शुरू की गई थी। भारत में कुल 20 आईआईएम हैं , जो की देश के हर कोने में स्थित है। आईआईएम अहमदाबाद, बेंगलुरु , कलकत्ता सबसे पुराने है ।

15 दिसंबर, 2009 में रांची , झारखंड में भी आईआईएम की स्थापना हुई। आईआईएम रांची उन छह नए आईआईएम में से एक है जिन्हें 27 अगस्त 2009 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी दी गई थी। एम.जे. जेवियर संस्थान के संस्थापक निदेशक थे। आज लगभग 14 साल बाद , आईआईएम रांची ने दुनिया भर में अपनी पहचान छोड़ी है। और ऐसी ही पहचान छोड़ी है रांची की बेटी ने । डीएवी गांधीनगर से बारहवीं उत्तीर्ण की और अब आईआईएम कोझिकोड में दाखिला हुआ।

भारतीय प्रबंधन संस्थान कोझिकोड केरल के कालीकट (कोझिकोड) में स्थित एक स्वायत्त सार्वजनिक बिजनेस स्कूल है। भारत सरकार द्वारा केरल राज्य सरकार के सहयोग से 1996 में स्थापित यह संस्थान 20 भारतीय प्रबंधन संस्थानों (आईआईएम) में से एक है। यह स्थापित होने वाला पांचवां ककट था। सभी आईआईएम प्रबंधन में दो साल का पूर्णकालिक स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) प्रदान करते हैं, जो मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) की डिग्री के बराबर है। इस कार्यक्रम को आईआईएम का प्रमुख कार्यक्रम माना जाता है, और सफल उम्मीदवारों को मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) का पुरस्कार दिया जाता है।आईआईएम भारत के सबसे मुश्किल परीक्षाओं में से एक है और यहां पढ़ना कई छात्रों का सपना है। तो आइए बात करते हैं कि यहां प्रवेश लेने के लिए क्या प्रक्रिया है -1)) पहला चरण आईआईएम द्वारा आयोजित कॉमन एप्टीट्यूड टेस्ट या कैट परीक्षा के लिए उपस्थित होना है2) आवश्यक कट-ऑफ और समग्र स्कोर को पार करने के बाद, उम्मीदवार को लिखित परीक्षा/समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार (पीआई) के लिए बुलाया जाता है।

3) प्रत्येक श्रेणी में उम्मीदवारों के लिए प्रवेश की अंतिम पेशकश अंतिम समग्र स्कोर के आधार पर की जाएगी, जिसमें कार्य अनुभव, लिंग, स्कूल बोर्ड आदि जैसे विभिन्न भारों को ध्यान में रखा जाएगा।देश में आशा की एक किरण सामने आती है क्योंकि शिक्षा ही वो रास्ता है जिससे गरीबी और बेरोजगारी दूर हो सकती है। शिक्षा का स्तर जितना अधिक होगा, विकास की संभावना उतनी ही बेहतर होगी। शिक्षा केवल गरीबी मिटाने में नहीं , आत्मविश्वास बढ़ाने में भी मददगार है ।

आज भारत देश विकासशील देश माना जाता है और यह हुआ है केवल शिक्षा से । देश भर में नई नई तकनीकियां आ गई है जिसकी शायद हमने सालों पहले कल्पना भी नहीं की होंगी - एटीएम, मेट्रो , ऑनलाइन पेमेंट के ऐप जैसे जीपे , पेटीएम आदि। प्रौद्योगिकी स्कूलों में अधिक प्रचलित हो रही है और एक अद्यतन शैक्षिक प्रणाली का मार्ग प्रशस्त कर रही है। प्रौद्योगिकी ने हमारे सीखने, संचार करने और सूचना संसाधित करने के तरीके को बदल दिया है। इसने सीखने को अधिक इंटरैक्टिव और आकर्षक बना दिया है, और सहयोग और ज्ञान साझा करने की नई संभावनाएं खोली हैं। ऑनलाइन संसाधनों और उपकरणों तक पहुंच प्रदान करने से लेकर छात्रों और शिक्षकों के बीच संचार और सहयोग को सुविधाजनक बनाने तक, शिक्षण और सीखने में सहायता के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग विभिन्न तरीकों से किया जा सकता है।

इसका उपयोग आकर्षक और इंटरैक्टिव शिक्षण अनुभव बनाने के लिए भी किया जा सकता है।ये सब संभव हुआ है शिक्षा के माध्यम से। शिक्षा किसी भी देश के प्रगति के लिए बहुत जरूरी है। शिक्षा बेहतर रोजगार के अवसरों की प्रवृत्ति बढ़ाती है।

# महिलाओं की उचित भागादारी के लिये सजग रहें: शिल्पी नेहा तिर्की

**उर्सुलाइन** इंटर कॉलेज रांची का दो दिवसीय वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिल्पी नेहा तिर्की ने छात्राओं को संबोधित मांडर की विधायक किया। शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि देश में 35 लाख लड़कियां स्नातक की परीक्षा पास कररही है जो लड़को से अधिक है लेकिन विधायिका, न्याय पालिका और ब्यूरोक्रेट के बीच उनकी संख्या न्यूनतम है जो चिंता का विषय है। श्री मती तिर्की ने कहा कि देश के विकास में महिलाओं के योगदान को नकारा नहीं जा सकता है।

इस अवसर पर विशष्ठ अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने कहा आज के छात्रों को अपने माता-पिता की बात माननी चाहिए और अपने कठिनाइयों से अवश्य लड़ना चाहिए। बैंक के अधिकारी की नौकरी छाड़ने और राजनीति में आने और शिक्षा मंत्री के पद पाने तक की अपनी संघर्ष यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने छात्राओं से अपील की कि कड़ी मेहनत से कभी भी भागना नहीं च ाहिए।

कार्यक्रम के उदेश्य पर बोलते हुए उर्सुलाइन इंटर कॉलेज की प्राचार्या डॉ मेरी ग्रेस ने कहा कि स्कूल की छात्राओं ने लगातार बेहतर प्रदर्शन किया है और इस प्रदर्शन के लिये वे शिक्षकों सहित पूरे उर्सूलाइन परिवार की आभारी है। उन्होंने बताया कि राजा उलातू उर्सुलाइन इंटर कॉलेज में भी छात्राओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। हमारे उस शाखा के छात्रों में भी आत्मविश्वास बढ़ा है। स्कूल के प्रांगण में सभागार में छात्रों के व्यक्तित्व विकास के लिये नियमित कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।

इस अवसर पर उर्सूलाइन राजा उलातू इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सात पूर्वी राज्यों का नृत्य प्रस्तुत किया जो उपस्थित जन समूह द्धारा सराहा गया।

कार्यक्रम में कॉलेज की छात्राओं ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। दो दिवसीय वार्षिक उत्सव के पहले दिन इसरो के वैज्ञानिकों की सफलता पर भी एक भावपूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। साथ ही योग के महत्व को दर्शाते हुए भव्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। छात्रों और अभिभावकों की महत्वकांक्षा से उपजी समस्या को उल्लेखित करते हुए एक लधु नाटक भी प्रस्तुत किया गया जिसमें अभिभावक ने खेल प्रिये अपने बेटे को जबरन आइआइटी में पास करने का दबाव बनाया और उसने दबाव न सहने की स्थिति के कारण आत्महत्या जैसे कदम उठा लिये।

छात्रों और शिक्षकाओं ने भी कई लघु हास्य नाटिका प्रस्तुत कर उपस्थित जन समूह का मन मोह लिया। झारखंड का अपना महत्व है और झारखंड की आदिवासियों की जीवन शैली और सहजता से संबंधित नृत्य नाटिका का आकर्षक प्रस्तुति भी पेश की गयी।

इस अवसर मोटिवेटर दीपक किंडो ने भी छात्राओं को प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि कागज की नोट और सादे कागज का महत्व समझों। उन्होंने कहा कि कागज की नोट चाहे जिस स्थिति में रहे उसमें कोई अंतर नहीं पड़ता है।

कार्यक्रम में मोटिवेटर काउंसलर एनके मुरलीधर ने कहा कि छात्र जीवन ही मर्यादा और अनुसाशन का जीवन है जिसकी आदत बेहतर स्कूल उर्सुलाइन इंटर कॉलेज में लग जाती है। यह आदत पूरे जिंदगी आपको काम करने में मदद करती है। अपने शिक्षकों का सम्मान और आप ऐसा बनें कि आपको देखकर लगे कि आप उर्सुलाइन इंटर कॉलेज की छात्रा है। यहां तक की आपक परिजनों की आदतों में सुधार हो जाए। संजय सर द्धारा निर्देशित नाटक की चर्चा करते हुए श्री मुरलीधर ने किया उर्सूलाइन के राम, सीता और हुनमान को हम मर्यादा मानकर प्रणाम करते हैं। जीवन में मर्यादा का महत्व है।

दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन का अंत राष्ट्रगान से किया गया।










# कांग्रेस ने हमेशा आदिवासियों को वोट बैंक समझा

## नाना, दादी, पिता सबने किया गरीबों की झोंपड़ी में जाकर फोटो खिंचाने का ड्रामा : मोदी

एजेंसी

**झाबुआ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिना किसी का नाम लिए कांग्रेस के गांधी-नेहरू परिवार पर हमला बोलते हुए कहा कि 'नाना, दादी, पिता' सबने बस गरीबों की झोंपड़ी में जोकर फोटो खिंचाने का ड्रामा किया और जिन बच्चों को सही पोषण नहीं मिलता था, वो कांग्रेस नेताओं की तस्वीरें सजाने के काम आते थे।

श्री मोदी मध्यप्रदेश के आदिवासीबहुल झाबुआ जिले में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। राज्य में चुनाव प्रचार का कल अंतिम दिन है। ऐसे में श्री मोदी की विधानसभा चुनाव में ये प्रचार की अंतिम चुनावी सभा थी। इसके पहले उन्होंने आज राज्य के बैतूल और शाजापुर में भी चुनावी सभाओं को संबोधित किया।



प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा आदिवासी समाज को वोट बैंक के तौर पर देखा। उन्होंने मध्यप्रदेश, गुजरात और राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्र झाबुआ के संदर्भ मे कहा कि यहां के लोग राजस्थान भी आते जाते हैं और देखते हैं कि वहां भी आदिवासी समाज कांग्रेस से भड़का हुआ है। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के आदिवासी भी कांग्रेस से नाराज हैं और भाजपा पर अभूतपूर्व उत्साह दिख रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पर आदिवासियों के गुस्से और भाजपा पर भरोसे के ठोस कारण हैं। कांग्रेस काल में आदिवासी क्षेत्रों से सिर्फ भुखमरी की खबरें आती थीं। कांग्रेस नेता गरीबों की झोंपड़ियों में जाकर फोटो खिंचवाते, उनकी गरीबी दिखाते और एक बार खुद की फोटो चमकने पर उस परिवार को भूल जाते। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि नाना, दादी, पिता सबने यही ड्रामा किया। जिन बच्चों को सही पोषण नहीं मिलता था, वो कांग्रेस नेताओं की तस्वीरें सजाने के काम आते थे।

उन्होंने कहा कि ये सब बताते हुए पीड़ा होती है, पर सच्चाई बताना जरूरी है। क्या गरीबी उनके फोटो के लिए है। इसी सोच के कारण आदिवासी दशकों तक हाशिए पर रहे। ये अन्याय अगर जारी रहता तो भारत कभी आगे नहीं बढ़ सकता था। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों का गुजरात में इतना आना जाना है, वहां कुछ महीने पहले चुनाव हुए हैं। अंबाजी से लेकर उमरगाम तक पूरे आदिवासी पट्टे में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। आदिवासी समाज ने कांग्रेस को पूरी तरह नकार दिया है।

कड़कनाथ मुर्गे के लिए देश भर में मशहूर इस क्षेत्र में श्री मोदी ने अपनी बात के समर्थन में मुर्गी और अंडे का उदाहरण भी दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वाले कहते थे कि सरकार की योजना में इतना लोन मिलेगा। इतनी मुर्गी आएगी, इतने अंडे होगे। आदिवासी सोचता था कि लोन मिल रहा है, अब वो अंडे और मुर्गियों से पैसा कमा सकेगा। कांग्रेस वालों के भरोसे पर वो लोन ले लेता था। शाम को मुर्गी घर पहुंच नहीं पाती थी, इतने में 'लाल लाइट' वाली गाड़ी आ जाती थी। गाड़ी वाला कहता, मुर्गी तो बहुत अच्छी है और उसी रात वो साफ हो जाती थी। हफ्ते बाद दूसरा नेता या बाबू आता, दो और मुर्गी चली जातीं थीं। इस तरह आदिवासी कर्जदार बन जाता था। उन्होंने कहा कि झाबुआ हथकरघा के लिए भी पहचाना जाता है। भाजपा सरकार पद्मश्री देती है तो यहां के लोगों को भी तलाशती है। यहां की बहनें आकर्षक वस्तुएं बनाती हैं।

इसके साथ ही उन्होंने पूछा कि ये काम मोदी के आने के पहले नहीं होता था क्या। पहले भी कांग्रेस के जमाने में आपके पुरखे भी करते थे, पर मोदी ने पहली बार पीएम विश्वकर्मा योजना दी। इसमें आदिवासियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, इस पर 13 हजार करोड़ रुपए खर्च होने जा रहे हैं। कांग्रेस जनता की आकांक्षाओ को नहीं, कुछ परिवारों का लालच पूरी करने वाली पार्टी है। उन्हें एक ही चिंता है कि तीन दिसंबर के बाद किसके बेटे का कब्जा मध्यप्रदेश कांग्रेस पर हेगा।

उन्होंने कहा कि झाबुआ-अलीराजपुर मध्यप्रदेश, गुजरात और राजस्थान की संगम स्थली है। यहां की भाषा, बोली, रहन सहन सब कुछ एक जैसा है।

उन्होंने कहा कि उनका संगठन के काम के दौरान यहां कई परिवारों से बरसों का नाता रहा, ऐसे में ये क्षेत्र उन्हें अपने ही घर जैसा लगता है। उन्होंने कहा कि बुधवार राज्य में चुनाव प्रचार समाप्त हो जाएगा, पर कल वे झारखंड में रहेंगे और ऐसे में उनके घर में उनकी ये आखिरी सभा हो रही है। उन्होंने कहा कि उनकी ये आखिरी सभा चुनाव नतीजों में नंबर वन बन जाएगी, इस बात का उन्हें पूरा विश्वास है।

# बिहार में भाजपा की सरकार बनी तो गोहत्या पर लगेगा बैन : नित्यानंद

एजेंसी

**पटना।** बीजेपी ने बिहार में लोकसभा चुनाव के साथ ही 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव की भी बिसात बिछाना शुरू कर दी है। पार्टी राज्य में अपने दम पर चुनाव लड़ने का पहले ही ऐलान कर चुकी है। नीतीश कुमार की जेडीयू और लालू यादव की आरजेडी को टक्कर देने के लिए बीजेपी कई तरह के पैतरें अपना रही है। अब केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने ऐलान किया है कि अगर राज्य में पार्टी की सरकार बनी तो गोहत्या पर बैन लगाया जाएगा।

गोवर्धन पूजा के मौके पर आयोजित यादवों के मिलन



समारोह में यह घोषणा की गई। बीजेपी ने पटना में मंगलवार को गोवर्धन पूजा के मौके पर यदुवंशी मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें गोवर्धन पूजा के साथ ही राज्य भर से करीब 21 हजार यादव समाज के लोगों को बीजेपी की सदस्यता दिलाई गई। लालू प्रसाद यादव की आरजेडी के खिलाफ बीजेपी के इस बड़े कदम के रूप में देखा जा रहा है। समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि लालू यादव सिर्फ अपने परिवार की चिंता करते हैं जबकि भाजपा सबका साथ सबका विकास में विश्वास रखती है। बिहार में बीजेपी की सरकार बनी तो गो हत्या पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाएगा। इस समारोह में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने भी संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि राज्य में अगर बीजेपी की सरकार बनी तो अपराधी या तो नेपाल भाग जाएंगे या फिर उनका गया में पिंडदान होगा। बिहार में राम और कृष्ण के वंशज मिलकर बीजेपी की सरकार बनाएंगे। रावण और कंस रूपी सरकार का खात्मा हो जाएगा। उन्होंने नीतीश और लालू की जोड़ी को रावण और कंस की संज्ञा दी।

## नित्यानंद राय गाय और भैंस कटवाने का करते थे कारोबार : लालू प्रसाद

**पटना।** आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय जमकर हमला बोला है। लालू ने कहा कि नित्यानंद राय पहले बस स्टैंड की ठेकेदारी करते थे। वे राजद में शामिल होने के लिए पहले मेरे पास आए थे। मेरे मना करने के बाद वे उधर (भाजपा) गए। हाजीपुर पशु मेला से गाय-बैल लेजाकर दूसरे स्थानों पर ले जाकर कटवाता हैं। गाय भैंस को कटवाना ही उनका कारोबार है। लालू मंगलवार को इस्कॉन मंदिर के सभागार में श्रीकृष्णा चेतना समिति की तरफ से आयोजित गोवर्द्धन पूजा समारोह को संबोधित कर रहे थे। सांसद रामकृपाल यादव के बारे में लालू ने कहा कि सब जानते हैं कि वे पहले क्या करते थे। बस स्टैंड में टेम्पो चलवाता था।

## रूस से इग्ला-एस विमान भेदी मिसाइलें खरीदेगा भारत

एजेंसी

**नयी दिल्ली/मॉस्को।** भारत अग्रिम मोर्चों पर तैनात सैन्य इकाइयों की लड़ाकू क्षमता को बढ़ाने के लिए रूस से विमान भेदी इग्ला-एस मिसाइल की एक खेप खरीदने की प्रक्रिया में है जिन्हें हाथ में लेकर आसानी से दागा जा सकता है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत मेक-इन-इंडिया पहल के तहत देश में रूसी मिसाइल प्रणालियों के उत्पादन पर भी विचार कर रहा है। थलसेना, नौसेना और वायुसेना के पास पहले से ही इग्ला मिसाइलें हैं। इग्ला मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम (एमएएनपीएडीएस) है जिसका इस्तेमाल दुश्मन के विमानों और हेलीकॉप्टरों को मार गिराने के लिए किया जाता है। इस मिसाइल की मारक क्षमता छह किलोमीटर तक है। भारत ने सेना के लिए इग्ला-एस मिसाइल के नवीनतम संस्करण की एक खेप की खरीद के लिए लगभग पांच महीने पहले रूस के साथ एक सौदा किया था।

## आकाशवाणी पर आज से शुरू होगा स्मृति ईरानी के साथ नयी सोच नयी कहानी शो

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी उद्यमिता, कौशल विकास, खेल, स्वास्थ्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की सफलता की कहानियों के एक शो की मेजबानी करेंगी। नई सोच नई कहानी - ए रेडियो जर्नी विद स्मृति ईरानी' नामक शो हर बुधवार को आकाशवाणी पर सुबह 9 से 10 बजे तक प्रसारित किया जाएगा। पहला शो 15 नवंबर को दिल्ली में आकाशवाणी गोल्ड 100.1 मेगाहर्ट्ज पर प्रसारित किया



जाएगा। इसे देशभर के आकाशवाणी स्टेशनों से भी प्रसारित किया जाएगा। यह शो न्यूजऑनएयर ऐप, आकाशवाणी वेबसाइट, आकाशवाणी यूट्यूब चैनल और इसके विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध होगा। पहले शो में स्टार्ट-अप से जुड़ी महिलाएं और स्व-निर्मित व्यवसायी महिलाएं शामिल होंगी, जो अपनी सफलता की कहानियां साझा करेंगी और बताएंगी कि कैसे वे अपने प्रयासों में सरकारी पहल का लाभ उठा रही हैं। शो में केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे, जो विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभों तक पहुंचने के तरीके के बारे में बताएंगे।

## पश्चिम चंपारण में आतंकी फंडिंग का कनेक्शन मिला, जांच मे जुटी पुलिस

एजेंसी

**बेतिया।** बिहार के पश्चिम चंपारण मे आतंकी घटनाओ को अंजाम देने के लिए पाकिस्तान से हो रही फंडिंग का मास्टर माइंड का कनेक्शन बिहार राज्य स्थित पश्चिम चंपारण ज़िला के नरकटियागंज एक गांव भेड़िहरवा से जुड़ा हुआ है। जिला स्थित शिकारपुर थाना के भेड़िहरवा निवासी इजहारूल पर भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देने के लिए पड़ोसी देश पाकिस्तान से लगातार हो रही फंडिंग मामले में उत्तर प्रदेश एटीएस को पुख्ता सबूत मिले हैं। इस बड़े नेटवर्क का खुलासा हाल ही में गिरफ्तार हुए संदिग्ध आतंकियों से पूछताछ के दौरान हुआ है। इसी इनपुट के आधार पर देश के उत्तर प्रदेश एटीएस गाजियाबाद के फरीदनगर पहुंची और केनरा बैंक की एक शाखा में चल रहे संदिग्ध खाते को खंगाला है, जिसमे आतंकी फंडिंग को लेकर तमाम सबूत मिले हैं। बताया जाता है कि गाजियाबाद के फरीदनगर की केनरा बैंक ब्रांच में एक बैंक अकाउंट खोला गया है। इसमें एक महीने में 70 लाख रुपये की विदेशी फंडिंग की गई है।मार्च 2022 से अप्रैल 2022 के बीच 70 लाख रुपए की विदेशी फंडिंग की गई है। इसको लेकर उत्तर प्रदेश एटीएस सक्रिय है। अकाउंट किसी रियाजुद्दीन के नाम से खुला मिला था, जो गाजियाबाद का रहने वाला है। इसी के साथ एटीएस को यह भी जानकारी मिली है कि रियाजुद्दीन के खाते से बिहार में स्थित पश्चमी चंपारण के इजहारुल हुसैन का मोबाइल नम्बर लिंक है और दोनों ही किसी बड़े हमले की प्लानिंग कर रहे थे। दोनों पाकिस्तान में बैठे हैंडलर के टच में थे और हैंडलर ही इन लोगों को फंडिंग कर रहा था। सुरक्षा संस्थानों के साथ-साथ प्रतिष्ठानों और भारतीय सेना की जासूसी के नेटवर्क में फंडिंग की जा रही थी। एटीएस को यह भी जानकारी मिली है कि बिहार का रहने वाला इजहारुल हुसैन कॉलिंग एप के जरिए पाकिस्तानी हैंडलर से सीधे जुड़ा हुआ था औ? खाते में आई रकम को कई अन्य बैंक खातों में ट्रांसफर किया गया था।यह इनपुट मिलने के बाद यूपी एटीएस दोनों नामजद आतंकियों को तेजी से तलाश रही है। इसी के साथ ही उत्तर प्रदेश एटीएस ने खाता धारक रियाजुद्दीन और बिहार के रहने वाले इजहारुल हुसैन समेत अज्ञात पाकिस्तानी एजेंट के खिलाफ लखनऊ में एफआईआर दर्ज कर ली है। जानकारी के मुताबिक हाल ही में उत्तर प्रदेश एटीएस ने लखनऊ आलमबाग भमौला में रहने वाले अब्दुल्ला अर्सलान और मंजूरगढ़ी में रहने वाले माज बिन तारीक को गिरफ्तार किया था। दोनों के तार अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से जुड़े मिले हैं। इस मामले में भी एटीएस आगे की छानबीन कर रही है और दोनों से पूछताछ जारी है। बिहार के पश्चिम चंपारण के बेतिया पुलिस ने बीते 8 नवंबर को गोखुला स्टेशन से रूपवलिया गांव निवासी इजहारूल हुसैन को नशे की हालत में गिरफ्तार किया गया था। हालांकि उसका कनेक्शन आतंकियों से जुड़ा है कि नही ,इसकी पुष्टि नही हो पाई है। थानाध्यक्ष रामश्रय यादव ने बताया कि रूपवलिया गांव निवासी इजहारूल हुसैन को गिरफ्तार किया गया है और उसे जेल भी भेजा गया है। उसके। विरुद्ध शिकारपुर थाने में उत्पाद अधीनियम के तहत मामला दर्ज है। आतंकी कनेक्शन के सवाल पर पुलिस ने कुछ भी बताने से इंकार किया है और की बात बता रहे है।

## स्पीड न्यूज

### सात साल की बच्ची से गैंगरेप के बाद हत्या

**खगड़िया ।** एक ओर देशभर में आज भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य बाल दिवस मनाया जा रहा है, तो वहीं दूसरी ओर बिहार से मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। खगड़िया जिले में सात साल की मासूम बच्ची के साथ कथित तौर पर गैंगरेप के बाद गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना मंगलवार सुबह पसराहा थाना क्षेत्र के नवटोलिया गांव में की है। गांव में भारी तनाव है और ग्रामीण दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की हैं। एक दिन पहले भी बेगूसराय जिले में आठ साल की छात्रा की रेप के बाद गला दबाकर हत्या कर दी गई थी।

### पेट्रोल बम मामले की जांच एनआइए करेगी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 25 अक्टूबर को चेन्नई में राजभवन के सामने मोलोटोव कॉकटेल (पेट्रोल बम) फेंकने के मामले की जांच करेगी। सूत्रों के मुताबिक एनआईए ने जांच शुरू करने से पहले मामला दर्ज करने की प्रक्रिया पूरी कर ली है । कथित तौर पर एक अकेले संदिग्ध करुक्काविनोथ ने राजभवन के सामने दो मोलोटोव कॉकटेल फेंके, जिससे पुलिस बैरिकेड को नुकसान पहुंचा । घटनास्थल के पास ड्यूटी पर मौजूद चेन्नई पुलिस ने इस संदिग्ध को काबू कर गिरफ्तार कर लिया।

### मुजफ्फरनगर में ट्रक से टकरायी कार, 6 की मौत

**मुजफ्फरनगर ।** उत्तर प्रदेश में मुजफ्फरनगर जिले के छपार क्षेत्र में मंगलवार सुबह ट्रक की चपेट में आने से कार सवार छह लोगों की मौत हो गयी। आज सुबह करीब चार बजे दिल्ली से हरिद्वार जा रही कार अनियंत्रित हो ट्रक में जा घुसी। इस हादसे मे कार सवार सभी 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की शिनाख्त शिवम पुत्र योगेन्द्र त्यागी, पार्श पुत्र दीपक शर्मा, कुनाल पुत्र नवीन शर्मा, धीरज, विशाल व एक अन्य युवक के रूप मे हुई है।

### गंगोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र के चारधामों के रूप में प्रसिद्ध मंदिरों में से एक गंगोत्री धाम के कपाट मंगलवार को अन्नकूट पर्व पर श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए गए। सर्दियों में छह माह मंदिर के बंद रहने के दौरान श्रद्धालु मां गंगा की पूजा अर्चना उनके शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा गांव में कर सकेंगे ।

### ओबेरॉय समूह के चेयरमैन पृथ्वी राज सिंह का निधन



**नयी दिल्ली।** ओबेरॉय समूह के चेयरमैन पृथ्वी राज सिंह ओबेरॉय का मंगलवार को निधन हो गया। वह 94 वर्ष के थे। पृथ्वी राज सिंह ओबेरॉय को भारतीय आतिथ्य के पुरोधा के रूप में पहचाना जाता है। वह अपने पीछे एक समृद्ध विरासत छोड़ गए हैं। ओबेरॉय को पर्यटन और आतिथ्य के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए पद्म विभूषण सहित कई बड़े पुरस्कारों से नवाजा गया।असाधारण नेतृत्व और दूरदर्शिता के लिए उन्हें इंटरनेशनल लक्जरी ट्रैवल मार्केट में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से भी दिया गया।

## खबर एक नजर में

### पति ने प्रेमी के साथ मंदिर में करायी पत्नी की शादी

**बेगूसराय (हि.स.)।** प्यार में ना जाति, ना धर्म, ना ही खुबसूरती और ना ही सात जन्मों का बंधन देखा जाता है। कुछ ऐसी ही अजब प्रेम की गजब कहानी मंगलवार को भगवानपुर में देखने को मिला। जहां एक विवाहित महिला ने अपने दो बच्चों सहित पति को छोड़ कर प्रेमी संग शादी रचा ली। जानकारी के अनुसार प्रेमी अपने विवाहिता प्रेमिका से मिलने के लिए बीती रात उसके ससुराल दहिया गांव आया था। प्रेमिका से रात के अंधेरे में मिलने के दौरान प्रेमी के घर वालों ने देख लिया एवं उसी समय पकड़ कर पूछताछ भी किया गया। पूछताछ में उसने अपना घर मंसूरचक थाना क्षेत्र के तेमुहां गांव बताया। इसके बाद उसके परिजनों को भी बुलाया गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इसके बाद प्रेमिका के पति ने प्रेमी के स्वजनों, ग्रामीणों, स्थानीय सरपंच राम सागर सहनी, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि प्रवीण शेखर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रखंड मुख्यालय स्थित शिव मंदिर में भगवान शिव और पार्वती के समक्ष दोनों का विवाह करवा दिया। प्रेमी ने बताया कि उक्त विवाहिता से शादी से पूर्व से ही प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस शादी को देखने के लिए मंदिर परिसर में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रेम प्रसंग के नशे में उक्त विवाहित महिला ने पुत्र मोह भी त्याग दिया। उसने अपने दो छोटे पुत्र को पति के पास छोड़ कर प्रेमी के साथ खुशी-खुशी नई शादी रचाकर विदा हो गई।

### ब्राउन शुगर और नशीली दवाओं के साथ नाबालिग सहित नेपाली नागरिक गिरफ्तार

**अररिया (हि.स.)।** भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में ड्रग्स माफिया नाबालिग बच्चों का इस्तेमाल अपने कारोबार में करने लगे हैं।इतना ही नहीं कारोबार में अबोध नाबालिग बच्चे नशे के आगोश में भी जा रहे हैं।इसका खुलासा मंगलवार को तब हुआ जब भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र के जोगबनी टिकुलिया के नेपाल भाग दरहयिया मे मंगलवार को जोगबनी के एक 12 वर्षीय नवयुवक व एक नेपाली नागरिक की गिरफ्तारी ब्राउन शुगर और नशीली दवाओं के साथ की गई। नेपाल नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार जोगबनी के टिकुलिया से पैदल नेपाल प्रवेश कर रहे विराटनगर महानगरपालिका वार्ड संख्या 4 के 28 वर्षीय आशीष कुमार भगत और जोगबनी के 12 वर्षीय बालक को 4.60ग्राम ब्राउन सुगर,नशीली दवाई के खेप तथा 12 हजार रुपए नगद के साथ गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार दोनों को इलाका पुलिस कार्यालय रानी के सुपुर्द कर आगे का अनुसंधान किया जा रहा है।

### पिकअप वैन ने पुलिस गश्ती गाड़ी में मारी टक्कर, तीन सिपाही जख्मी

**पूर्वी चंपारण।** जिले के चकिया थाना क्षेत्र के केसरिया रोड के शीतलपुर मेला चौक के पास लापरवाह पिकअप चालक ने पुलिस के गश्ती गाड़ी में पीछे से ठोकर मार दिया। जिससे गाड़ी में सवार दो महिला और एक पुरुष सिपाही समेत तीन घायल हो गये। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची 112 की टीम घायल पुलिसकर्मियो को अस्पताल पहुंचाया,वही पिकअप और उसके चालक को पकड़ कर थाने ले गई।जिससे पूछताछ की जा रही है।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चकिया थाना की गश्ती गाड़ी पीएसआई असलम अंसारी के साथ तीन सिपाही सुमन कुमारी,किरण कुमारी और गृहरक्षक बिहारी राय को लेकर गश्ती पर निकला था।इसी बीच तेज रफ्तार से आ रही सब्जी लदे एक पिकअप ने गाड़ी में पीछे से ठोकर मार दिया।जिससे गश्ती गाड़ी में पीछे बैठे होम गार्ड बिहारी राय, सिपाही सुमन कुमारी और किरण कुमारी जख्मी हो गए। जबकि पुलिस की गश्ती गाड़ी का पीछे का शीशा टूट गया।घायल सिपाहियो को हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहा उपचार के बाद उन्हे घर भेज दिया गया। इस सम्बन्ध में इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि गश्ती की गाड़ी को पिकअप ने ठोकर मार दिया। जिसने तीन सिपाही घायल हो गए सभी को चकिया अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सभी का इलाज कराया गया। वही पिकअप को जप्त कर ड्राइवर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### छठ घाटों का सांसद ने किया निरीक्षण, व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने का दिया निर्देश

**पूर्णिया।** सांसद संतोष कुशवाहा ने मंगलवार को शहरी क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया और छठ के मद्देनजर चल रही प्रशासनिक तैयारी का जायजा लिया।उन्होंने जिला प्रशासन और नगर निगम के कर्मियों को कई आवश्यक निर्देश भी दिए। सांसद ने मौके पर कहा कि आस्था के महापर्व पर व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई नही हो इसके लिए हरसंभव प्रयास जारी है।स्थानीय प्रशासन और नगर निगम की तैयारी बेहतर चल रही है और जो कमियां है उसे ससमय पूरा करने का निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिया है। सांसद सबसे पहले पक्की तालाब पहुंचे जहां उन्होंने सुरक्षा के लिहाज से तालाब की गहराई के अनुसार बेरेकेटिंग कराने का निर्देश दिया।साथ ही साफ -सफाई और रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था करने को कहा।उन्हें बताया गया कि यहां पार्किंग सुविधा रहेगी और ड्राप गेट भी बनाया जा रहा है।इसके अलावा एसडीआरएफ की टीम भी घाट पर तैनात रहेगी।सांसद ने बलधिमा घाट चूनापुर का निरीक्षण किया।पूजा कमिटी के अध्यक्ष बिनोद यादव आग्रह पर उन्होंने विद्युत अधीक्षण अभियंता को वहां बिजली खंभा लगवाने को कहा और इस घाट का भविष्य में पक्कीकरण कराने का भी आश्वासन दिया। पूर्णिया सिटी काली मंदिर घाट के निरीक्षण के दौरान सांसद ने पाया कि दोनों हाई मास्ट लाइट बन्द पड़ा है। उन्होंने नगर निगम से उसे दुरुस्त कराने को कहा।इसके अलावा उन्होंने यहां पार्किंग की मुकम्मल व्यवस्था करने को कहा।सांसद ने छठ पोखर ततमा टोली,बेलौरी घाट ,दमका चौक घाट आदि का भी निरीक्षण किया। दमका चौक घाट में पानी कम रहने से माननीय सांसद ने कार्यपालक अभियंता सिंचाई विभाग नहर प्रमंडल बथनाहा अररिया से दूरभाष पर वार्ता कर पानी देने को कहा।

# सास की हत्या के मामले में दामाद समेत तीन ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** दूसरी शादी करने के बाद दामाद को ससुराल समझाने गई 55 साल की मोमिन बीबी की दामाद और सौतन के घरवालों ने पिटाई करने के बाद गला दबाकर हत्या करने के आरोपी न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। आरोपियों ने पुलिस के बढ़ते दबाव की वजह से मंगलवार की दोपहर हत्या में शामिल नईम अंसारी,उसके चचिया ससुर करामत मियां व दूसरी पत्नी चुनकी खातून ने अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। अदालत ने दोनों अभियुक्त को जेल भेज दिया। आधार कार्ड और प्राथमिकी में नाम में अंतर होने की वजह से महिला को पुलिस

### आधार कार्ड में नाम में अंतर होने पर आरोपी महिला को पुलिस ने लिया हिरासत में

के सौंप दिया। बीते मंगलवार को जिले के शिकारीपाड़ा के शिवतल्ला गांव में पिछले मंगलवार को घटी। पुलिस ने हत्याकांड में दामाद नईम अंसारी,करामत मियां, जियाउल अंसारी, चुनकी खातून, सोनाभन बीबी,पुसिया अंसारी व रिजाउल अंसारी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई थी। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। दरअसल दोपहर एक बजे के करीब नईम अंसारी, उसकी पत्नी चुनकी



खातून व चचिया ससुर करामत मियां अदालत में आत्मसमर्पण करने के लिए अदालत पहुंचे। तीनों अदालत में पेश भी हुए। अदालत ने जब नाम का सत्यापन किया तो दो आरोपी का नाम सही निकला, लेकिन चुनकी का नाम दर्ज प्राथमिकी और आधार कार्ड में अंतर था। आत्मसमर्पण की खबर मिलने के बाद शिकारीपाड़ा के इंस्पेक्टर वकार हुसैन कोर्ट पहुंचे और महिला को हिरासत में लिया।

### क्या है पूरा मामला

मृतका के बेटे नौशाद ने बताया कि उसकी बहन की शादी शिवतल्ला गांव के नईम अंसारी के साथ हुई थी। चार बच्चे होने के बाद भी जीजा ने गांव की एक दूसरी महिला चुनकी से निकाह कर लिया। निकाह करने के बाद बहन को अनाज के लिए तरसाने लगा। सात नवंबर को बहन ने मां को फोन कर बताया कि घर में अनाज नहीं है। बच्चे भूखे हैं। पति भी अनाज नहीं देता है। यह बात सुनने के बाद वह मां के साथ जीजा को समझाने के लिए गया। समझाने के क्रम में उसकी जीजा से धक्का मुक्की हो गई। इसके बाद जीजा ने फोन कर दूसरी पत्नी के घरवालों को बुला लिया। उन लोगों ने घर आते ही उसकी और मां की जमकर पिटाई की। नईम ने उसकी मां का गला दबा दिया। जिससे वह बेहोश हो गई। गांव वालों की मदद से मां को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के क्रम में मां की मौत हो गई।